
इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, भीमताल में तितलियों का अनोखा संग्रह व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -219, पृष्ठ -16+4, मूल्यः - 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर, रविवार, 31 मार्च 2024


**आज का मौसम**

36.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान

आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी।

सूर्योदय 06 : 01
सूर्यास्त 18 : 25





फिल्म खेल-खेल में लीड रोल में नजर आएंगी तापसी-वाणी...15


अमृत विचार

**लोक दर्पण**

इस बार के रविवारीय संस्करण' में भीमताल में तितलियों का अनोखा संग्रह।





सुल्ताना डाकू : जिससे कांपते थे अंग्रेज भी।


पढ़ें विशेष...


## पांच तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान

**लखनऊ।** पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले छह दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 25 से 35 किलोमीटर की रफ्तार से चलने वाले हवाओं से तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंचने के आसार हैं।

### मुख्तार की फरार पत्नी अफसां और जेल में बंद बेटा अब्बास नहीं हो सके जनाजे में शामिल, गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान के आसपास भारी संख्या में तैनात थे पुलिसकर्मी

# कड़ी सुरक्षा और भारी भीड़ के बीच मुख्तार सुपुर्द-ए-खाक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार के शव को शनिवार सुबह 11 बजे सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया। गाजीपुर स्थिति मुहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार की कब्र पिता सुभानउल्ला अंसारी व मां बेगम राबिया खातून के पास है। इसी बीच मुख्तार की मौत की जांच भी तेज हो गई है। शनिवार को ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी अंकुर अग्रवाल ने जेल का निरीक्षण किया।

गुरुवार रात मुख्तार की बांदा मेडिकल कालेज में हुई मौत के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव देर रात दो बजे मुहम्मदाबाद पहुंचा। बिहार के बाहुबली शहाबुद्दीन का बेटा ओसामा भी जनाजे में शामिल हुआ। जनाजे से पहले बेटे उमर ने मुख्तार की मूंछों को आखिरी बार ताव दिया।

कब्रिस्तान के आसपास 3 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात थे। परिवार के अलावा किसी को कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसको लेकर गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी और मुख्तार के भाई सांसद अफजाल अंसारी के बीच तीखी बहस भी हुई। मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी, पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी, मुहम्मदाबाद विधायक भतीजे सुहेब अंसारी, बेटा उमर सहित सभी ने मुख्तार को अंतिम विदाई दी। मुख्तार की फरार पत्नी अफसां और कासगंज जेल में बंद अब्बास नहीं आ सका।

बांदा में मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर अलग-अलग न्यायिक और मजिस्ट्रेट जांच शुरू कर दी गई है। शनिवार को बांदा जिला जज डा. बब्बू सारंग, डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल और एडीजे की निगरानी में जांच टीम मंडल कारागार में पहुंची। टीम ने बैरक नंबर 16 की जांच की, जिसमें मुख्तार था। टीम ने 45 मिनट तक हर पहलू की पड़ताल की और सीसीटीवी कैमरों को परखा।



गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के अंतिम संस्कार के दौरान जमा हुए लोग। ● एजेंसी

### कैमरों की फुटेज सील

**लखनऊ।** मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक और मजिस्ट्रेट जांच से पहले बैरक और निगरानी में लगे सीसीटीवी के फुटेज सील कर दिए गए हैं। मुख्तार को कौन-कौन सी बीमारियां थीं, कब-कहां और किससे इलाज कराया गया, कौन-कौन सी दवाएं चल रही थीं, इसकी रिपोर्ट जेल प्रशासन तैयार कर रहा है।

### आरोपों की जांच होनी चाहिए : अजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने मुख्तार की मौत पर कहा कि आरोपों की जांच होनी चाहिए। मुख्तार की मौत के दो दिन बाद चुप्पी तोड़ते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने हमारे साथ न्याय किया था। इसके लिए न्यायपालिका का आभारी रहूंगा। मौत के बाद किसी पर टिप्पणी करना ठीक नहीं है। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया के बीच मौत को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जांच होनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के ही बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### मायोकॉर्डियक इफ्राक्शन मौत की वजह, विसरा सुरक्षित

**लखनऊ।** मुख्तार की मौत के बाद उठे सवालों के बीच शनिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई। इसमें मौत की वजह मायोकॉर्डियल इंफ्राक्शन बताई गई है। चिकित्सीय भाषा में इसे मायोकार्डियल रोधगलन (एमआई) कहते हैं जिसे दिल का दौरा कहा जाता है। धमनियों के एक हिस्से में रक्त प्रवाह में कमी या समाप्ति से मृत्यु हो सकती है। स्लो-पॉयजन देने के मद्देनजर विसरा सुरक्षित रखा गया है।

# नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत मिला भारत रत्न

## कर्पूरी ठाकुर और स्वामीनाथन के परिजनों को राष्ट्रपति ने दिया सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' मरणोपरांत प्रदान किया। राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन को दिए पुरस्कार उनके परिजनों ने लिए। नरसिम्हा राव का सम्मान उनके पुत्र पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने पुरस्कार ग्रहण किया।

समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आदि उपस्थित रहे। सरकार ने इसके अलावा पूर्व उप प्रधानमंत्री एलके आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा की थी। बहुभाषाविद्, राजनेता और विद्वान, पीवी नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्री रहने के दौरान देश में आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई थी। वह 1991 से 1996 तक दक्षिणी राज्य से देश के पहले प्रधानमंत्री थे। चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई 1979 और 14 जनवरी 1980 के बीच प्रधानमंत्री रहे। कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा। उन्होंने 1971 में अनाज उत्पादन में देश को आत्म-निर्भर घोषित किया। 'जननायक' के रूप में मशहूर ठाकुर पहले गैर-कांग्रेसी नेता थे जो दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारत रत्न प्राप्त करते पीवी प्रभाकर राव, जयंत चौधरी, रामनाथ ठाकुर और नित्याराव। ● एजेंसी

### ये किसानों, पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों, कृषि वैज्ञानिक और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को भारत रत्न से सम्मानित करना मोदी सरकार की किसानों, दलितों और पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि देश की चार प्रमुख हस्तियों को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित करना किसानों, दलितों और पिछड़े लोगों के प्रति नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महान हस्तियों को सम्मानित करने के फैसले के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

### प्रधानमंत्री ने सम्मानित हस्तियों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और चौधरी चरण सिंह सहित अन्य दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, कर्पूरी ठाकुर ने जीवन सामाजिक न्याय को समर्पित किया। चौधरी चरण सिंह ने ग्रामीण विकास में योगदान दिया। नरसिम्हा राव ने आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाया और डॉ. स्वामीनाथन के कृषि विज्ञान के क्षेत्र में अद्भुत कार्य किए।

## लोकसभा चुनावः भाजपा की आठवीं सूची जारी, सनी देओल की जगह दिनेश लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपने उम्मीदवारों की आठवीं सूची को जारी कर दिया है। पंजाब की छह, पश्चिम बंगाल की दो और ओडिशा की तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। वहीं पंजाब की गुरदासपुर सीट से सांसद और अभिनेता सनी देओल की जगह दिनेश सिंह चुनाव लड़ेगे। भाजपा ने शनिवार को जिन 11 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की, उसमें भर्तृहरि महताब, रवनीत सिंह बिट्टू, सुशील कुमार रिंकू और परनीत कौर के नाम हैं। ये सभी अलग-अलग दलों से भाजपा में शामिल हुए थे। सभी को उन्हीं सीटों से मैदान में उतारा गया है, जिनका वे मौजूदा समय में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू अमृतसर से तो हंसराज हंस फरीदकोट से चुनावी मैदान में है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू लुधियाना, पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर पटियाला और सुनील कुमार सिंह रिंकू जालंधर से चुनाव लड़ने की तैयारी करेंगे।

# दरोगा ने सांसद की भतीजी की पिटाई कर कपड़े फाड़े, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सदर विधायक, नगर पालिका चेयरमैन कोतवाली में धरने पर बैठे, हंगामा
- आरोपी दरोगा की पत्नी-बेटी पर भी रिपोर्ट दर्ज, नारकोटिक्स सेल का प्रभारी है दरोगा

**अमृत विचारः** दरोगा ने पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी से छेड़छाड़, अभद्रता कर कपड़े फाड़ दिए। रिवॉल्वर दिखाकर धमकाया भी। सदर विधायक योगेश वर्मा और पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने देर रात तक कोतवाली में हंगामा किया और धरने पर बैठ गए। आरोपी दरोगा, उसकी पत्नी व बेटी के विरुद्ध मामला दर्ज कर दरोगा को निलंबित कर दिया गया।

नारकोटिक्स सेल में तैनात दरोगा अभय मिश्रा शहर में पत्नी और बेटी संग रहता है। उसकी पत्नी भी सब इंस्पेक्टर हैं और सदर कोतवाली में हैं। मकान मालिक की पत्नी के अनुसार वह पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी हैं। रात कुछ लोग उनके यहां होली मिलने आए थे। दरोगा अभय मिश्रा नशे में धुत होकर आ गए और पति व उनके साथियों से गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर दरोगा ने उनका दुपट्टा खींच लिया और कपड़े फाड़े और मारपीट की। इसी बीच दरोगा की पत्नी व बेटी आ गई। उन्होंने भी मारपीट की।

> आरोपी दरोगा की मेडिकल रिपोर्ट में अल्कोहल की पुष्टि हुई है। पीड़ित महिला को आई चोटों का भी मेडिकल परीक्षण कराया गया है। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी। – **गणेश प्रसाद साहा**, एसपी

# दिल्ली के मंत्री गहलोत ईडी के सामने हुए पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

**आबकारी नीति मामला**

- नजफगढ़ से आप विधायक हैं दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री

दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता कैलाश गहलोत आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नजफगढ़ से आप विधायक गहलोत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। कैलाश गहलोत को सुबह साढ़े 11 बजे मध्य दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया।

सूत्रों ने कहा कि गहलोत पूछताछ के लिए उपस्थित होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। उनसे नीति के निर्माण के संबंध में पूछताछ हो सकती है, क्योंकि वह 2021-22 के लिए शराब नीति की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन के समूह का हिस्सा थे।

# जल बोर्ड से जुड़े धन शोधन मामले में आरोप पत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी का नाम शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन की जांच के सिलसिले में अपना पहला आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने 28 मार्च को दिल्ली में विशेष पीएमएलए (धनशोधन रोकथाम कानून) अदालत में 8,000 पृष्ठों की अभियोजन शिकायत दर्ज कराई, जिसमें अनुलग्नकों के अलावा 140 पृष्ठ शामिल हैं। अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के लिए एक अप्रैल की तारीख तय की है। आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी का नाम है, जो क्रमशः डीजेबी के पूर्व मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डी के मित्तल, तेजिंदर सिंह और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि डीजेबी द्वारा दिए गए ठेके में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी आप को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 36 करोड़ रुपये से अधिक मूल्यांकन का पारिश्रमिक शुल्क विभाग को होगा चुकाना
- 3.1 करोड़ कॉपियां निधारित अवधि 31 मार्च से पहले ही हो गईं चेक

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन निर्धारित समय 31 मार्च से पहले शनिवार को ही समाप्त हो गया। 16 मार्च से शुरू हुई मूल्यांकन प्रक्रिया 30 मार्च तक चली। जिसमें 3.1 करोड़ कॉपियों को चेक किया गया। इसके साथ ही मूल्यांकन कार्य में लगे 1.50 लाख से अधिक शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि पहली बार 12 कार्य दिवसों में यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन समाप्त हुआ है। इससे पहले इतने कम समय में कॉपियां कभी नहीं चेक हुई है। उन्होने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नकलविहीन परीक्षा और सुचितापूर्ण मूल्यांकन तीनों प्रक्रिया में शिक्षकों का अहम योगदान है।



### 36 करोड़ से अधिक का करना होगा भुगतान

यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा होने के बाद अब विभाग को शिक्षकों को 36 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा। मौजूदा व्यवस्था में दसवीं में प्रत्येक कॉपी का 11 रुपये और इंटरमीडिएट में प्रति कॉपी का 13 रुपये मूल्यांकन का पारिश्रमिक शुल्क भुगतान विभाग को भुगतान करना होगा।

### सोमवार से शुरू होगी आगे की प्रक्रिया

मूल्यांकन समाप्ति के बाद अब सोमवार को बोर्ड परीक्षा के परिणाम को लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। परीक्षा परिणाम में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो पाए इसको विशेष ध्यान में रखते हुए परिणाम की घोषणा की जायेगी। संभवत: अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में परिणाम जारी हो जायेगा।




## एक नजर

### राजमिस्त्री ने फांसी लगाई

**कानपुर।** दलनपुर, नौबस्ता निवासी राजमिस्त्री कौशल किशोर राजपूत (42) ने शुक्रवार शाम पांच बजे कमरे का दरवाजा बंद कर साड़ी का फंदा बना कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह पत्नी सोनी, मां राजरानी व भाई श्याम के साथ रहता था। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता सके।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर जान दी

**कानपुर।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में पुरानी बस्ती धोबिन पुलिया निवासी संतोष यादव (51) ने शुक्रवार रात कमरे में पंखे से गमछा का फंदा लगा कर जान दे दी। सुबह पत्नी ज्योति ने शव लटकता देखा। हनुमंत विहार पुलिस ने बताया कि परिजनों के मुताबिक संतोष शराब के लती थे व कुछ दिनों से अवसादग्रस्त थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कानपुर।** नौकरी लगने की बात कह कर घर से निकले युवक की गुजैनी क्रॉसिंग पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। दबौली निवासी प्रदीप सिंह ने बताया कि उसके बड़े भाई संदीप सिंह (41) बेरोजगार थे। शनिवार सुबह करीब छह बजे संदीप दादा नगर स्थित फैक्ट्री में नौकरी लगने की बात कह कर साइकिल से घर से निकला था।

# लेदर क्लस्टर के लिए ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा देगा प्रशासन

**○ कंपनी ने जल्द कब्जा देने का आग्रह किया है ○ दाखिल-खारिज हो रहा है**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



“भूमि पर कब्जा देने के लिए प्रशासन से आग्रह किया है। अब मंडलायुक्त स्तर से कंपनी के नाम ग्राम समाज की भूमि की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। इसमें देरी लग सकती है। इसलिए भौतिक कब्जा लेकर जरूरी प्रक्रिया पूरी कराने की कोशिश कर रहे हैं।

– अशरफ रिजवान, निदेशक मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट यूपी लि.

**अमृत विचार।** मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट यूपी लिमिटेड ने मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना के लिए प्रशासन से अविलंब 35 हेक्टेयर भूमि पर भौतिक कब्जा देने के लिए आग्रह किया है ताकि वहां पर विकास कार्य के साथ ही वाणिज्य मंत्रालय से वित्तीय अनुदान लेने के लिए प्रक्रिया को पूरा किया जा सके। कंपनी के निदेशक ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि भूमि का मालिकाना हक राजस्व अभिलेखों में भले ही बाद में कंपनी के नाम किया जाए फिलहाल उन्हें कब्जा दे दिया जाए ताकि उन्हें मंत्रालय में प्रक्रिया पूरी करने में देरी न हो।

कंपनी के नाम ग्राम समाज की 42.02 हेक्टेयर भूमि आठ साल पहले ही कर दी गई थी। 22 हेक्टेयर भूमि कंपनी ने किसानों से खरीद लिया था। 35.238 हेक्टेयर भूमि ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की है जिसके बदले में कंपनी ने सपई, मनोह समेत तीन गांवों में उतनी ही मालिकियत की भूमि प्रशासन को उपलब्ध करा दी है। भूमि प्रशासन के नाम रजिस्ट्री हो चुकी है अब दाखिल खारिज के लिए तहसीलदार न्यायालय में जरूरी प्रक्रिया की जा रही है। कंपनी वैसे तो चुनाव से पहले ही भूमि अपने नाम कराना चाहती थी लेकिन आचार संहिता लग जाने के कारण यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। अब कंपनी के निदेशक अशरफ रिजवान ने डीएम राकेश सिंह को लिखे पत्र में कहा है कि राजस्व अभिलेखों में भले ही कंपनी के नाम ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की भूमि आचार संहिता खत्म होने के बाद की जाए लेकिन भौतिक कब्जा दे दिया जाए ताकि कंपनी मंत्रालय और शासन में जरूरी प्रक्रिया को पूरी करके अनुदान की स्वीकृति करा सके।

बता दें कि 125 करोड़ वाणिज्य मंत्रालय जलापूर्ति, सीवेज, ड्रेनेज, हार्टीकल्चर, सड़क, चहारदीवारी, स्ट्रीट लाइट, इंटरनल वाटर सप्लाई, इंटरनल स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज, आईटी एंड टेली कम्यूनिकेशन, प्रशासनिक भवन, डिजाइन लैब, टेस्टिंग लैब, वैल्यू एडीशन सेंटर, हॉस्टल आदि के निर्माण पर आवंटित होना है तो नमामि गंगे मिशन से 200 करोड़ रुपये कामन इफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट के लिए मिलना है। 50 करोड़ रुपये कामन फैसिलिटी सेंटर के लिए राज्य सरकार से मिलना है।


## शिकायत करने पर भूमाफिया ने की मारपीट, रिपोर्ट

**कानपुर।** डीएम से शिकायत करने की खुन्नस में हिस्ट्रीशीटर भूमाफिया ने परिजनों के साथ मिलकर छोटे भाई की पत्नी व भतीजी की घर में घुस कर डंडों से पिटाई कर दी। पीड़िता ने नौ आरोपियों के खिलाफ बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

बर्रा गांव निवासी गीता यादव ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब आठ बजे पति विनेश कुमार यादव मेहरबान सिंह का पुरवा स्थित चट्टे गए हुए थे। इसी दौरान बर्रा थाने की पुलिस आई और लेबर व उनके बेटे अंशु यादव को पकड़ कर ले गई। कुछ देर बाद बर्रा थाने के हिस्ट्रीशीटर व भूमाफिया जेठ विष्णु कुमार यादव उर्फ पंगू यादव, देवर सुरेश, उमेश, दिनेश भतीजा शिवा, वंश और मधु, सीमा व अरुणा आई और गाली गलौज करने लगी। विरोध करने पर गीता व उनकी बेटी रागिनी की डंडों से पिटाई कर दी। गीता के मुताबिक कुछ समय पहले पति ने बड़े भाई पंगू के खिलाफ डीएम से शिकायत की थी। जिसके बाद से आरोपी उनके परिवार से खुन्नस रखता है।

# चार हजार छात्रों के खाते में धनराशि जाना शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




● आरटीई के तहत प्रवेश लिए बच्चों को मिली धनराशि

**अमृत विचार।** जिले के लगभग 4 हजार बच्चों के खातों में आरटीई योजना के तहत धनराशि पहुंचना शुरू हो गई है। धनराशि सीधे उनके खातों में पहुंच रही है। आरटीई के तहत बच्चों के प्रवेश लेने वाले स्कूलों को भी बजट जारी कर दिया गया है।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों और बच्चों के खातों में बजट जारी करना शुरू हो गया है। पिछले सत्र में प्रवेश पाए हुए छात्र-छात्राओं के खातों में पांच हजार रुपये जा रहे हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि निजी स्कूलों और बच्चों के खातों में सीधे धन जारी किया जा रहा है।

**पहली लॉटरी की प्रक्रिया जारी**

आरटीई के तहत मौजूदा सत्र में 26 फरवरी को जारी लॉटरी की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। निजी स्कूलों की ओर से विभाग की ओर से जारी पत्रों के आधार पर प्रवेश लिए जा रहे हैं। विभाग की ओर से खंड शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई गई है जो निजी स्कूलों की प्रवेश प्रक्रिया पर नजर रखे हुए है ताकि कोई गड़बड़ी न हो पाए।

### 1 से शुरू होगा सत्यापन

- आरटीई के तहत दूसरे चरणों के आवेदनों की जांच 1 से 7 अप्रैल तक होगी। दूसरे चरण की लॉटरी 8 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसके बाद प्रवेश के लिए 17 अप्रैल तिथि निर्धारित की गई है। दूसरे चरण में आवेदन करने वाले ऐसे भी अभिभावक शामिल हैं जो पहले चरण की लॉटरी से बाहर हो गए थे।

# अप्रैल से रिंग रोड पैकेज तीन का काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● चार पैकेजों में बंटा है काम, पहले व चौथे में निर्माण कार्य जारी



**अमृत विचार।** शहरवासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए शहर के आउटर साइड से बनाई जा रही रिंग रोड परियोजना में तीसरे पैकेज का निर्माण कार्य अप्रैल माह के अंत तक शुरू हो जाएगा। 613 करोड़ की लागत से तैयार होने पैकेज तीन (रमईपुर से आटा) तक के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य लगभग 70 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। वहीं पैकेज एक व चार के निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

बताते चले कि 7800 करोड़ की लागत से कानपुर नगर, देहात व उन्नाव के बाहरी इलाकों से होते हुए 93.20 किलोमीटर लंबी रिंग रोड तैयार की जा रही है। 23.325 किमी लंबी पैकेज एक मंधना से सचेंडी 1754 करोड़ व 1604 करोड़ की लागत से 24.559 किलोमीटर लंबे पैकेज चार मंधना से रमईपुर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। 23 किलोमीटर लंबे पैकेज एक के निर्माण में समतलीकरण का कार्य लगभग पूरा होने के बाद आरओबी व पुलियों के सबस्ट्रक्चर का काम शुरू होने के साथ ही लगभग 10 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

वहीं पैकेज चार में भूमि समतलीकरण व मिट्टी भराई का कार्य किया जा रहा है। इन दोनों पैकेजों का टेंडर राज कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। वहीं ऋषिकेश की हिलेवज कंपनी को दिया गया 19.235 किलोमीटर लंबे पैकेज तीन का निर्माण कार्य अप्रैल माह के अंत में शुरू हो जाएगा। एनएचएआई इंजीनियर नीरज कुमार के मुताबिक 613 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले इस पैकेज में भूमि अधिग्रहण की धनराशि भी समाहित है।

पैकेज तीन में अधिग्रहण का कार्य लगभग 60 फीसदी तक पूरा हो चुका है। एनएचएआई अधिकारी अप्रैल माह के अंत तक 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। इसके साथ ही निर्माण कार्य भी शुरू कराया जाएगा।

### 60 लाख क्यूबिक घन मिट्टी का हो रहा उपयोग

- पहले पैकेज के 23.05 किलोमीटर के हिस्से में 60 लाख क्यूबिक घन मीटर मिट्टी से रिंग रोड सर्विस लेन से ऊंची की जा रही है। साथ ही फ्लाईओवर निर्माण के लिए रिंग रोड सड़क से 17 मीटर की ऊंचाई पर होगी। वहीं पैकेज एक में नौ स्थानों पर तैयार होने वाले आरओबी के लिए नौ-नौ मीटर की ऊंचाई तक मिट्टी भराई का कार्य किया जा रहा है।

## रंगदारी न देने पर युवक को पीटा सात पर रिपोर्ट

**कानपुर।** कोहना थानाक्षेत्र में घर के बगल में निर्माण कराने पर दबंगों ने युवक से एक लाख रुपये रंगदारी मांगी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोहना के रामेश्वर मंदिर मछुआ नगर पुराना कानपुर निवासी गोलू कुमार गौड़ ने पुलिस को बताया कि वह घर के बगल की जगह में साफ-सफाई करा रहा था। 14 मार्च को राम विकास, राम लखन उर्फ सोनू उर्फ अंडा, अनूप जायसवाल व राजीव गौड़ उर्फ रुद्रा आए और एक लाख रुपये रंगदारी मांगी। कहा कि बिना पैसे दिए घर नहीं बनने देंगे। 28 मार्च को रात लगभग 10 बजे घर के बाहर आरोपियों ने उसे पीटा। उसकी आंख में पत्थर मार दिया। मां और बहन से अभद्रता की। इस संबंध में कोहना थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# बैराज के मुख्य मार्ग पर सड़क धंसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



वीएसएसडी कालेज के पीछे धंसी सड़क। अमृत विचार

● कई बाइक सवार हुए जख्मी कारें भी फंसतीं

**अमृत विचार।** वीएसएसडी कालेज के पीछे कई दिनों से सड़क धंसी है मगर जिम्मेदारों को इसकी फिक्र नहीं है। यह तब है जब इस रोड से 24 घंटे दो और चार पहिया वाहन निकलते रहते हैं। अब तक आधा दर्जन से अधिक बाइक सवार गिरकर चुटहिल हो चुके हैं। कई कारों का पहिया इस गड्ढे में फंस चुका है। लगातार हादसे होने के कारण लोगों ने गड्ढे के चारों तरफ पत्थर लगा दिए हैं।

गंगा बैराज के रास्ते शहर आने वाले और उन्नाव, लखनऊ जाने वाले लोग इसी रास्ते से निकलते हैं। इसके साथ ही आजादनगर, चिड़ियाघर, लल्लनपुरवा, ज्योरा, विष्णुपुरी, पुराना कानपुर, मछुआनगर के क्षेत्रीय लोग इसी रोड से आवागमन करते हैं। यह रोड 24 घंटे व्यस्त रहती है। वीएसएसडी कालेज के पीछे सड़क धंसने से हादसे हो रहे हैं। सबसे ज्यादा खतरा गंगा बैराज की तरफ से आने वाले लोगों के लिए हैं क्योंकि वीएसएसडी कालेज गेट के सामने पहुंचते ही मोड़ आता है।

मोड़ पर ऊंची बाउंड्री के कारण गड्ढा नहीं दिखाई देता है। इसे लोग अंधा मोड़ भी कहते हैं। गड्ढा करीब दो फिट दायरे में फैला और काफी गहरा है। जिससे बाइक सवार अचानक उसमें गिर जाते हैं। वहीं मोड़ होने के कारण कई कारों का पहिया फंस चुका है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पार्षद व अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## मुठभेड़ में घायल गांजा तस्कर भेजा गया जेल

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में पुलिस से हुई मुठभेड़ में घायल गांजा तस्कर राजा रब्बानी को पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

जाजमऊ के बुढ़िया घाट में 14 मार्च को सत्यापन के लिए गांजा तस्कर राजा रब्बानी के घर गई पुलिस टीम पर आरोपी राजा रब्बानी समेत उसके परिवारीजनों और साथियों ने हमला कर दिया था। जिस पर दरोगा समेत तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। राजा रब्बानी फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी की मां, पत्नी और बहन समेत पड़ोसी को जेल भेजा था। पुलिस की ओर से उस पर पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। शुक्रवार देर रात पुलिस ने प्योंदी गांव के पास मुठभेड़ में राजा रब्बानी को घायल करके पकड़ लिया था। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया है।

## आपकी सहायता के लिए मित्र पुलिस नहीं है...




जहां एक ओर प्रदेश में पुलिस हाई अलर्ट मोड पर है, रात-दिन गश्त के दावे हो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर शहर में पुलिस की कार्यशैली पर संदेह व प्रश्न चिन्ह लगा रही बाबूपुरवा थाने की बंद बगाही पुलिस चौकी। जहां लगा है ताला। अगर कोई फरियादी या पीड़ित व्यक्ति मदद के लिए पुलिस चौकी पर मित्र पुलिस के पास आए तो पुलिस कमिश्नर साहब ये बताएं कि आपकी मित्र पुलिस कहां मिलेगी जो पब्लिक की मदद कर सके।

– मनोज तिवारी

# छात्रा ने विवि पर लगाया दबाव डालने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● कहा कि तहरीर वापस लेने का बना रहे दबाव




**अमृत विचार।** विश्वविद्यालय में हुए प्रदर्शन के बाद शनिवार को छात्रा ने तीसरा वीडिया जारी कर विश्वविद्यालय प्रशासन पर कई आरोप लगाए हैं। छात्रा ने विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों पर घर आकर तहरीर को वापस लेने के लिए दबाव बनाने की बात कही है। छात्रा ने आंदोलन के दौरान उसके साथ की गई अभद्रता की बात को भी दोहराया है। अमृत विचार जारी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

वीडियो में छात्रा ने खुद को विश्वविद्यालय की बीबीए की छात्रा बताया है। नकाब पहने छात्रा ने वीडियो में कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से उस पर लगातार प्रोफेसरों के खिलाफ कल्याणपुर थाने मे दी गई तहरीर को वापस लिए जाने का दबाव बनाया जा रहा है। छात्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर उसके घर आए थे और तहरीर वापस लेने को कहा।

### घर पर नोटिस गया तो पता गलत कैसे?

- प्रदर्शन में शामिल छात्रों पर लगाए गए विवि के आरोपो को निलंबित छात्र अभिजीत राय ने गलत बताया है। छात्र ने कहा कि उसने कुछ महीने पहले भी विश्वविद्यालय के गेट पर धरना दिया था। उस वक्त विश्वविद्यालय की ओर से उसके घर पर नोटिस गया था। अगर पता गलत है तो नोटिस कैसे पहुंच गया। छात्रों की ओर से गलत पता दिए जाने की बात सरासर गलत है। छात्र ने विश्वविद्यालय पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

## दावा- प्रदर्शन में शामिल छात्रों का पता है गलत

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विवि में कुछ दिन पूर्व हुए प्रदर्शन पर जांच कमेटी ने नया खुलासा किया है कि कमेटी की प्रथमदृष्टया जांच में प्रदर्शन में शामिल छात्रों के घरों के पते को फर्जी पाया है। कमेटी का दावा है कि विवि के रिकॉर्ड में छात्रों की ओर से दिए गए नंबरों में छात्रों ने अपने अभिभावकों की जगह पर अपने मित्रों के मोबाइल नंबर डाले हैं। हालांकि कमेटी ने ऐसे किसी छात्र का नाम बताने से इंकार कर दिया।

विवि में छात्रवृत्ति की मांग पर हुए प्रदर्शन की जांच के लिए बनाई गई कमेटी के अनुसार आरोपी छात्र-छात्राओं ने विवि के रिकार्ड में अपने घर का पता और मोबाइल नंबर फर्जी अंकित किया हुआ है। किसी ने घर का पता गलत दिया है, तो किसी ने स्वयं का या दोस्तों को मोबाइल नंबर लिखा है। इन नंबरों पर कॉल करते हैं तो संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है।

# बाइक सवार ने बच्चे को मारी टक्कर, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हंसपुरम में घर के बाहर साइकिल चला रहे बच्चे (12) को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। राहगीरों के एकत्रित होने पर बाइक सवार घायल को निजी अस्पताल में भर्ती करा कर फरार हो गया। परिजनों ने उसे हैलट में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मछरिया निवासी फेरी लगाने वाले शेरयाल ने बताया कि 28 मार्च को उनका बेटा मो.कैफ घर के पास साइकिल चला रहा था तभी तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। बाइक सवार घायल कैफ को निजी अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गया।

अस्पताल कर्मियों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने कैफ को हैलट में भर्ती कराया, जहां शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा यूपी बोर्ड का वर्ष 2017 हाईस्कूल अनुक्रमांक 1892111 तथा इन्टरमीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1480009 व बीओबी पाससबुक खाता– 36368100002117 वास्तव मे खो गया है। **अखिलेश कुमार वर्मा पुत्र महेन्द्र कुमार वर्मा, निवासी– ग्राम– मनिकापुर परासिन, विकवाजितपुर सुलतानपुर यूपी।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की यूपी माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद वर्ष 2021 में अम्बिका संस्कृत उच्चतर माध्यमिक महाविद्यालय हनुमानगंज अठेहा जिला प्रतापगढ़ से उत्तीर्ण पूर्व माध्यमा द्वितीय वर्ष का मूल प्रमाणपत्र (सार्टिफिकेट) जिसका अनुक्रमांक 21224697 है वह कही खो गया है। **–प्रिंस तिवारी पुत्र संजय कुमार तिवारी, निवासी– ग्राम– महानन्दपुर , पोस्ट– परशदेपुर, तहसील– सलोन, जिला– रायबरेली**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **गया प्रसाद पुत्र स्व0 राम आसरे, निवासी– गजवरियन खेडा कल्ली पश्चिम, थाना– एस0जी0पी0जी0आई0, तहसील– सरोजनीनगर जिला लखनऊ** मेरी पुत्री शिवानी उम्र लगभग 18 वर्ष ने अपनी मर्जी से सुरेन्द्र पुत्र अयोध्या निवासी– गजवरियन खेडा कल्ली पश्चिम, थाना– एस0जी0पी0जी0आई0, तहसील– सरोजनीनगर जिला लखनऊ से विवाह कर लिया है। उसके इस कृत्य से क्षुब्ध होकर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े पुत्र शशांक मिश्र व उसकी पत्नी किरन मिश्रा का चाल चलन व आचरण गलत है एवं विगत कई वर्षो से मेरा उसके परिवार से किसी प्रकार का सरोकार नहीं है, शशांक व उसकी पत्नी किरन से परेशान होकर दोनों को अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। **सर्वेश्वर मिश्र पुत्र भानु उदय मिश्र, निवासी– बभनान जमुनहा, शुगर मिल गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम उमेश दास सुत्त स्व0 भगवानदास, निवासी– ग्राम व पो0 व थाना – बारापट्टी, जिला– गया, बिहार ,** मेरे पुत्र क्षितिज तेजस्वी की जन्मतिथि विद्यालय में त्रुटिवश 10–02–2012 दर्ज हो गयी है जो गलत है जबकि सही जन्मतिथि– 10–02–2014 ई. है। अत: मेरे पुत्र की गलत जन्मतिथि को सही कर 10.02.2014 अंकित किया जाय है।

**हेल्थ अपडेट** | घुटना प्रत्यारोपण से पहले व बाद में जीवनशैली पर पड़े असर पर होगा शोध

# रोगी की शारीरिक, मानसिक स्थिति भी देखेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** शरीर में किसी प्रकार की चोट लगने, घुटना प्रत्यारोपण, फ्रेक्चर, गठिया आदि का सीधा असर व्यक्ति के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। बेड पर रहने पर मोटापा, शुगर व बीपी की भी समस्या मरीजों को घेर लेती है और फिर उसे पूरे जीवन परेशानियों से जूझना पड़ता है। हड्डी के मरीजों पर यह समस्याएं किसी वजह से हावी होती हैं, इस संबंध में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के आर्थो विभाग के डॉक्टर शोध कर उसका उपाय खोजेंगे।

कई मरीजों में घुटना प्रत्यारोपण के बाद शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में समस्या हो जाती है। मरीजों का अधिकतर समय बेड पर ही व्यतित होने लगता है, जिससे मोटापा, शुगर व हाई ब्लड प्रेशर आदि बीमारी भी मरीज को घेर लेती हैं। तब मरीज अधिक तनावपूर्ण जीवन जीता है और इसका असर उसके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज के आर्थोपेडिक विभाग ने शोध करने की तैयारी की है, जिसमें घुटना प्रत्यारोपण के पहले व बाद की सभी स्थितियों का पूर्ण रूप से आकलन कर आ रही जटिलताओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

● मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर करेंगे रिसर्च

### शोध को मिल गई है मंजूरी

- मेडिकल कालेज में आर्थोपेडिक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार के मुताबिक घुटना प्रत्यारोपण के पहले और बाद शारीरिक, मानसिक व सामाजिक स्थिति का आकलन किया जाएगा। इसके लिए कुछ मरीजों पर शोध किए जाएंगे, जिसकी अनुमति मेडिकल कालेज की एथिक्स कमेटी ने दे दी है। शोध पूरा होने के बाद रिपोर्ट प्राचार्य प्रो. संजय काला को दी जाएगी।

# भाजपा पार्षद पर हमले में आठ पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नेहरू नगर में भाजपा पार्षद और उसके साथियों पर जानलेवा हमले के मामले में नजीराबाद पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तीन को हिरासत में लिया है।

नेहरू नगर निवासी मुकेश गौतम ने बताया कि शुक्रवार देर रात वह अपने मित्र भाजपा पार्षद पवन गुप्ता, मुकेश मिश्रा, आशीष सविता और मयंक गुप्ता के साथ अंध विद्यालय के पास प्रापर्टी डीलर अजय यादव से मिलने उनके कार्यालय गए थे। इस दौरान क्षेत्र में रहने वाले मनीष ठाकुर, अंशु ठाकुर, आदित्य ठाकुर, प्रिंस और टेनी ठाकुर समेत नौ लोग घुस आए और लाठी, डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। पार्षद पवन गुप्ता ने बीच बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन्हें भी जमकर पीटा और चेन तोड़कर भाग निकले।

नजीराबाद थाना प्रभारी कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद समेत आठ आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

**आज का मौसम**
तापमान में बढ़ोतरी की संभावना। तेज धूप रहेगी।

| 35.8° अधिकतम तापमान | 21.4° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 06 : 01 | सूर्यास्त 06 : 25 |

**रमजान मुबारक**

| इफ्तार (रविवार) | सहरी (सोमवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06 :25 | सुन्नी-04 :44 |
| शिया-06 :38 | शिया-04 :29 |

**नोट :** रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज

- **मैच :** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय व रेलवे प्रयागराज मंडल के बीच ग्रीनपार्क में मैत्री क्रिकेट मैच सुबह आठ बजे।
- **ज्ञापन :** कलक्टरगंज गल्लामंडी में कॉमर्शियल कांप्लेक्स बनाने के विरोध में विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन 11 बजे।
- **समारोह :** प्रजापति महासभा द्वारा बर्रा बाईपास दिव्यांशी गार्डन में होली मिलन समारोह तीन बजे।
- **मिलन :** एनआईटीए द्वारा नवाबगंज स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म स्कूल में होली मिलन चार बजे।
- **होली मिलन :** लालबंगला जायसवाल कमला पैलेस और मेस्टन रोड अग्रसेन स्मृति भवन में होली मिलन पांच बजे।
- **विमोचन :** मारवाडी समाज द्वारा मर्चेंट चेंबर में मारवाडी पंचांग का विमोचन कार्यक्रम शाम पांच बजे।

### पुलिस कमिश्नर ने की पूजा-अर्चना

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने गंगा मेला के उपलक्ष्य में सरसैया घाट पर लगने वाले मेले में पहुंचकर पूजा पाठ किया। स्टीमर पर बैठकर सरसैया घाट से लेकर बाबा आनंदेश्वर मन्दिर तक घाटों का निरीक्षण किया। अपर पुलिस उपायुक्त लखन यादव, सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज महेश कुमार, फ्लड बल मौजूद रहे।

## एक नजर

### गाली-गलौज के विरोध पर महिला से मारपीट

**कानपुर।** गाली गलौज का विरोध करने पर पड़ोसी युवक ने पत्नी व नौकरानी के साथ मिलकर महिला के साथ मारपीट की। पुलिस कमिश्नर से शिकायत के बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। गुजैनी थानाक्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि 17 मार्च को पड़ोसी सुधीर अग्रवाल की नौकरानी रश्मि से विवाद हो गया। रश्मि गाली बकने लगी और विरोध पर सुधीर और उनकी पत्नी संध्या ने उनके साथ मारपीट की। गुजैनी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। थाना प्रभारी विनय कुमार तिवारी ने बताया कि जांच की जा रही है।

### फलदार पौधे के बताए लाभ

**कानपुर।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि की शोध छात्रा ने शनिवार को महिलाओं को गमलों में फलदार पौधे लगाए जाने के लिए जागरूक किया। फल विज्ञान विभाग में शोधरत छात्रा अनुशी ने बताया कि बड़े गमलों व खाली जगहों में फलों को उगाना सेहत के लिए लाभप्रद है। अब फलों की ऐसी प्रजातियां आ गई हैं जो आसानी से गमलों में उगाई जा सकती हैं। आम, अमरुद, शहतूत आदि के पौधों का रोपण कर सकते हैं।



गंगा मेला पर बिरहाना रोड पर होली खेलते युवा। अमृत विचार



रोक के बाद भी युवाओं ने बैराज पर गंगा में मस्ती की। पुलिस ने नहीं रोका। अमृत विचार

# रंगों का ठेला, होरियारों का रेला, गंगा मेला अलबेला

## हटिया रज्जन बाबू पार्क से निकला ठेला, ऊंट, भैंसे और ट्रैक्टर चले, सतरंगी नजर आए होरियारे, धूम से मनाया गया गंगा मेला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इतिहास को समेटे गंगा मेला में शनिवार को होरियारे रंगों से सराबोर होकर सतरंगी नजर आए। अबीर-गुलाल के साथ पिचकारी लेकर निकले युवाओं ने शहर की सड़कों पर घूम-घूमकर धूमधाम से पर्व मनाया। हटिया के रज्जनबाबू पार्क से रंग ठेला निकलते ही अबीर-गुलाल और रंगों की बौछार से माहौल रंगीन हो गया। लोगों ने एक दूसरे के गले लगकर होली की बधाई दी। सड़कों से निकली होरियारों की टोली पर छतों पर खड़े बच्चों ने रंग भरे गुब्बारे, महिलाओं ने रंग व गुलाल फेंका। चौराहों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने दम दिखाया।

हटिया स्थित रज्जन बाबू पार्क से शनिवार सुबह करीब दस बजे परंपरागत रंगों का ठेला निकला जो जनरलगंज, नौघड़ा, बिरहाना रोड से होते हुए प्रमुख मार्ग से गुजरा। रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे, आज ब्रज में होली रे रसिया, 'आया होली का त्योहार लाया रंगों की बहार, आदि गीतों पर युवा और किशोर बैंडबाजे की धुन पर नाचते व झूमते निकले। इस बीच छतों से रंगों व गुलाल की बौछार ने माहौल रंगीन कर दिया।

स्टाल लगाए व्यापारी संगठनों, नेताओं व युवाओं ने होरियारों का जोश बढ़ाया। हटिया होली महोत्सव कमेटी के ज्ञानेंद्र विश्नोई, विनय सिंह समेत हजारों लोगों की भीड़ रंग ठेला के साथ चल रही थी। रंग ठेला भैंसा, घोड़ा, ऊंट खींच रहे थे। वहीं ट्रैक्टर-ट्राली पर रंग के ड्रम रखे थे।

मनीराम बगिया, टोपी बाजार, कोतवाली चौराहा, शिवाला तिराहा, बिरहाना रोड मूलगंज, बिरहाना रोड, हालसी रोड, बादशाहीनका, नयागंज, नौघड़ा में जमकर होली हुई। जगह-जगह ढोल और साउंड सिस्टम पर गीतों पर युवा जमकर झूमे।

**कई जगह ठेला रोककर किया डांस:** रंग ठेला जिस मार्ग से निकाला उस मोहल्ले के लोग शामिल हुए और जमकर रंग भी खेला। कई मोहल्लों में क्षेत्रीय लोगों ने ठेला रोककर साथ चल रहे लोगों का स्वागत किया और जमकर डांस करने के बाद ठेला आगे के लिए रवाना किया। कई जगह युवा तो सड़कों पर पड़ी अबीर व गुलाल में लोट गए। रंग ठेला बिरहाना रोड, फीलखाना होते हुए रज्जन बाबू पार्क पहुंचकर समाप्त हुआ।



बिराहाना रोड पर होरियारों पर रंग बरसाया गया। अमृत विचार

- छतों से होरियारों पर रंग उड़ेला बच्चों ने गुब्बारे भर-भर मारे

### होरियारों की रिहाई के बाद जश्न की परंपरा है

1942 में प्रतिबंध के बावजूद होली खेलने के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोगों की रिहाई का जश्न मनाने के लिए कानपुर में गंगा मेला की परंपरा शुरू हुई थी। इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए शनिवार को हटिया होली मेला महोत्सव कमेटी की ओर से रज्जन बाबू पार्क से रंग ठेला निकाला गया। ऊंट, घोड़ा और भैंसा ठेला पर करीब 100 से अधिक रंगों के ड्रम रखे थे। कई जगह रंग ठेला पर छतों से फूलों की वर्षा भी की गई।

### लगा बाल मेला

रज्जनबाबू बाबू पार्क में रंग ठेला लौटने के बाद बाल मेला लगता है। जहां बच्चों के लिए झूला, तरह-तरह के पकवान के ठेले लगते हैं। बच्चों ने शनिवार को मेले में जमकर मस्ती की।



हटिया से निकला रंगों का ठेला। अमृत विचार



मटकी फोड़ने में जुटा गोविंदा। अमृत विचार



रंग लगाने को लेकर भिड़े युवक। अमृत विचार

### मटकी फोड़ में भगदड़ दो गुटों में मारपीट

बिरहाना रोड पर रंग खेलने के लिए हजारों लोग मौजूद थे। इस दौरान दो गुटों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। पहले दोनों गुटों ने एक दूसरे के कपड़े फाड़े। इसके बाद दोनों में गालीगलौज शुरू हो गई। दोनों गुटों में लात घूंसों चलना शुरू हो गए। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने दोनों गुटों को शांत कराया।

### पुलिस ने किया झंडारोहण

होलिका दहन के बाद पड़ने वाले अनुराधा नक्षत्र में ऐतिहासिक गंगा मेला मनाया जाता है। शनिवार सुबह 10 बजे गंगा मेला का रंग ठेला निकला उससे पहले हटिया स्थित रज्जनबाबू पार्क में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने झंडा रोहण किया। क्रांतिकारियों को पुष्पांजलि अर्पित की। तिरंगा फहराने के दौरान पुलिस बैंड ने राष्ट्रीय धुन बजाया और क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पुलिस कमिश्नर व अन्य अधिकारियों ने रंग ठेला को झंडी दिखाकर रवाना किया।

### गंगा मेला पर रही कड़ी सुरक्षा

**कानपुर।** गंगामेला कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न कराया गया। मेला शुरू होने से समापन तक वरिष्ठ और कनिष्ठ पुलिस अधिकारी अलर्ट मोड पर रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए आयोजन को चार सेक्टर में बांट दिया गया था। पुलिस के अलावा सीएपीएफ, पीएसी, क्यूआरटी व अन्य टीमों को लगाया गया था। पुलिस हटिया और बिरहाना रोड पर माइक से अफवाह न फैलाकर लोगों से सौहार्द बनाकर मेला मनाने की अपील करती रही। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, एडिशनल सीपी हरीश चन्दर, डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह फोर्स के साथ मेला स्थल व आसपास रूट मार्च करते रहे।

**सुविधा** | लोकमान्य तिलक पांच अप्रैल से 28 जून तक 13 फेरे लगाएगी

# सेंट्रल से होकर गुजरेंगी समर स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गर्मियों में लोग बच्चों के साथ बाहर घूमने जाते हैं। धार्मिक स्थलों की यात्रा और स्कूलों में छुट्टी होने पर अपने गांव व घर जाने का प्लान बनाते हैं। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए गर्मी स्पेशल ट्रेनों के संचालन करने का निर्णय लिया है।

ट्रेन नंबर 01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनल- गोरखपुर स्टेशन व 01124 गोरखपुर स्टेशन-लोकमान्य तिलक टर्मिनल तक चलेगी। लोकमान्य तिलक पांच अप्रैल शुक्रवार से 28 जून तक 13 फेरे लगाएगी। इसी तरह गोरखपुर से छह अप्रैल शनिवार से 29 जून तक 13 फेरे पूरा करेगी। यह ट्रेन लोकमान्य तिलक से चलकर ठाणे, इगतपुरी, खंडवा, भोपाल, उरई होते हुए सेंट्रल स्टेशन पहुंचेगी। यहां पांच मिनट ठहराव के बाद लखनऊ, बाराबंकी, गोड़ा होते हुए शनिवार को गोरखपुर पहुंचेगी। ट्रेन में एक एसएलआर, छह थर्ड एसी, आठ स्लीपर, दो सेकेंड एसी, एक एसएलआरडी व तीन सामान कोच सहित 21 कोच होंगे। यही रूट एक दिन बाद 01124 का भी होगा। इसी तरह ट्रेन नंबर 01431 व 01432 पुणे सुपरफास्ट का संचालन पुणे-गोरखपुर और गोरखपुर-पुणे होगा। पुणे सुपरफास्ट पुणे से पांच अप्रैल शुक्रवार से चलेगी जो 28 जून तक 13 फेरे लगाएगी। इसी तरह गोरखपुर से छह अप्रैल शनिवार से चलेगी जो 29 जून तक अपने फेरों की संख्या पूरी करेगी। 01431 पुणे-गोरखपुर पुणे से चलकर अहमदनगर, कोपरगांव, इटारसी, बीना, उरई से होकर सेंट्रल स्टेशन पहुंचेगी। जो लखनऊ, गोंडा, मनकापुर होते हुए शनिवार को गोरखपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में 16 स्लीपर, दो सेकेंड एसी, दो सामान कोच, दो एसएलआरडी समेत 22 कोच होंगे। इसी रूट पर ट्रेन 01432 गोरखपुर-पुणे का भी संचालन होगा।



### वाया गोविंदपुरी रवाना होंगी होली विशेष ट्रेनें

**कानपुर।** होली के बाद लोग अपने कार्यस्थल लौटने लगे हैं। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने होली विशेष ट्रेनों के अतिरिक्त फेरे निर्धारित किए हैं। ट्रेन नंबर 03243 व 03244 पटना-आनंद विहार टर्मिनल और आनंद विहार टर्मिनल से पटना संचालित होगी। यह पटना सुपरफास्ट होली एक्सप्रेस 03243 पटना से एक अप्रैल को चलेगी, जो एक फेरा लगाएगी। इसी तरह दो अप्रैल को 03244 आनंद विहार टर्मिनल से रवाना होगी। यह भी एक फेरा पूरा करेगी। यह दोनों ट्रेनें 22 कोच की है। गोविंदपुरी पर इनका ठहराव पांच मिनट का होगा।

# आज इस्कॉन में खेली जाएगी फूलों की होली, बदला रहेगा ट्रैफिक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** हर वर्ष की भांति मैनावती मार्ग पर स्थित इस्कॉन मंदिर में फूलों की होली इस बार 31 मार्च को खेली जाएगी। राधा-कृष्ण के साथ खेली जाने वाली इस होली में शहर भर से श्रद्धालु मंदिर में आते हैं। मंदिर में ठाकुर जी को छप्पन पकवानों का भोग लगाया जाएगा। साथ ही श्रद्धालु भक्तिमय माहौल में झूमते हुए फूलों की होली खेलेंगे। ट्रैफिक पुलिस ने मंदिर जाने वाले रास्ते में कुछ तब्दीली की है, जो 31 मार्च की दोपहर से रात 12 बजे लागू रहेगी।

### यह रहेगी यातायात व्यवस्था

- सिंहपुर चौराहा से इस्कॉन मंदिर की तरफ कोई भी भारी वाहन नहीं जा सकेगा। ऐसे वाहन सिंहपुर तिराहा से कल्याणपुर व यश कोठारी, गंगा बैराज, करबला चौराहा होते हुए जाएंगे।
- बनियापुरवा चौराहा से कोई भी वाहन इस्कॉन मंदिर की तरफ नहीं जा सकेगा, ऐसे वाहन यश कोठारी से सिंहपुर तिराहा से कल्याणपुर, गंगा बैराज, करबला चौराहा होते हुए जाएंगे।
- मैनावती मार्ग तिराहा से इस्कॉन मंदिर की तरफ कोई भी बड़ा वाहन नहीं जाएगा। ऐसे वाहन गुरुदेव चौराहा से कल्याणपुर होते हुए व करबला चौराहा, गंगा बैराज होते हुए जाएंगे।

### पार्किंग व्यवस्था

- मैनावती मार्ग की तरफ से आने वाले वाहनों की पार्किंग सीएनजी पंप के सामने प्रिस्टाइल लोंड्री के पास मैदान में होगी।
- सिंहपुर की तरफ से आने वाले वाहनों की पार्किंग इस्कॉन मंदिर गेट से पहले सिंहपुर रोड पर मैदान में होगी।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# यमुना, बेतवा नदी पुल देगा जाम से राहत

## दोनों नदियों पर निर्माणाधीन पुलों का 80 फीसद काम पूरा, शासन ने निर्माण कार्य तेज करने का आदेश दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर





कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर यमुना नदी पर बन रहा है पुल और तैयार की जा रही रैंप। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर- हमीरपुर हाईवे पर यमुना नदी पुल पर लगने वाले जाम से से निजात साल के अंत तक मिल जाएगी, क्योंकि यमुना और बेतवा नदी पर सेतु निगम हमीरपुर इकाई की ओर से बनाये जा रहे पुल बनकर तैयार हो जाएंगे। ये पुल हमीरपुर बाईपास के लिए बन रहे हैं। इनके बन जाने के बाद सजेती के रामपुर से हमीरपुर के लिए नया मार्ग मिल जाएगा। यह मार्ग राठ रोड में मिलेगा। इसके बाद तो जाम की समस्या का समाधान हो जाएगा। साथ ही अभी जाम में एंबुलेंस के फंसने की वजह से होने वाली मौतों पर भी लगाम लग जाएगा।

जाम व दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हमीरपुर शहर के दूसरे छोर पर बाईपास बनाए जाने की स्वीकृति शासन ने वर्ष 2019-20 में दी थी। 302 करोड़ की लागत से यमुना, बेतवा नदियों सहित रोहाइन नाला पर समानांतर पुलों का निर्माण

- सजेती के रामपुर से हमीरपुर के राठ रोड तक नया मार्ग

कार्यदायी संस्था सेतु निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा है। इन पुलों के नीचे व एप्रोच मार्ग पर मिट्टी भराई कार्य लोक निर्माण विभाग को कराना है। शासन ने इस कार्य को तेजी से करने के लिए कहा है ताकि निर्धारित अवधि तक निर्माण का कार्य पूरा हो जाए। हालांकि 1.3 किमी मिट्टी भराई का कार्य कराने में खनन विभाग सबसे बड़ी बाधा बना जिसने मिट्टी पुराई के लिए अनुमति देने में काफी देर की।

शासन ने कार्यदायी संस्था सेतु निगम को 302 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की थीं। पिछले कई साल से चल रहे निर्माण का 80 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। कार्यदायी संस्था को मार्च 2025 तक पुल तैयार करना है लेकिन जिस गति से काम हो रहा है उससे उम्मीद है कि पहले ही निर्माण पूरे हो जाएंगे। इसके बाद कानपुर से हमीरपुर आना जाना आसान हो जाएगा। अभी तो लगने वाला जाम आठ से 10 घंटे तक लोगों को परेशान करता है। जून 2016 में ओवरलोड ट्रकों के कारण यमुना पुल दरकने से एक माह तक कानपुर व लखनऊ का हमीरपुर से संपर्क टूट गया था। तत्कालीन डीएम संध्या तिवारी ने नए पुल बनाए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार कराया था। वर्ष 2017 में बेतवा, यमुना, रोहाइन नाला बाईपास परियोजना को हरी झंडी शासन से मिली थी। परियोजना के तहत जनपद कानपुर के सजेती स्थित रामपुर तिराहा के पास से यमुना व बेतवा नदी पर फोरलेन पुल बनाए जा रहे हैं। इसे सिटी फॉरेस्ट होते हुए बेतवा नदी पार कुछेछा कुछेछा गांव के पास एनएच-34 के किमी 67 से जोड़ा जा रहा है। दोनों नदियों में कुल 62 कोठियां बननी हैं। जिसमें बेतवा में 28 व यमुना में 34 कोठियां बनाई जानी हैं।

## मुकदमा वापस न लेने पर घर पर पथराव

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में कोयला नगर में मारपीट का मुकदमा वापस न लेने पर आरोपी पड़ोसी ने साथियों के साथ मिलकर पीड़िता के घर पर पथराव कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

कोयला नगर के शिवपुरम निवासी प्रीति अवस्थी ने पुलिस को बताया कि जुलाई 2023 में उनके पति वेद प्रकाश अवस्थी का पड़ोसी प्रमोद यादव से गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था। जिस पर प्रमोद ने पति के साथ मारपीट की थी। जिसके बाद उन्होंने चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया था। उसी को लेकर आरोपी उनके परिवार से खुन्नस रखने लगा। पीड़िता का आरोप है, कि 16 मार्च की रात को वे परिवार के साथ घर में सो रही थीं। तभी पड़ोसी प्रमोद यादव अपने किराएदार राहुल और रिषी समेत अन्य साथियों के साथ उनके घर के बाहर खड़े होकर पथराव करने लगे। जिससे प्रीति घायल हो गईं। विरोध करने पर आरोपी मुकदमा वापस न लेने पर जान से मार देने की धमकी देकर चले गए।

# आठ रोहिंग्या आए थे शहर चार की तलाश जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल स्टेशन से चार को एटीएस ने दबोचा था
- कस्टडी रिमांड पर लिया जा रहा चारों को

**अमृत विचार।** बुधवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन से चार रोहिंग्या शरणार्थियों को एटीएस ने गिरफ्तार किया था। एटीएस के सूत्रों ने बताया कि पकड़ी गईं तीन महिलाओं ने पूछताछ में बताया कि कानपुर में कुछ दिन पहले आठ रोहिंग्या आए थे, इनमें चार पकड़े गए, चार अभी फरार हैं। चारों गिरफ्तार शरणार्थियों को कस्टडी रिमांड पर लिया जा रहा है।

आईजी एटीएस नीलाब्जा चौधरी ने बताया था कि खुफिया एजेंसियों की सूचना पर ट्रेन से सिलचर से नई दिल्ली जा रहे चार रोहिंग्या को एटीएस ने सेंट्रल पर पकड़ लिया था। पूछताछ में उन लोगों ने अपना पता म्यांमार का बूटीडांग जिला और अपना नाम आमिर हमजा, मीना जहां, सकरा बेगम व ओनारा बेगम बताया था। असम में उन्होंने अपना फर्जी आधार कार्ड बनवाया था। एटीएस ने लखनऊ मुख्यालय में महिलाओं से पूछताछ की तो उन लोगों ने रोहिंग्या की संख्या आठ बताई। चार रोहिंग्या फरार हैं।

### पिछले वर्ष भी रोहिंग्या गिरफ्तार किए गए थे

छह मई 2023 को भी एटीएस ने झकरकटी बस अड्डे के पास से सुबीर, मोहम्मद जकारिया, म्यांमार निवासी मोहम्मद शोएब, नूर मुस्तफा, फारसा, सबकुर नाहर, नूर हबीब और रजिया को गिरफ्तार किया था। इनके पास से फर्जी आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड और आयुष्मान कार्ड मिले थे। इस वर्ष 31 जनवरी को एटीएस ने सेंट्रल स्टेशन से बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद राशिद अहमद को गिरफ्तार किया था। मूलरूप से बांग्लादेश के लक्ष्मीपुर चटगांव के मदारीपुर का रहने वाला राशिद वर्तमान में सहारनपुर के देवबंद स्थित दारुल उलूम के कमरा नंबर-10 अफ्रीकी मंजिल में रह रहा था। एटीएस ने इसके पास से भी फर्जी आधारकार्ड, दारुल उलूम देवबंद मदरसे का आईडी कार्ड और मोबाइल बरामद किया था।

# मीटर नंबर बदला, घर आकर बताएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक माह से बिल निकालने नहीं आए मीटर रीडर

**अमृत विचार।** आपका मीटर नंबर बदल गया है, जिस वजह से बिजली का बिल इस बार नहीं निकल पाया था। अब से 10 अंकों के इस नए नंबर से ही बिजली का बिल जमा होगा। यह जानकारी आपको जल्द ही केस्को के मीटर रीडर घर आकर देंगे। वहीं, उपभोक्ताओं को बदले हुए 10 अंकों के अकाउंट नंबर की जानकारी मैसेज के जरिए पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भी केस्को द्वारा भेजी जा रही है।

शहर में केस्को के करीब सात लाख उपभोक्ता हैं, जिनमें से 1.5 लाख उपभोक्ता के यहां प्रीपेड मीटर लगे हैं। केस्को में नया सर्वर व साफ्टवेयर लागू होने के बाद से उपभोक्ताओं को बिलिंग, बिल संशोधन, नया कनेक्शन, मीटर बदलना, नाम परिवर्तन, भार वृद्धि समेत अन्य कार्यों में दिक्कतें आ रही थीं। इस वजह से उपभोक्ताओं के घरों व दुकानों में लगे मीटर की बिल की पर्ची निकालने मीटर रीडर नहीं जा रहे थे। क्योंकि उपभोक्ताओं के कनेक्शन नंबर यानी मीटरों के नंबर बदले गए हैं। एक माह बीतने पर बिल की पर्ची पास नहीं होने पर कई उपभोक्ताओं को अब दो माह का बिल जमा करना होगा। वहीं, बिल की पर्ची निकालने के साथ ही मीटर रीडर अब घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को उनका कनेक्शन नंबर बदल जाने की भी जानकारी देंगे। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक मीटर रीडरों को उपभोक्ताओं के मीटर या फिर गेट के पास नया अकाउंट नंबर लिखने के लिए निर्देश दिए गए हैं। शहर में डेढ़ लाख से अधिक उपभोक्ताओं के बिल बन चुके हैं। बिल बनने के बाद उपभोक्ता कैश काउंटर पर जाकर जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन बिलिंग प्रणाली पूरी तरह से बेहतर काम कर रही है। किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। सिस्टम नया है, कुछ जगहों पर लॉगइन करने में थोड़ी दिक्कत हो रही थी, जो सही हो गई है।

बदहाल विकास





गंगा बैराज पर उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा बसाई जा रही ट्रांसगंगा सिटी में विकास तो तेजी से हो रहा है लेकिन दूसरी तरफ जो सुविधाएं पूर्व में विकसित हुईं वह बदहाल भी हो रही हैं। कहने के लिए यहां सुरक्षा गार्ड तैनात हैं लेकिन ये गार्ड लापरवाही कर रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि यहां चरवाहों ने पार्कों में बैठने के लिए बनाई गई कई बेंच को तोड़ दिया है तो पार्कों की चहारदीवारी को भी तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। ये दोनों फोटो इस बात की गवाह हैं कि अनदेखी से नुकसान हो रहा है। फोटो-आशु अरोड़ा

## संबंध न बनाने पर बंधक बना मारपीट

**कानपुर।** नौबस्ता निवासी विवाहिता ने पति और ससुरालीजन पर देह व्यापार कराने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ससुरालीजनों ने उस पर भी अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसे पीटा और करीब 20 दिनों तक कमरे में बंधक बना कर रखा। पीड़िता ने मायके पहुंच पति समेत छह लोगों के खिलाफ बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

बर्रा थाना क्षेत्र निवासी युवती की शादी चार साल पहले नौबस्ता निवासी युवक से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद उसे जानकारी हुई कि ससुरालीजन देह व्यापार में जैसे कार्यों में संलिप्त हैं। बताया कि विरोध करने पर पति ने उसकी कमरे में बंद कर पिटाई की और सास व ननद ने जलता चूल्हा उस पर फेंक कर जलाने का प्रयास किया। आरोप है कि पति समेत ससुरालीजन उसे भी देह व्यापार में संलिप्त होने का दबाव बनाते है। विरोध करने उसे बंद कर पिटाई की।

# फर्जीवाड़े में सभी दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भूमि संरक्षण विभाग मामले की तीन सदस्यीय कमेटी कर रही है जांच

**अमृत विचार।** बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने के नाम पर किए गए फर्जीवाड़े में संयुक्त कृषि निदेशक की सख्ती से विभागीय अफसरों में हड़कंप मचा है। मामले में तीन सदस्यीय कमेटी जांच कर रही है जिसमें प्रधानों और योजना प्रभारियों से पूछतांछ की जा रही है। मामले में निलंबित बाबू के साथ जिसकी भी भूमिका सामने आएगी, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बता दें बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने के नाम पर फर्जीवाड़ा करके 11 लाख रुपये का भुगतान कराया गया था। इस मामले में भुगतान करने वाले बाबू दिलीप पटेल को निलंबित किया गया और संयुक्त कृषि निदेशक आलोक तिवारी ने तीन सदस्यीय कमेटी को जांच के आदेश दिए हैं। मामला यह है कि भूमि संरक्षण विभाग में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत दो साल से जलागम विकास घटक परियोजना का संचालन हो रहा है। जिसमें गंगा के किनारे बसे गांवों की बंजर भूमि को उपजाऊ बनाया जाना है। इसके तहत विभाग मेड़बंदी, तालाब खोदाई और अन्य काम कराता है। योजना के तहत घाटमपुर ब्लाक की बावन ग्राम पंचायत में 750 हेक्टेयर और कोरियां गांव में 600 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की गई थी। बावन में 13 लाख और कोरियां में 28 लाख रुपये से काम कराने की परियोजना थी। शासन से जारी धनराशि में बाबू दिलीप पटेल ने बावन गांव में पांच लाख रुपये का भुगतान अपने करीबी के खाते में कर दिया था। इसी तरह कोरियां गांव में करीब पांच लाख रुपये का फर्जी काम दिखाकर भुगतान कर दिया था।

## अगले हफ्ते तक और बढ़ेगी गर्मी

**कानपुर।** 3 अप्रैल तक तेज गर्म हवाओं के चलने की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि रविवार से हवाएं मध्यम से तेज गति से चलेंगी। अधिकतम तापमान में बढोतरी संभव है। शनिवार को अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

रविवार को तेज धूप निकली। गर्मी से राहत के लिए घरों में पंखे व एसी चले। शाम को मौसम सुहाना हुआ। गंगा बैराज, मोतीझील, स्वरूप नगर व आर्य नगर में लोगों ने परिवार के साथ समय बिताया। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिकों ने तेज गर्मी की भविष्यवाणी की है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शनिवार का न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में तीन दिनों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। अगले पांच दिनों में तेज गर्मी पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बारिश व बूंदाबादी की संभावना से इनकार किया है।

# ऑनलाइन सीमेंट के नाम पर साढ़े तीन लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर थानाक्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच
- गूगल पर किया था नंबर सर्च ठग ने की बात, लगाया चूना

**अमृत विचार।** गूगल पर एसीसी सीमेंट कंपनी का नंबर सर्च करना आईआईटी के पूर्व सुप्रींटेन्डेट एकेडमी अधिकारी को मंहगा पड़ गया। गूगल पर सक्रिय साइबर ठगों ने उनसे साढ़े तीन लाख रुपये ठग लिए। ठगी का पता चलने पर उन्होंने कल्याणपुर थाने में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के आईआईटी सोसाइटी गोपालपुरम निवासी आशीष सरकार आईआईटी के पूर्व सुप्रींटेन्डेट एकेडमी अधिकारी थे। उन्होंने बताया कि उन्हें मकान निर्माण के लिए एसीसी सीमेंट खरीदना था। इसके लिए उन्होंने गूगल पर एसीसी सीमेंट कंपनी का नंबर सर्च किया तो उन्हें एक मोबाइल नंबर मिला। जो नंबर पर उन्होंने संपर्क किया तो उनकी सुधीर शर्मा नाम के व्यक्ति से बात हुई। जिसने खुद को एसीसी सीमेंट कंपनी का सेल्स मैनेजर बताया। उन्होंने सुधीर से सीमेंट खरीदने की बात कही तो उसने उन्होंने बताया कि सीमेंट की कीमत साढ़े तीन लाख रुपये बनी। इसके बाद उनकी सुधीर से रेट और अन्य चीजों को लेकर बात होती रही। कुछ दिन बाद सुधीर ने उन्हें सौदा पक्का होने पर साढ़े तीन लाख रुपये का चालान भेज दिया। सुधीर ने उनसे कहा कि सीमेंट की डिलीवरी ऑन लाइन भुगतान होने के बाद ही हो सकेगी। उन्होंने कंपनी आकर रुपये देने की बात कही तो सुधीर ने कहा कि आपने ऑनलाइन सौदा किया है, इसलिए पेमेंट भी ऑनलाइन ही होगी। इसके बाद सुधीर ने उसे एक खाता नम्बर दिया और उसमें भुगतान की राशि डालने की कही। आईआईटी के पूर्व अधिकारी ने बताया कि उसने सुधीर के बताए खाते में साढ़े तीन लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। रुपये डालने के बाद भी जब सीमेंट की डिलीवरी नहीं आई तो उन्हीने सुधीर के नंबर पर फोन मिलाया, लेकिन वह स्विच ऑफ हो चुका था। शक होने पर उन्होंने एसीसी सीमेंट कंपनी जाकर जानकारी की तो पता चला कि उनकी ब्रांच में सुधीर शर्मा नाम का सेल्स मैनेजर नहीं है। इस पर उन्होंने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में मामला दर्ज कराया है।

### गंगाघाटों पर बाइकर्स ने लोगों को किया परेशान

**कानपुर।** गंगामेला में रंग खेलने के बाद युवा सीधे मौजमस्ती करने के लिए गंगा नदी पहुंच गए। बाइकों को घाटों तक उतार कर ले गए। समतल जगहों पर स्टंटबाजी और रेसिंग लगाई गई। गंगाबैराज और अन्य स्थानों पर लोगों ने इन लोगों को फोटो खींची और वीडियो बनाए। किसी ने पुलिस को फोन कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने वहां पहुंचकर उन्हें खदेड़ा।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

हेल्थ अलर्ट

प्रारंभिक लक्षण पता नहीं चलने से होती मरीजों को बढ़ जाती दिक्कत

# डायबिटिक रोगियों को किडनी रोग का खतरा अधिक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** डायबिटीज कितनी खतरनाक बीमारी है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह शरीर के करीब सभी अंगों को प्रभावित कर सकती है। ब्लड शुगर लेवल कम न रहने पर यह शरीर के बाकी अंगों के साथ किडनी को भी प्रभावित कर सकती है। ऐसे में सबसे अधिक दिक्कत डायबिटिक रोगियों को होती है। इनमें किडनी फेल होने का खतरा अधिक रहता है।

हैलट अस्पताल के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में इलाज के लिए आने वाले 40 फीसदी मरीजों की जांच करने पर उनका बीपी बढ़ा निकलता है। इनमें से 10 फीसदी मरीजों में सीरम क्रेटेनिन बढ़ी मिलती है। शुरुआती लक्षणों का पता नहीं चलने पर लोग बीपी व ब्लड शुगर पर ध्यान नहीं देते।

- जांच में 10 फीसदी मरीजों का बढ़ा मिल रहा क्रेटेनिन

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के प्रो. एसके गौतम ने बताया कि डायबिटीज मेटाबॉलिज्म से जुड़ी एक समस्या है, जिसमें मरीज के ब्लड में ग्लूकोज लेवल बढ़ जाता है। डायबिटीज शरीर के अन्य अंगों के साथ किडनी को अधिक प्रभावित करती है। डायबिटीज से पीड़ित हर पांच में से एक मरीज किडनी संबंधित समस्या से ग्रस्त होता है। ग्लूकोज लेवल बढ़ने से शरीर के कई अंगों के साथ खासतौर से कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम और किडनी के खराब होने का खतरा सबसे अधिक होता है। किडनी के डैमेज होने की स्थिति को डायबिटीक नेफ्रोपैथी कहते है, जो एक तरह का क्रोनिक किडनी डिजीज है। हाई ब्लड प्रेशर और किडनी की समस्या से परेशान मरीजों को इसका ज्यादा खतरा होता है। नेफ्रोरोलॉजिस्ट डॉ.समीर गोविल ने बताया कि किडनी लाखों छोटे फिल्टरों से बनी होती है, जिन्हें नेफ्रॉन कहा जाता है। समय के साथ व डायबिटीज के कारण शुगर का बढ़ा स्तर इन नेफ्रॉन में रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है। इसलिए वह उतना अच्छा काम नहीं कर पाती, जितना करना चाहिए। कई डायबिटिक रोगियों में उच्च रक्तचाप भी विकसित हो जाता है, जिससे किडनी को भी नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा डायबिटीज की स्थिति ब्लड में क्रिएटिनिन बढ़ने का कारण भी बन सकती है। हाई क्रिएटिनिन लेवल के कारण भी किडनी को गंभीर क्षति हो सकती है। ओपीडी में प्रतिदिन ऐसे सात से आठ केस आते हैं।

### ऐसे करें बचाव

- रक्त शर्करा के स्तर को कंट्रोल रखें।
- एक वर्ष में कम से कम दो बार एवनसी जांच करवाएं।
- शुगर के साथ अपने कोलेस्ट्रॉल को भी कंट्रोल रखें।
- लो सोडियम वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें।
- आहार में फल और सब्जियों की मात्रा अधिक रखें।
- समय निकालकर व्यायाम या योग जरूर करें।

**40** फीसदी ओपीडी में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की जांच करने पर बीपी बढ़ा निकलता है

### शुगर को कंट्रोल रखना जरूरी

नेफ्रोरोलॉजिस्ट डॉ.समीर गोविल ने बताया कि शुगर लेवल को कंट्रोल में रखना बहुत जरूरी है। डायबिटीक मरीजों के लिए ये तो अति से अधिक आवश्यक है, क्योंकि बढ़े हुए शुगर के कारण न सिर्फ किडनी बल्कि हार्ट, आंखों और लिवर की भी दिक्कतें बढ़ सकती है। इसके जीवनशैली व आहार पर ध्यान देने की विशेष जरूरत है। क्योंकि क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) अक्सर धीरे-धीरे और कुछ लक्षणों के साथ विकसित होता है। बहुत से लोगों को तब तक इसका एहसास नहीं होता जब तक कि यह गंभीर न हो जाए। डायबिटिक मरीजों को नियमित रूप से किडनी की जांच जरूर करानी चाहिए।

## महिला सहकर्मी की अश्लील फोटो वायरल की

**कानपुर।** छेड़छाड़ की शिकायत करने पर अस्पताल की नौकरी से निकाले जाने से नाराज एंबुलेंस ड्राइवर ने महिलाकर्मी की फोटो से छेड़छाड़ कर अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी और रिश्तेदारों को भेज दी। पीड़िता ने गुजैनी थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

महिला ने बताया कि वह बर्रा स्थित हास्पिटल में काम करती है। हास्पिटल कर्मी फतेहपुर निवासी गजेंद्र शर्मा उसके साथ अक्सर छेड़छाड़ करता था। जिसकी शिकायत करने पर हास्पिटल संचालक ने उसे नौकरी से निकाल दिया था। इसकी खुन्नस में आरोपी गजेंद्र ने उसकी फोटो एडिट कर अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर पति व रिश्तेदारों को भी भेज दी। इस संबंध में गुजैनी थाना प्रभारी विनय कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


गले मिलते फजल महमूद और विधायक महेश त्रिवेदी।


सरसैया घाट के मेले में पहुंचे अकबरपुर के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार


मंत्री राकेश सचान और रामजी त्रिपाठी मिले।

## भोजपुरी और पूर्वांचल समाज को साधने की लगी रही होड़

- मेले में भोजपुरी समाज का कैंप आकर्षण का केंद्र रहा। कानपुर लोकसभा क्षेत्र में भोजपुरी और पूर्वांचल समाज का वोट अच्छा खासा है। प्रत्याशियों के लिए यह समाज राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। यही वजह रही कि ऐसे कैंपों पर गले मिलने को लेकर तीनों दलों के प्रत्याशियों का फोकस रहा।

## जातीय संगठनों के कैंपों की रही भरमार

- मेले में जातीय संगठनों जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, लोधी, कुशवाहा, विश्वकर्मा, भट्ट ब्राह्मण समाज के कैंप बहुतायत में दिखायी दिए। जिला प्रशासन और पुलिस के कैंप में जनता से नजदीकियों का दृश्य देखने वाला रहा। नगर निगम, जलकल का कैंप नागरिक सुविधाओं की बेहतर अलंबरदारी का प्रमाण दर्शा रहा था।


गंगा मेले में पहुंचे बसपा प्रत्याशी राजेश द्विवेदी। अमृत विचार

# चले सियासत के तीर, टूटे दलों के बंधन, उड़ा अबीर

## भाजपा, सपा-कांग्रेस और बसपा प्रत्याशी घूम-घूमकर सबसे गले लगकर मिलते रहे, विभिन्न कैंपों में रहा उल्लास का माहौल

गंगा मेला

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सरसैया घाट पर सजे ऐतिहासिक गंगा मेला में शनिवार शाम दलों के बंधन टूट गए। भाजपा, सपा-कांग्रेस और बसपा प्रत्याशी घूम-घूमकर सबसे गले मिलते रहे। भाजपा, कांग्रेस- सपा और बसपा नेता एक दूसरे के कैंपों में जाकर मस्ती और ठिठोली करते नजर आए। मेले में लगे स्वयंसेवी, सामाजिक, जातीय और क्षेत्रीय संगठनों के कैंपों में भी सांस्कृतिक विविधता के बीच सियासत के रंगों की छटा बिखरी रही।

लोकसभा चुनाव के चलते राजनीतिक माहौल की छाप सरसैया घाट पर लगे गंगा मेला में साफ दिखायी दी। चुनाव आचार संहिता का असर रहा कि राजनीतिक दलों ने कैंप तो लगाए पर अपने दल का नाम लिखने से परहेज किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी बोले, दल के नाम वाला बैनर लगाने की मनाही थी। मेले में भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी और सपा-कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा का पूरा फोकस जनसंपर्क पर दिखायी दिया। जहां एक ओर भाजपा व संघ परिवार के लोग सक्रिय दिखे तो कांग्रेस-सपा समर्थक भी लगातार घूमते नजर आए। भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, सांसद सत्यदेव पचौरी, उत्तर व दक्षिण जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, जगदीश तिवारी, पूनम कपूर, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, आरएसएस के अनिल ओक, प्रांत संघ चालक भवानी भीख तिवारी, अमरनाथ आदि विभिन्न कैंपों में लोगों से मिलते-जुलते दिखाई दिए। इसके साथ साथ सपा-कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा के साथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, सपा शहर अध्यक्ष फजल महमूद, पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा, नेकचंद्र पांडेय, सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी, मोहम्मद हसन रूमी अपने समर्थकों के साथ गले मिलते नजर आए। बसपा के कैंप में लोगों को गुलाल लगाकर, गले मिलकर बधाई दी गई। यहां मुख्य मंडल प्रभारी बीपी अंबेडकर, जिलाध्यक्ष राजकुमार कप्तान, जिला प्रभारी पंकज जगत, अकबरपुर लोकसभा के प्रत्याशी राजेश द्विवेदी, पूर्व प्रत्याशी देवीप्रसाद तिवारी, नगर लोकसभा प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष बबलू चौधरी, अरुण मिश्रा, रजनीश तिवारी, विधानसभा प्रभारी पन्नालाल जैसवार, हरिकिशन ब्रम्हा, रामआसरे कुरील, ओपी प्रजापति आदि मौजूद रहे।

समाजवादियों के साथ पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया की नेता नगरी सजी दिखायी दी। मैगसेसे अवार्डी संदीप पांडेय के सोशलिस्ट पार्टी (इंडिया) के कैंप में वामदल कार्यकर्ता सक्रिय रहे। दूसरी ओर वकीलों और मीडिया के कैंपों में भी खूब भीड़भाड़ रही।


गंगा मेला में कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा भाजपा उम्मीदवार रमेश अवस्थी ने खूब मस्ती की। अमृत विचार


अंटू मिश्रा, रघुनंदन भदौरिया और कल्लू यादव।

- चुनाव आचार संहिता के कारण राजनीतिक दलों ने कैंप में पार्टी के बैनर नहीं लगाए

### प्रत्याशियों ने एक-दूसरे से खेली होली

**कानपुर।** गंगा मेला में पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, लोकसभा प्रत्याशी भी मौजूद रहे। रंग ठेला निकलते ही भाजपा के प्रत्याशी रमेश अवस्थी व इंडिया गठबंधन के आलोक मिश्रा ने अबीर व गुलाल लगाकर होली खेली। एक दूसरे को गंगा मेला की बधाई दी। इस दौरान सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, एमएलसी सलिल विश्नोई, भाजपा, सपा, कांग्रेस के अनेकों वरिष्ठ नेताओं ने भी एक दूसरे को जमकर रंग व गुलाल लगाया। गले मिले। नेताओं ने होरियारों के बीच में पहुंचकर रंग खेला और गंगा मेला की बधाई दी। वहीं पुलिस अधिकारियों ने भी रंग खेलकर पर्व की बधाई दी।


राजाराम पाल, सतीश निगम और देवी तिवारी खिलखिलाए। अमृत विचार

# भाजपा ने चल दिया पसमांदा कार्ड

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा ने पसमांदा मुस्लिम कार्ड चल दिया है। लोकसभा चुनाव 2024 में मिशन -80 के लिए मुस्लिम बहुल सीटों पर मोदी सरकार की तीन तलाक के खात्मे और कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार करके वोट मांगे जा रहे हैं। इसी क्रम में अब मोदी मित्रों को सूचीबद्ध करके मुस्लिम वोटरों को भाजपा की तरफ मोड़ने की कोशिश तेज कर दी गई है। प्रदेश में मुस्लिम बहुल 13 लोकसभा क्षेत्रों में कानपुर भी शामिल है। यहां मुसलमानों का एक मुश्त वोट खेल बिगाड़ने या जिताने के लिए काफी है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सलीम अहमद ने बताया कि प्रत्येक मोदी मित्र को अपने-अपने क्षेत्र से कम से कम दस वोट जुटाने को कहा गया है। इस तरह एक क्षेत्र में सक्रिय पांच हजार मोदी मित्र 50 हजार वोट भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जुटा सकते हैं। किसी-किसी लोकसभा क्षेत्र में तो 10 हजार मोदी मित्र बनाए गए हैं। एक सर्वे में दावा किया गया है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को नौ फीसदी मुस्लिम वोट मिला था। दावा किया जाता है कि प्रदेश में पसमांदा मुस्लिम लाभार्थियों की संख्या हिंदू लाभार्थियों से ज्यादा है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता कहते हैं कि पार्टी ने मुस्लिम समाज के लिए कल्याणकारी योजनाएं दी हैं, जिनका लाभ मिल रहा है। उड़ान योजना मुस्लिम छात्र-छात्राओं को प्रतियोगता परीक्षा की तैयारी के लिए फ्री कोचिंग मुहैया कराती है। घर में रहकर मुस्लिम छात्रों को डेढ़ हजार रुपया दिया जाता है। बाहर पढ़ाई करने पर तीन हजार। शादी शगुन योजना में ग्रेजुएशन करने वाली छात्राओं को लाभ मिलता है। उस्ताद योजना में मुस्लिम कारीगरों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। ईदी योजना में पांच करोड़ मुस्लिम छात्र-छात्राओं को पीएम छात्रवृत्ति देने की योजना चल रही है। मोर्चा उपाध्यक्ष सलीम अहमद का कहना है कि यूपी में मुस्लिम वोटर लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ आ सकता है। मुस्लिम आबादी में 85 फीसदी पसमांदा मुस्लिम है। लोग मोदी मित्र बन रहे हैं। मोदी मित्र अभियान 2023 में 29 अप्रैल से शुरू किया गया था। इनकी सक्रियता यूपी के 13 समेत देश के उन 65 लोकसभा क्षेत्रों में अधिक है जहां पर मुस्लिम आबादी 30 फीसदी के करीब है।

- उत्तर प्रदेश में कानपुर समेत 13 लोकसभा सीटें हैं मुस्लिम आबादी बहुल



## आठ सीटों पर पर्यवेक्षक तैनात

**कानपुर।** पसमांदा मुस्लिम कार्ड पर फोकस करते हुए कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा ने अल्पसंख्यक मोर्चा के नेताओं की तैनाती कर दी है। इनका मुख्य कार्य लाभार्थी पसमांदा मुस्लिम वोटरों को सरकार के कल्याणकारी कार्यों की जानकारी देना है। मुस्लिम बिरादरी में पसमांदा बहुतायत में हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिन आठ पदाधिकारियों की तैनाती की गयी है, वे सभी कानपुर के हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जमीर सिद्दीकी को फर्रुखाबाद भेजा गया है पूर्व उपाध्यक्ष हबीब खान को इटावा मदरसा बोर्ड के सदस्य कमरअली कन्नौज, फैजान रिजवी, तरन्नुम नाज को कानपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष सलीम अहमद को अकबरपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अंचलजैन को जालौन, हफीज, मो.जावेद व समीर खान को झांसी तथा कमरुद्दीन को हमीरपुर दिया गया है।

# सपा को 1998 वाला प्रदर्शन दोहराने की चुनौती

विकास कुमार, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर लोकसभा सीट से तमाम कोशिशों के बावजूद एक बार भी समाजवादी पार्टी की साइकिल सफलता की सीढ़ी नहीं चढ़ पायी है। बीते ढाई दशक में सिर्फ 1998 में हुए चुनाव में समाजवादी पार्टी ने भाजपा को टक्कर दी थी, इसके बाद सपा हर चुनाव में तीसरे या चौथे पायदान पर ही पिछड़ती रही है। इस बार पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन के चलते चुनाव मैदान में नहीं है। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी को उम्मीद है कि सपा 1998 वाला प्रदर्शन दोहरा दे, तो वह भाजपा को आसानी से टक्कर देने में समर्थ हो जाएंगे।

समाजवादी पार्टी का गठन 1992 में मुलायम सिंह यादव ने किया था। गठन के बाद सपा ने 1996 में अपने पहले लोकसभा चुनाव में प्रदेश में 16 सीटों पर जीत दर्ज करते हुए 20.84 प्रतिशत वोटों पर कब्जा किया था।

इसके बाद 1998 में हुए लोकसभा चुनाव में सपा को 28.7 से अधिक मत और 20 सीटों पर सफलता मिली थी। बात कानपुर में पार्टी के प्रदर्शन की करें तो, इस चुनाव में सपा ने सुरेंद्र मोहन अग्रवाल को प्रत्याशी घोषित किया था, जो वर्तमान में राष्ट्रीय महासचिव हैं। सुरेंद्र मोहन की जीत के लिए समाजवादियों ने पूरा जोर लगाया, लेकिन वह चुनाव जीत नहीं सके थे। हालांकि इस चुनाव में सपा 1,99,987 मत पाकर दूसरे पायदान पर आ गई।

कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल 90 हजार से ज्यादा वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। भाजपा के जगतवीर सिंह द्रोण ने यह चुनाव 1,36,009 मतों से जीता था। 1999 में हुए चुनाव में सपा के श्याम लाल गुप्त को 40,690 मत ही मिले थे। 2004 में सपा ने हाजी मुश्ताक सोलंकी को अपना प्रत्याशी घोषित किया, जिन्होंने भाजपा व कांग्रेस की मुश्किल बढ़ा दीं। इस चुनाव में सपा को 1,59,361 मत मिले थे, लेकिन कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल बाजी मार ले गए थे। इस चुनाव के बाद हुए तीन चुनाव में सपा के मत एक लाख का आंकड़ा नहीं छू पाए। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी राम कुमार तो 50 हजार मत तक नहीं जुटा पाए।



- 1998 में कानपुर सीट पर सपा प्रत्याशी सुरेंद्र मोहन को मिले थे करीब दो लाख वोट

### लोकसभा चुनाव में सपा की स्थिति

| वर्ष | प्रत्याशी | मत | स्थान | विजेता |
|---|---|---|---|---|
| 1998 | सुरेंद्र मोहन अग्रवाल | 1,99,987 | दूसरा | भाजपा |
| 1999 | श्याम लाल गुप्ता | 40,690 | तीसरा | कांग्रेस |
| 2004 | हाजी मुश्ताक सोलंकी | 1,59,361 | तीसरा | कांग्रेस |
| 2009 | सुरेंद्र मोहन अग्रवाल | 34,919 | चौथा | कांग्रेस |
| 2014 | सुरेंद्र मोहन अग्रवाल | 25,723 | चौथा | भाजपा |
| 2019 | रामकुमार | 48,275 | तीसरा | भाजपा |

निगरानी

शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव के लिए सी विजिंग एप से होगी उपद्रवियों की निगहबानी

# आयोग ने जनता को भी बनाया 'चौकीदार'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो या किसी प्रकार का उपद्रव अथवा कोई गड़बड़ी, इस बार ऐसी सभी घटनाओं की सख्त निगरानी क जाएगी। इसके लिए चुनाव आयोग ने आम नागरिकों को भी चौकीदार बनाया है। कोई भी राह चलते सी विजिंग एप स्कैन करके चुनाव आयोग से कहीं भी होने वाली गड़बड़ी की शिकायत कर सकता है। यह एप आम जनता के लिए ही बनाया गया है। जिस पर शिकायत मिलते ही त्वरित कार्रवाई होगी।

चुनाव आयोग ने इस बार मुख्य रूप से पांच एप चुनाव के लिए जारी किए गए हैं। इनमें सी विजिंग, केवाईसी, वोटर हेल्पलाइन, सीईओ वेबसाइड और सक्षम एप हैं। इसमें सी विजिंग एप आम नागरिकों के लिए जारी किया गया है। इस एप के माध्यम से चुनाव आयोग आचार संहिता उल्लंघन, उपद्रव समेत व्यवस्था बिगाड़ने वाले घटनाक्रमों पर नजर रखेगा। चुनाव आयोग से जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सी विजिंग एप के जरिए आम नागरिक राह चलते अगर किसी प्रकार की गलत गतिविधि देखते हैं तो उसकी शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए शिकायतकर्ता को एप स्कैन करना होगा। एप खुलते ही पूरा विवरण सामने आ जाएगा और शिकायतकर्ता उस पर लिखित शिकायत के साथ वीडियो भी बनाकर डाल सकता है। फोटो भी अपलोड कर सकते हैं। शिकायत सीधे आयोग की डेस्क पर पहुंचेगी और उसे संबंधित अधिकारी को भेजा जाएगा।

ऐसे मामले में त्वरित कार्रवाई किए जाने का आदेश दिया गया है। आयोग से जारी आदेशों के अनुसार शिकायत करने वाले का पूरा विवरण गोपनीय रखा जाएगा। शिकायत मिलने के बाद अधिकारी अपने स्तर पर मामले की जांच करेंगे। अगर शिकायतकर्ता चाहता है तो वह बिना सामने आए भी जानकारी दे सकता है। उसे अधिकारियों के पास पहुंचकर आंखों देखा हाल बताने की बाध्यता नहीं होगी।


होली मेला पर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार भी फोर्स के साथ पहुंचे। अमृत विचार

- किसी भी गड़बड़ी पर एप स्कैन करके आंखों देखा हाल बताएं की जाएगी त्वरित कार्रवाई

# रैली, जनसभा के लिए अधिकारी नियुक्त

तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने अस्थायी चुनाव कार्यालय, मीटिंग, रैली व लाउडस्पीकर अनुमति के लिए आंशिक संशोधन के साथ आदेश जारी किया है। जिसके तहत नामांकन की अधिसूचना जारी होने से पूर्व निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अधिकारियों को नियुक्त किया है। उक्त अधिकारी ही राजनीतिक दल, संभावित प्रत्याशियों के एप से किए गए ऑनलाइन आवेदन की अनुमति प्रदान करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने राजनीतिक दल और संभावित प्रत्याशियों को अनुमति प्रदान किए जाने के आदेश में आंशिक परिवर्तन किया है। जिसके तहत राजनैतिक दलों व संभावित प्रत्याशियों को सुविधा एप व ऑफलाइन आवेदन के माध्यम से मीटिंग, रैली, वाहन, अस्थायी चुनाव कार्यालय, लाउडस्पीकर, हेलीकाप्टर, हेलीपैड आदि की अनुमति के संबंध में नामांकन की अधिसूचना जारी होने से पूर्व लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 43 के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय व अकबरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 44 के लिए उप जिलाधिकारी सदर की ओर से अनुमति जारी की जाएगी। इसी प्रकार मिश्रिख 32 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 209 बिल्हौर विधानसभा के लिए उप जिलाधिकारी बिल्हौर अनुमति जारी करेंगे। इसके साथ ही संपूर्ण जनपद से संबंधित अनुमति अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय की ओर से जारी की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार मीटिंग, रैली व कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। वीडियोग्राफी के अभिलेखों को सुरक्षित रखा जाएगा।

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन अधिसूचना जारी होने से पूर्व तक की जिम्मेदारी सौंपी



## सार-संक्षेप


सचेंडी मंडल में होली मिलन समारोह कार्यकर्ताओं के साथ देवेंद्र सिंह भोले।

### मोदी सरकार में हुए ढेरों काम: भोले

**कानपुर।** भाजपा के सचेंडी मंडल कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि डबल इंजन की सरकार में खूब काम हुए हैं। घाटमपुर में पावर प्लांट बना तो पनकी का पावर प्लांट भी बनकर तैयार हो गया है। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा, लोकसभा सयोजक दिनेश राय, ब्लाक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रवीन्द्र सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष गोविन्द कुशवाहा, मंडल प्रभारी निष्ठा कटियार,पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रांत तोमर, गया प्रसाद, राजेंद्र त्रिपाठी, राम कुमार, पुष्पेंद्र जादौन, सुनील राठौर, राजेश सिंह एवं क्षेत्र के तमाम प्रधान जिलापंचायत सदस्य पूर्व प्रधान एवं सैकड़ो भाजपा देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### होली मिलन से रामनवमी तक संघ भरेगा हिंदुत्व का ज्वार

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने कानपुर प्रांत के 21 जिलों में होली मिलन कार्यक्रम अधिकाधिक संख्या में आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके पीछे उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिलकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ रामलला की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हिंदुत्व के समर्थन का आधार मजबूत करना है। माना जा रहा है कि इस कवायद से भाजपा के पक्ष में भी माहौल बनेगा। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों अनिल ओक, श्रीराम सिंह, भवानी भीख तिवारी आदि होली मिलन समारोहों में काफी सक्रिय हैं। संघ के एक पदाधिकारी ने बताया कि लगभग पांच हजार बैठकें कानपुर प्रांत के 21 जिलों में की जाएंगी, जिनका लक्ष्य भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। नवरात्र व राम नवमी पर संघ कार्यकर्ता घर-घर लोगों से मिलेंगे। मुद्दों को सकारात्मक तरीके लोगों के बीच में रखने पर जोर होगा। यही नहीं, बूथ स्तर पर भाजपा के समानांतर संघ कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे।

## एक नजर

### हाईवे पर वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल

**सरसौल।** कस्बा स्थित दूधमाता मंदिर के समीप हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में घायल हुआ बाइक सवार उन्नाव जनपद के जगतपुर का निवासी नरेंद्र सिंह (58) है। राहगीरों ने उसे सड़क से उठाकर किनारे किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने इलाज के लिए सरसौल सीएचसी भिजवाया।

### चौबेपुर पुलिस ने आठ वांछितों को भेजा जेल

**चौबेपुर।** विभिन्न मामलों में वांछित आठ अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि अलग-अलग मामलों में निरुद्ध राय गोपालपुर निवासी मंगली पुत्र देवीप्रसाद, सत्यम पुत्र मंगली, सहज्योरा गांव के मयंक व मुकेश पुत्र कमलेश, हृदयपुर निवासी राजू पुत्र मुन्ना बजरहा पुरवा निवासी करन पुत्र राजकुमार, इसी गांव के अभिषेक पुत्र महेश व कल्यानपुर निवासी मनोज दुबे पुत्र राम किशोर को गिरफ्तार कर भेजा गया है।

# 16 बीघे जमीन से कब्जा नहीं हटा सका प्रशासन

## कुरौली सलेमपुर गांव में दबंग के आगे प्रशासन नतमस्तक

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** एक ओर सूबे के मुख्यमंत्री सरकारी भूमि पर कब्जा हटाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बसपा के एक पूर्व नेता 16 बीघे जमीन पर अवैध कब्जा कर फसल की पैदावार करा रहे हैं। नेता के रसूख के आगे तहसील प्रशासन के किसी अधिकारी की एक नहीं चलती।

बसपा शासन काल में पार्टी के पदाधिकारी रहे नेताजी ने कुरौली ग्राम पंचायत की लखनऊ-इटावा राजमार्ग के किनारे बेशकीमती भूमि पर अपना कब्जा कर रखा है।

- **प्रधान ने कई शिकायती पत्र दिए, लेकिन नहीं हुई सुनवाई**

> कमिश्नरी में जीवन लाल भारती का पट्टा खारिज हो चुका है। राजस्व परिषद में अभी मामला लंबित है। निपटारा होते ही अवैध कब्जा हटवाया जाएगा।
> **- रश्मि लांबा, एसडीएम**

कई बार मामले की शिकायत हुई। यहां तक कि स्थानीय ग्रामीण व ग्राम प्रधान हाईकोर्ट की शरण में गए, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं की गई।

वर्तमान ग्राम प्रधान अंकित कुमार बाथम ने अवैध भूमि छुड़ाने के लिए उप जिलाधिकारी से शिकायत की है। ग्राम प्रधान ने मोर्चा लेकर ग्रामीणों को पट्टे की भूमि दिलाने की कोशिश शुरू की, इसके बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। बसपा के पूर्व नेता ने कब्जाई गई भूमि पर फसल बो रखी है, जिसका न तहसील प्रशासन के पास हिसाब है और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी के पास जवाब है। कुरौली सलेमपुर के ग्राम प्रधान अंकित कुमार ने बताया कि कुरौली सलेमपुर के गाटा संख्या-122,124,146,147,119 सरकारी अभिलेख में ऊसर के नाम पर दर्ज है, लेकिन उस पर नेता का कब्जा है।

## प्लाट पर जबरन कब्जे का प्रयास

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के बरीपाल के मजरा ईश्वरीपुर में कुछ दबंग ने एक दलित के प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोध करने पर दलित परिवार को धमकियां दी गईं। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

सजेती थाना क्षेत्र के ईश्वरीपुर गांव के रहने वाले सुरेंद्रनाथ संखवार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके गांव के वीरेंद्र कुमार उर्फ झूरी से प्लाट खरीदा था, जिसमें वह सब्जी की दुकान लगाकर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। गांव के दबंग सब्जी की दुकान में रखे तखत और सामान में तोड़फोड़ कर जबरन कब्जा करने पर आमादा हो गए। विरोध करने पर गालियां देते हुए धमकी दीं। धमकियों से वह खासा भयभीत है। सजेती थानाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने कहा कि प्रार्थना पत्र मिला है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# रफ्तार की मारः खंभे से टकरा कर पलटी वैन, सात घायल

संवाददाता, भीतरगांव

**अमृत विचार।** कानपुर के बारा देवी से सवारियां बिठाकर फतेहपुर के अमौली जा रही डग्गामार वैन साढ़ थाना क्षेत्र के जहानाबाद रोड पर मनियारपुर गांव के सामने बिजली पोल में टकराने के बाद सड़क किनारे खड्ड में जा गिरी। हादसे में वैन सवार आधा दर्जन सवारियां मामूली रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद वैन चालक कूदकर मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार डग्गामार वैन कानपुर नगर के बारा देवी से सवारियां बिठाकर फतेहपुर जिले के अमौली जा रही थी। जैसे ही वैन साढ़ थाने से आगे जहानाबाद रोड पर मनियारपुर मोड़ के पास पहुंची, तभी चालक ने स्टेयरिंग से संतुलन खो दिया और वैन सड़क किनारे बिजली के खंभे में टकरा गई। टक्कर से खंभा टूटकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय विद्युत सप्लाई नहीं हो रही थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

**हादसा**
- कानपुर से सवारियां बिठाकर अमौली जा रही थी वैन
- हादसे के बाद यात्रियों को छोड़ कर भाग निकला चालक


हादसाग्रस्त हुई वैन।

खंभे से टकराने के बाद वैन दो बार पलटती चली गई। इस दौरान वैन में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। हादसे में वैन पर बैठी सवारियों को चोटें आई हैं। इनमें कानपुर नगर के साकेत नगर निवासी शशिभूषण (32), उनकी पत्नी रानी (29), बेटा अनुज (8), फतेहपुर के अमौली निवासी रामकुमार (46), सचिन मिश्रा (23) और जहानाबाद निवासी इरफान अहमद (52), शबीना (17) घायल हो गईं। वैन चालक गाड़ी छोड़ कर मौके से फरार हो गया। घायल सवारियां दूसरे साधनों से अपने गंतव्य की ओर चले गए। साढ़ थाना प्रभारी ने कहा कि हादसे की कोई सूचना अथवा तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। अगर तहरीर आएगी तो कार्रवाई की जाएगी।

## जान की परवाह नहीं...


ट्रैक्टर ट्रॉलियां पलटने से एक के बाद एक कर कई दिल दहलाने वाले हादसे होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माल ढोने वाले वाहनों पर यात्रियों को बैठाने पर रोक लगाई थी। आदेश के बाद कानपुर पुलिस ने अभियान चलाकर मालवाहक वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी, लेकिन दिन बीतने के साथ ही पुलिस मालवाहक वाहनों को भूल गई। मंधना क्षेत्र में जीटी रोड चौड़ीकरण का काम करने वाली कार्यदायी संस्था पीएनसी भी मिनी ट्रक पर मजदूरों को भरकर ले जाती है। शनिवार की दोपहर एक पिकअप में यात्री पीछे बैठे नजर आए, लेकिन चौराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें रोकना-टोकना उचित नहीं समझा। मालवाहक वाहनों पर धड़ल्ले से सवारियां ढोई जा रही हैं। ● अमृत विचार

# पैर फिसलने पर सीढ़ी से गिरे युवक की मौत

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र के अब्दुलपुर गांव स्थित एक गेस्ट हाउस में किराए का कमरा लेकर रहा युवक शनिवार की सुबह तीसरी मंजिल की सीढ़ियों से फिसलकर नीचे आ गिरा। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई।

रेउना थाना क्षेत्र के रहटी, खालसा मखोली निवासी सत्येंद्र (26) पुत्र सूरज सिंह अपने भाई और बहनोई के साथ बेला मार्ग पर अब्दुलपुर गांव स्थित एक गेस्ट हाउस की तीसरी मंजिल पर किराए का कमरा लेकर रह रहा था। बताया गया कि वह फेरी लगाकर कपड़े बेचता था। शनिवार की सुबह करीब आठ बजे सीढ़ियों से उतरने के दौरान अचानक उसका पैर फिसल जाने से वह नीचे आ गिरा, जिससे

**कोहराम मचा**
- रेउना थाना क्षेत्र के रहटी गांव का रहने वाला था युवक
- गेस्ट हाउस में किराए का कमरा लेकर फेरी लगाता था

उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। सिर में चोट लगने के कारण वह बेहोश हो गया। भाई और बहनोई दौड़कर पहुंचे। पुलिस को मामले की सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन उपचार के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां हालत गंभीर देख घायल को हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया। हैलट अस्पताल पहुंचने से पहले ही सत्येंद्र की मौत हो गई। थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव बताया कि सीढ़ियों से गिरने के कारण युवक की मौत हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या की

**सरसौल।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के छतमरा टिकरा गांव में शनिवार को 34 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह वजह बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

जानकारी के मुताबिक टिकरा पैगंबरपुर निवासी आशीष कुमार शर्मा पुत्र कैलाशनाथ शर्मा का किसी बात को लेकर घर में मनमुटाव चल रहा था। इसी से आक्रोशित होकर आशीष ने शनिवार सुबह घर के भीतर कमरे में छत के कुंडे के सहारे फांसी लगा ली। युवक के आत्महत्या करने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भिजवा दिया। एसओ सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि युवक ने परिजनों की बात से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या की है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# दबंग कोटेदार ने राशन कार्डधारक को पीटा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के फरीदपुर गुच्चूपुर गांव निवासी एक युवक को उसी के गांव के कोटेदार ने घर में घुसकर पीटा। बेरहमी से पिटाई करते हुए हाथ-पांव तोड़ दिया। पीड़ित ने ग्रामीणों के साथ पिछले दिनों एसडीएम से कम राशन देने की शिकायत की थी।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के फरीदपुर गुच्चूपुर गांव निवासी दलजीत सिंह उर्फ पप्पू ने घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव में प्रधानी और सरकारी राशन की दुकान एक ही परिवार के पास है। प्रधान पुत्र और कोटेदार का पति आदित्य कुमार उर्फ नीतू पाल लोगों को राशन कार्ड में यूनिट के हिसाब से एक किलो राशन कम देते हैं। इसकी शिकायत उसने ग्रामीणों के साथ मिलकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर की थी। इसी से खुन्नस


पिटाई में कार्डधारक का हाथ टूटा।

खाए कोटेदार के पति आदित्य उर्फ नीतू ने अपने साथी भाजन पाल, कप्तान यादव के साथ रास्ते में रोका और हमला बोल दिया। वह बचने के लिए दौड़कर अपने घर में घुसा तो कोटेदार पति अपने साथियों के साथ घर में घुस आया और मारपीट की। पिटाई में हाथ टूट गया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचारः** जामू में चल रहे रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर सात ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी सम्पन्न हुआ। श्रद्धालु जमकर थिरके। पूरा कथा पांडाल परिसर जयकारों और नन्द के घर आनन्द भयो जय कन्हैयालाल की से गूंज उठा।

कथा के दौरान आचार्य सौरभ जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु श्री कृष्ण का जन्म हुआ।

जैसे ही कथा में श्री कृष्ण के


ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। अमृत विचार

- **कथा के चौथे दिन मनाया गया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव**
- **श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुए श्रद्धालु**

जन्म का प्रसंग आया तो श्रद्धालु हरे राधा हरे कृष्णा के उद्घोष के साथ भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे। इसके बाद यज्ञाचार्य सौरभ जी महाराज और उनके सहयोगी आचार्य यश शुक्ला, रूपनारायण अग्निहोत्री, श्रवण अग्निहोत्री, शिवांचल तिवारी ने यज्ञ के विषय में बताया कि यज्ञो वै विष्णुः यज्ञ ही विष्णु हैं। यज्ञ के भेद षोडष संस्कार आदि के विषय में बताया। कहा कि मनुष्य को समय रहते ही यज्ञोपवीत संस्कार करवा लेना चाहिए। ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार एक अप्रैल को होंगे। इस अवसर पर तबला, हारमोनियम की धुन पर बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. नीरज सचान ने व्यासपीठ का


कथा सुनाते सौरभ जी महाराज।

सम्मान कर आरती की। कार्यक्रम में आयोजक पुत्तन त्रिवेदी, कौशल किशोर त्रिवेदी, राकेश कुमार त्रिवेदी, कृष्ण कुमार त्रिवेदी, राजू त्रिवेदी, आशीष त्रिवेदी, चंदन त्रिवेदी, विशाल त्रिवेदी, गुड्डू मिश्रा, राजीव मिश्रा, पप्पू मिश्रा, शिवांचल त्रिवेदी, ज्ञानेंद्र त्रिवेदी, सुशील दीक्षित, दिनेश मिश्रा, संदीप शुक्ला, अभिषेक पांडेय, नरेश त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। भागवत कथा सुनने में महिलाओं में खास रुचि है।

# गौरैयन गांव में एक साल से नहीं जल रही बिजली

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीरबल के अकबरपुर के मजरा गौरैयन गांव में एक वर्ष से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। ग्राम प्रधान ने कई बार बिजली विभाग के जेई से लेकर एसडीओ तक ट्रांसफार्मर बदलने की गुहार लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। इससे एक वर्ष से गौरैयान गांव के लोग अंधेरे में गुजारा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने एक बार फिर सांसद व क्षेत्रीय विधायक से ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की है।

घाटमपुर विकास खंड के अकबरपुर बीरबल के मजरा गौरैयन गांव के लोग एक वर्ष से अंधेरे में गुजारा कर रहे हैं। गांव में लगा ट्रांसफार्मर एक वर्ष से फुंका पड़ा है। ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत

- **एक साल से फुंका पड़ा गांव का ट्रांसफार्मर**
- **प्रधान ने सांसद व विधायक से लगाई गुहार**

ग्राम प्रधान रामकिशोर कर्णधार ने कई बार बिजली विभाग के जेई एवं एसडीओ को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन एक वर्ष गुजर जाने के बाद भी आज तक गांव का ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। ग्राम प्रधान रामकिशोर कर्णधार ने अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद देवेंद्र सिंह भोले व हुआ क्षेत्रीय विधायक सरोज कुरील को पुनः एक बार प्रार्थना पत्र देकर गांव का ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की है। जिसको लेकर विधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी ने बताया कि गौरैयन गांव में ट्रांसफार्मर फुंके होने की सूचना मिली है। एसडीओ से बात कर गांव में अति शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलवाया जाएगा।

## सार-संक्षेप


मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया गया। अमृत विचार

### परीक्षा में प्रथम आए मेधावियों को बांटे गए पुरस्कार

**बिल्हौर।** ककवन के मिंटो सर्किल इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार को प्राइज डिस्टीब्यूशन सेरेमनी मनाई गई। विद्यालय के प्रबंधक जिया उल हक ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार दिए। विद्यालय में 80 फीसदी बच्चों ने 90 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त किए। 45 बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जिया उल हक, सलमान समेत अभिभावक मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय श्री रामचरित मानस प्रवचन शुरू

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के काकूपुर रब्बन गांव में प्रतिवर्ष की भांति शनिवार से राम कथा का आयोजन शुरू हो गया, जिसमें बलिया से पधारे अरविंद शास्त्री ने भक्तों को कथा श्रवण कराई। उन्होंने बताया कि रामायण और मानस में अंतर समझाया। कहा कि रामायण का मतलब है राम का भवन अर्थात मंदिर और मानस का अर्थ है सरोवर। मंदिर में हर कोई पवित्र होकर ही जाता है, लेकिन सरोवर में पवित्र होने के लिए स्नान करना होता है। इसीलिए इस कलियुग में रामायण की जगह राम चरित मानस का विषेष महत्व है। मानस रूपी सरोवर में चार घाट हैं। ज्ञान, कर्म, उपासना और भक्ति घाट। आज के समय में यदि जीवन सुखी चाहते हैं तो भक्ति से ही संभव है। जबलपुर से पधारी उमा तिवारी ने हनुमान जी की कथा सुनाई और कहा कि भक्ति रूपी सीता ही सुखों की धाम हैं।

### जिला बदर अपराधी को पकड़कर भेजा जेल

**शिवराजपुर।** मुश्ता का निवासी युवक पर जिला बदर की कार्रवाई की गई थी लेकिन वह लगातार गांव में ही रहकर लोगों को परेशान कर रहा था जिसे ग्रामीणों ने शिकायत पुलिस से की पुलिस ने अभियुक्त को पड़कर जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक शिवकरन वर्मा ने बताया कि मुस्ता गाँव निवासी वीरू पुत्र लल्लन पर गुंडा एक्ट और जिला बदर की कार्रवाई की गई थी लेकिन लगातार वह इसका पालन नहीं कर रहे थे और क्षेत्र में ही रह रहे थे जिसके चलते अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में युवक को पड़कर कोर्ट के समझ पेश किया गया है।

### ई-रिक्शा की बैटरियां खोल ले गए शातिर चोर

**घाटमपुर।** रामसारी में विगत रात्रि दो जगहों पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने यहां पर घर के बाहर खड़े ई रिक्शा के बैट्रा पार कर दिया है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के रामासारी गांव निवासी ब्रजेश सिंह के घर के बाहर ई रिक्शा खड़ा था।यहां पर आए चोरों ने ई रिक्शा के चार बैट्रा चोरी कर लिया। इसके बाद चोरों ने पड़ोस में स्थित सुखलाल यादव ने यहां पर धावा बोला यहां पर घर के बाहर खड़े ई रिक्शा के तार चोरों ने जैसे ही काटे। खटपट की आवाज सुनकर सुखलाल की नींद खुल गई। उन्होंने ई रिक्शा के बैट्रा खोलते लोगो को देखा तो शोर मचाने के साथ चोरों को पकड़ने के लिए दौड़े। जिसपर चोरों ने उनके सिर पर वारकर उन्हें घायल करके भाग निकले। सुखलाल ने प्राथमिक उपचार निजी क्लीनिक में कराया है। जिसके बाद चोरी होने की सूचना घाटमपुर पुलिस को फोनकर दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की है। पुलिस चोरों की जानकारी जुटा रही है। यहां पर पहले भी छ फीट गहरी सुरंग खोदकर चोरों ने लाखो के जेवरात और नगदी पार किए थे, जिसमें पुलिस के हाथ खाली है। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

# बाजार में महिला टॉयलेट नहीं होने से बढ़ी परेशानी

संवाददाता, भीतरगांव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के साढ़, कुड़नी, भीतरगांव, बिरहर सहित विभिन्न बाजारों में महिला शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रमुख बाजारों में सुलभ शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं। क्षेत्र में स्वच्छता संबंधी किसी भी योजना का असर नहीं दिख रहा है।

भीतरगांव क्षेत्र की बाजारों में एक भी शौचालय नजर नहीं आता है। वहीं साढ़ भीतरगांव क्षेत्र में एक भी व्यवस्थित सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से यह कहा जाने लगा है कि गांवों को खुले से शौचमुक्त बनाने के साथ-साथ बाजारों को भी इस समस्या से निजात दिलाना

- **खरीदारी के लिए बाजार आने वाली महिलाएं होतीं शर्मसार**

होगा हजारों की संख्या में खरीदारी करने के लिए साढ़ क्षेत्र के बाजारों मे महिलाएं पहुंचती हैं साढ़ के बाजार आस पास के दर्जनों गांव का मुख्य बाजार होने के कारण हजारों की संख्या में महिलाएं सामान की खरीदारी करने के लिए पहुंचते हैं लेकिन महिला शौचालय का निर्माण नहीं किए जाने के कारण महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसको लेकर महिलाओं में प्रशासन के विरुद्ध काफी आक्रोश देखा जाता है सामुदायिक शौचालय का निर्माण नहीं होने के कारण पुरुष भी खुले में शौच करने पर मजबूर हो रहे हैं जिससे राह चलते राहगीरों को काफी परेशानी होती है।

**मौसम का मिजाज** सुबह से ही कड़क धूप निकलने से परेशान होने लगे लोग

# चैत्र के महीने में जेठ जैसी धूप का अहसास

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र में गर्मी का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। चैत्र में जेठ माह जैसी धूप से जीटी रोड समेत अन्य प्रमुख मार्गों पर दोपहर के समय सन्नाटा नजर आने लगा है। कड़क धूप के चलते दोपहर के समय लोग घरों से बाहर निकलने में परहेज करने लगे हैं।

क्षेत्र में गर्मी का प्रकोप धीरे-धीरे बढ़ता ही जा रहा है। सुबह से निकल रही तेज धूप व सूरज की तल्ख किरणों ने लोगों को सताना शुरू कर दिया है। कड़क धूप के चलते दोपहर में सड़कों पर आवागमन कम होने लगा है। शनिवार को भी जीटी रोड समेत क्षेत्र के बंदी माता मार्ग और बेला मार्ग पर दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे के मध्य सन्नाटा दिखा।


चौबेपुर कस्बे में शनिवार की दोपहर जीटी रोड पर पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

सुबह से तेज धूप लोगों को झुलसाने लगी है। यही वजह है कि दोपहर में लोग अब घरों से बाहर निकलने मे परहेज करने लगे हैं। मौसम के इस रुख से किसानों को भी चिंता सता रही है। किसानों के अनुसार जिस तरह से धूप निकल रही है, इससे मौसम में बदलाव और बारिश की आशंका बढ़ गई है। इससे गेहूं की पकी फसल को नुकसान पहुंच सकता है।

वहीं दूसरी ओर तापमान बढ़ने के साथ शीतलपेय पदार्थों की मांग तेजी से बढ़ गई है। विक्रेता ज्ञानेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता, रामजी चौरसिया, लालू व शीबू गुप्ता आदि ने बताया कि तापमान में वृद्धि के साथ कोल्ड ड्रिंक की मांग भी बढ़ गई है। गर्मी बढ़ने से मार्गों पर जगह-जगह गन्ने का रस व आइसक्रीम के ठेले भी बड़ी तादाद में नजर आने लगे हैं।

- **धूप की वजह से दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा**
- **बाजारों में शीतल पेय पदार्थों की बढ़ने लगी डिमांड**

### 36 डिग्री पहुंचा तापमान

सीएसए के मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले पांच दिन हल्के से मध्यम बादल छाये रहने के आसार हैं, लेकिन वर्षा की कोई संभावना नहीं है। शनिवार को अधिकतम तापमान 35 .8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2 .7 डिग्री अधिक था।

# दो अलग-अलग हत्याओं में दंपति समेत पांच को आजीवन कारावास

## दोनों मामलों की अंतिम सुनवाई शनिवार को न्यायालय में हुई, सुनाई गई सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली और बारासगवर थानाक्षेत्रों में हुई अगल-अलग हत्याओं के मामले की अंतिम सुनवाई शनिवार को कोर्ट में हुई। इसमें न्यायाधीश ने सुनवाई के बाद आरोपियों को दोषी करार दिया और दंपती समेत पांच लोगों को आजीवन कारावास के निर्देश दिये। साथ ही सभी पर अलग-अलग राशि का जुर्माना भी लगाया।



कानपुर जिले के कल्यानपुर बस्ती खेड़ा निवासी नवाब खां ने सफीपुर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसका बेटा निसार अहमद व भाई मेंहदी एक जमीन खरीदने के सिलसिले में बात करने रमेश पुत्र कालीचरन निवासी परियर व लल्लू पुत्र शिव बालक निवासी बाकरगंज थाना बिठूर जिला कानपुर के साथ परियर गांव आये थे। जमीन के कब्जे को लेकर वहां पर विवाद हो गया। इसमें लल्लू ने बेटे को पीछे से पकड़ लिया और रमेश ने निसार की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने 21 फरवरी-2015 को हुए हत्याकांड की रिपोर्ट दर्ज कर लल्लू को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं 2 मार्च-2015 को रमेश ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। 12 मार्च-2015 को सीजेएम के आदेश पर उन्हें रिमांड पर लेकर पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद किया था। आईओ तत्कालीन एसएचओ अरुण राय ने साक्ष्य जुटाते हुए कोर्ट में दोनों के विरुद्ध 27 मई-2015 को चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रही थी। शनिवार को दोनों पक्ष की गवाही व बहस पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता यशवंत सिंह की ओर से पेश की दलीलें सुनने के बाद एडीजे स्वतंत्र प्रकाश ने रमेश व लल्लू को आजीवन कारावास के निर्देश दिये। साथ ही उन पर क्रमशः 23 व 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया।

### खेत में बिजली के खंभे के पास पड़ा मिला था शव

बारासगवर थानाक्षेत्र के उमाखेड़ा गांव निवासी सुनीता ने महावीर, रामराज, होरीलाल व उसकी पत्नी बिंदेश्वरी पर अपने पति शिवबरन की हत्या करने की रिपोर्ट 5 नवंबर-2014 को दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि पड़ोसी गांव घनई खेड़ा निवासी रामराज रावत के कहने पर उसके साले होरीलाल निवासी हमीर गांव जिला रायबरेली को रहीश निवासी चौडगरा जिला फतेहपुर के माध्यम से विदेश भिजवाया था। चार माह बाद रामराज ने समस्या बताकर होरी लाल को विदेश से वापस बुलाने को कहा था। पति शिवबरन ने रहीश से कहकर विदेश से उसे वापस बुला लिया था। घटना के 15 दिन पहले उन लोगों ने उसके पति के विरुद्ध बारासगवर पुलिस को ठगी का आरोप लगा शिकायती पत्र दिया था। जांच के लिये हल्का सिपाही के बुलाने पर पति थाने गए थे। इसके बाद क्षेत्र के सम्मानित लोग बीच में पड़े तो पति ने रुपए वापस करने का समझौता कर लिया था। चार नवंबर-2014 की रात 11 बजे उसके घर रामराज, उसका साला होरी लाल, उसका भाई व दो अज्ञात लोग पहुंचे और सिपाही द्वारा बुलाए जाने की बात कह पति को साथ ले गए और जाते समय उन लोगों ने घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। काफी समय बीतने पर भी जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश की। लेकिन, कोई पता नहीं चला। पांच नवंबर-2014 की सुबह सात बजे उसके पति का शव चौकीदार धनीराम के खेत में बिजली के खंभे के पास पड़ा मिला था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा था। एसओ नजरुल हसन ने साक्ष्य एकत्रित कर रामराज, होरीलाल व उसकी पत्नी बिंदेश्वरी के विरुद्ध 15 जनवरी-2015 को चार्जशीट दाखिल की थी। शनिवार को शासकीय अधिवक्ता यशवंत सिंह द्वारा पेश की दलीलों के आधार पर एडीजे स्वतंत्र प्रकाश ने रामराज, होरीलाल व उसकी पत्नी बिंदेश्वरी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास के निर्देश दिये।

- दूसरे मामले में युवक की हत्या में दंपति समेत तीन को आजीवन कारावास

### गोकशी व हत्या के प्रयास में दो को सात साल की सजा

**उन्नाव।** गोकशी में लिप्त दो आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस पर फायरिंग के मामले में कोर्ट ने दो युवकों को सात-सात साल की सजा के साथ 20-20 हजार रुपए जुर्माना लगाया। 19 जून-2014 को रिजवान निवासी सिनौली थाना मीरगंज जिला बरेली व वहीद अल्वी निवासी सहजाद नगर जिला रामपुर गोवंशियों को काटने के लिये ले जा रहे थे तभी अचलगंज पुलिस ने उन्हें रोका तो दोनों ने टीम पर फायर किया। पुलिस ने उन्हें जेल भेजा था। छह अगस्त को आईओ महेंद्र सिंह ने चार्जशीट पेश की थी। शनिवार को एडीजे-1 ने शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार की दलीलों पर दोनों को सात-सात साल की सजा के साथ 20-20 हजार अर्थदंड भी लगाया है।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकशी

**सफीपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बीती 6 मार्च को हुई शादी के बाद मायके में रह रही विवाहिता ने घर के पीछे फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। पीएम रिपोर्ट में उसकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गदनाखेड़ा निवासी नन्हेलाल की 19 वर्षीय बेटी अर्चना का शव शुक्रवार शाम घर के पीछे खड़े शहतूत के पेड़ पर लटकता हुआ देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पिता नन्हेलाल ने बताया कि अर्चना की शादी छह मार्च को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र ओसियां निवासी श्रवण कुमार के पुत्र अजीत से हुई था। 23 अप्रैल को उसकी विदाई होनी थी। चर्चा है कि विवाहिता शादी से खुश नहीं थी।

विदाई का समय पास आने से वह परेशान भी थी। लेकिन, शादी के वक्त उसने रजामंदी दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी रखवा दिया था। शनिवार को हुए पोस्टमार्टम में उसकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। बेटी की मौत से मां लक्ष्मी सहित महाराष्ट्र में मजदूरी कर रहा भाई भोला बेहाल है।





समीक्षा बैठक में डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

# आशा बहुओं के भुगतान को लेकर डीएम खफा, लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- स्वास्थ्य योजनाओं व कार्यक्रमों की हुई समीक्षा बैठक

**अमृत विचार।** कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी की अगुवाई में जिला स्वास्थ्य समिति बैठक हुई। इसमें डीएम ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के साथ कार्यक्रमों की समीक्षा करने के जिले में कार्यरत आशा बहुओं के भुगतान को लेकर अफसरों को फटकार लगाई।

शनिवार को डीएम ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए काफी मुखर दिखे। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने संस्थागत प्रसव पर जोर विशेष जोर देते हुए कहा कि जिले में कार्यरत आशा बहुओं के भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कहा कि काम करने के बावजूद भी आशा बहुओं को औसत भुगतान 6125 रुपये से काफी कम किया जा रहा है। जो विभागीय अफसरों की शोषक प्रवृत्ति को दर्शाता है। इसे लेकर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि किसी भी फील्ड लेवल वर्कर का शोषण करने वाले अधिकारी-कर्मचारी को बख्शा नहीं जायेगा। साथ ही टीकाकरण को लेकर चेताया कि गर्भवती महिलाएं एवं पात्र बच्चे नियमित टीकाकरण से वंचित नही रहे। सीएमओ सहित सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक चिकित्सा केन्द्र पर आवश्यक दवाओं व डाक्टर की उपलब्धता को सुनिश्चित कराए और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने का प्रयास करे ताकि जिला अस्पताल तक लोगों को कम से कम आना पड़े। डीएम ने आयुष्मान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना से आच्छादित सभी परिवारों तथा लाभार्थियों को जल्द से जल्द गोल्डन कार्ड बनाए। डीएम ने जिले में सर्वाधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट की आईडी बनाने वाली आशा बहुओं किरन देवी, सोनी देवी, मालती देवी, ममता देवी, संगीता देवी, द्रौपदी शर्मा, शिव कुमारी, शांति देवी, मुन्नी देवी व सरिता यादव को प्रशस्ति पत्र दिये गये। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट राममोहन मीणा, सीएमओ डा.सत्य प्रकाश, एसीएमओ नरेन्द्र सिंह सहित अन्य एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ सहित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों की फसल की तौल में घटतौली न हो:एसडीएम

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- एसडीएम ने मंडी समितियों के प्रभारियों के साथ बैठक कर दिये निर्देश

**अमृत विचार।** एसडीएम रनवीर सिंह ने पुरवा मंडी समिति में प्रभारियों के साथ बैठक में कहा कि 15 बिंदुओं पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। साथ ही किसानों के फसल की तौल में किसी भी हाल में घटतौली न हो। कहा कि सभी प्रभारी किसानों से मिलें और सरकारी सेंटरों पर ही गेंहूं बेचने को जागरूक करें। लक्ष्य के सापेक्ष खरीद करें।

पुरवा व बीघापुर मंडी समिति क्षेत्र में बने 21 सेटरों में पासाखेड़ा, तुसरौर, चमियानी, दरेहटा, बेहटा भवानी, हिलौली, अकोहरी, सहरावां, गोसाईखेड़ा, चौपई, दरेहटा व कोरटगंज बनाए गये हैं। जिसमें 18 प्रभारियों से कहा कि सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कर लें। लक्ष्य के सापेक्ष खरीद को पूर्ण करें। गांव-गांव जाकर किसानों से मिलकर सरकारी सेंटरों पर ही गेहूं बेचने के लिए जागरूक करें और किसानों का पंजीयन कराएं। ताकि किसानों को कोई समस्या न आए। गेहूं तौल के लिए सेंटरों पर इलेक्ट्रानिक कांटे की मरम्मत कराकर अपडेट कराया जाए। जहां कोई समस्या आती है तो उससे अवगत कराएं। बैठक में मौजूद सचिवों में अवधेश सिंह, सतेंद्र सिंह, प्रशांत कुमार, विपिन, अभिमन्यु, अवधेश कुमार समेत 18 प्रभारी भी रहे।

# डीसीएम पलटने से किशोर की मौत

संवाददाता आसीवन उन्नाव

- बहन के यहां रहकर मदरसे में पढ़ाई कर रहा था किशोर
- अलग-अलग सड़क हादसों में आठ लोग हुए घायल

**अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र में शुक्रवार को डीसीएम व टेंपो की टक्कर के बाद डीसीएम सड़क किनारे पलट गया था। इस दौरान डीसीएम में लदी चोकर की बोरियों के नीचे आकर किशोर दब गया था। उसके घर न पहुंचने पर परिजन उसे तलाश रहे थे। शनिवार सुबह दूसरे ट्रक में बोरियां लादते समय उसका शव नीचे दबा देख लोडिंग कर रहे मजदूर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से उसकी शिनाख्त कराई और शव का पोस्टमार्टम कराया।



चांद।

बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर सबलगढ़ी गांव के पास शुक्रवार को मियागंज जा रहे टेंपो में चोकर की बोरियां लादे डीसीएम ने टक्कर मार दी थी।

हादसे के बाद चालक ने नियंत्रण खो दिया और विपरीत दिशा में जाकर डीसीएम पलट गयी थी। इसी बीच उधर से गुजर रहा चांद (13) पुत्र महबूब निवासी बिहार बोरियों के नीचे दब गया था। टेंपो में घायल हुई सवारियों को निकालने में किसी की नजर उस पर नहीं पड़ी और वह बोरियों के नीचे दबा रहा। किशोर घटनास्थल से दो किमी दूर मुशीराबाद निवासी अपनी बहन के यहां रहकर मदरसे में पढ़ाई करता था और हादसे के समय सड़क किनारे पैदल जा रहा था।


उसके घर न पहुंचने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। शनिवार को ट्रांसपोर्टर द्वारा दूसरा वाहन व मजदूर भेजकर बोरियों को दूसरे ट्रक में लोड कराया जा रहा था। तभी उन्हें किशोर दबा दिखा तो सभी वहां से भाग निकले। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच ही कर रही थी कि परिजन पहुंच गए और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिवंगत किशोर पांच भाइयों में छोटा था। उसकी चार बहनों में रुकसार व अफसाना की शादी हो चुकी है। जबकि रोशन व चांदनी मां शहजादी के साथ बिहार में रहते हैं। हादसे की सूचना पर सभी उन्नाव के लिए चल दिए है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि डीसीएम में लदी बोरियों में दबने से किशोर की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा गया है।

# पोल टूटने से गांधी नगर के सैकड़ों घरों की बत्ती गुल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज नगर के मोहल्ला गांधी नगर में शनिवार दोपहर एक जर्जर विद्युत पोल अचानक टूट कर गिर गया। जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी विद्युत विभाग के अफसरों को दी। पोल बदलते समय क्षेत्र के सैकड़ों घरों की बिजली घंटों तक गुल रही।

बता दें कि नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित सरस्वती टाकीज वाली गली में शनिवार दोपहर दो बजे एक जर्जर विद्युत पोल अचानक गिर गया। जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान आपूर्ति भी चालू थी। आनन-फानन लोगों ने विभागीय अधिकारियों को फोन कर इसकी सूचना दी और आपूर्ति बंद करायी। ऐसे में गंगा मेला पर करीब 700 घरों की आपूर्ति बाधित हो गई। विभागीय कर्मियों ने फीडर संख्या-1 की आपूर्ति बंद कर दूसरा पोल लगाने का काम शाम तक किया। इसके बाद आपूर्ति बहाल हो सकी।



दूसरा पोल लगाते बिजली कर्मी।

### मरीज और महिला कर्मचारी में विवाद

**उन्नाव।** जिला अस्पताल में ब्लड रिपोर्ट लेने आए मरीज की वहां मौजूद एक महिला कर्मी से कतार में आने की बात को लेकर कहासुनी हो गई। दोनो में विवाद बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मामला मारपीट तक पहुंचने की नौबत आ गई थी। लेकिन, वहां मौजूद लोगों ने बीचबचाव कर दोनों को शांत कराया। सूचना पर चौकी के सिपाही भी पहुंचे लेकिन, किसी पक्ष से शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### बंदरों ने किया घायल

**पुरवा।** शनिवार को पैसों के भुगतान के लिए ब्लाक आई क्षेत्र के गांव मोहिद्दीनपुर निवासी शौचालय केयर टेकर रीना पर बंदरों के झुंड ने हमला बोल दिया। शोर सुन ब्लाक में मौजूद लोगों ने बंदरों को भगाया और घायल रीना को सीएचसी में भर्ती कराया।

# निर्माण में धांधली का फोटो वायरल

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- संबंधित शिक्षकों ने आरोपों को बताया निराधार

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के एक दर्जन विद्यालयों में लाखों की लागत से बाउंड्रीवाल बनाने का काम हो रहा है। अटवा व सेमरीमऊ में हो रहे मानक विहीन निर्माण की फोटो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। हालांकि अमृत विचार ऐसी किसी फोटो की पुष्टि नहीं करता है।

बता दें कि शासन से आदेश हुए हैं कि जिन प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बाउंड्रीवाल नहीं हैं उनमें इसके निर्माण के लिए पीएफएमएस पोर्टल के जरिए कायाकल्प के तहत विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में प्रति बाउंड्रीवाल 4 लाख 42 हजार रुपए का बजट जारी किया है। बाउड्रीवाल का निर्माण विद्यालय के प्रधान शिक्षक करवा रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय सेमरीमऊ, अटवा, बड़ाखेड़ा, चमियानी, फतेहगंज, पिंजरा, छूलामऊ, त्रिपुरारपुर, बेहटा भवानी, रामा अमरापुर व उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरंदरपुर में बाउंड्रीवाल का निर्माण होना है।

लोगों का आरोप है कि बाउंड्रीवाल के निर्माण में जमकर खेल किया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय सेमरीमऊ व अटवा में पीली ईंट व दोयम दर्जे के मसाले का प्रयोग हो रहा है। इस निर्माण की फोटो इंटरनेट मीडिया पर भी वायरल हो चुकी है। सेमरीमऊ की प्रधान शिक्षिका संगीता ने बताया कि गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निर्माण हो रहा है। जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वे निराधार हैं। वहीं, अटवा के प्रधान शिक्षक श्रवण पटेल ने कहा कि बाउंड्रीवाल निर्माण में सीमेंट व मौरंग का प्रयोग हुआ है।

प्लास्टर का काम जारी है। गुणवत्ता पूर्ण काम कराया जा रहा है। सभी आरोप निराधार हैं। बीईओ विनय कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य में जांच कराई जाएगी। गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई होगी। अभी कोई शिकायत नहीं आई है।

# तमंचा लगाकर चित्रकूट के युवक से हजारों लूटे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** चित्रकूट निवासी एक युवक शनिवार सुबह कानपुर सेंट्रल पर पहुंचा। जहां ई-रिक्शा चालक उसे बैठाकर शुक्लागंज लाया और अपने साथी के साथ मिलकर ट्रांस गंगा सिटी के पास तमंचा व चाकू लगाकर नगदी लूट ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

चित्रकूट के राजापुर थानाक्षेत्र के गौहनी गांव निवासी संतोष ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार सुबह वह कानपुर सेंट्रल आया था। जहां से पनकी जाने के लिए उसने ई-रिक्शा बुक किया। उसे रास्ता नहीं पता था। इस पर चालक उसे शुक्लागंज ले आया। जहां ई-रिक्शा चालक ने अपने एक अन्य साथी को बैठा लिया। जिसके बाद वे लोग उसे बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी ले गए। जहां सुनसान जगह देख उसके तमंचा व चाकू लगा दी।

इस दौरान वे लोग उसकी जेब में पड़े 2500 रुपये लूटकर भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# वोट डालने को जागरूक करेंगे अध्यापक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- स्वीप अभियान के तहत आज पहले दिन परिषदीय विद्यालयों में कराया गया बैच निर्माण

**अमृत विचार।** सभी परिषदीय विद्यालय स्विप प्रोग्राम के तहत जिले में 10 अप्रैल तक अलग-अलग तरह से मतदाताओं को जागरूक बनाने के अभियान का हिस्सा बने रहेंगे, जिसकी शुरुआत शनिवार को बैच निर्माण के साथ की गई। इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत होने वाली विभिन्न एक्टिविटी तय करते हुए बीएसए संगीता सिंह ने सभी बीईओ को पत्र जारी किया था।

भारत निर्वाचन आयोग स्वस्थ्य लोकतंत्र की अवधारणा को साकार बनाने के लिए हमेशा अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदाधिकार के इस्तेमाल के लिए लोगों को जागरूक बनाता है। इसी क्रम में स्वीप प्रोग्राम के अंतर्गत मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसलिए बीएसए ने बीईओ को एक से 10 अप्रैल के बीच विभिन्न इवेंट आयोजित कराने को निर्देशित किया है।

जागरूकता अभियान में शामिल विभिन्न कार्यक्रम विद्यालय के साथ सामुदायिक स्तर पर भी आयोजित कराए जाएंगे, जिसमें विद्यालय के कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित सभी छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी। वैसे तो शनिवार से इस अभियान की शुरुआत जागरूकता बैच बनवाते हुए की जा चुकी है, लेकिन अगले कार्य दिवस एक, दो व तीन अप्रैल को बच्चों के बीच बैच निर्माण प्रतियोगिता कराई जाएगी। इसके बाद चार व पांच अप्रैल को जागरूकता टोपी का निर्माण कराया जाएगा।

इसी तरह छह व आठ अप्रैल को सामुदायिक स्तर पर चाचा चौधरी एवं चुनावी दंगल रोल प्ले कराया जाएगा, जबकि नौ व 10 अप्रैल को विद्यालयी स्टाफ खासकर शिक्षक-शिक्षिकाएं लोगों को मतदान करने के लिए आमंत्रित करने के लिए घर-घर पहुंचेंगे।

# पीएमश्री योजना में लिए गए 12 स्कूल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा निति-2020 के अनुरूप अत्याधुनिक शिक्षा सुविधा मुहैया कराने के लिए दूसरे चरण में 12 नए विद्यालयों का पीएम श्री योजना के तहत चयनित किया गया है, जिनमें जिला मुख्यालय सहित विभिन्न कस्बों व ब्लाकों के विद्यालयों को शामिल किया गया है। डीजी (महानिदेशक) स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने प्रदेश के सभी बीएसए को जारी पत्र में इसकी जानकारी दी है।

डीजी की ओर से जारी की गई सूची के मुताबिक शहर स्थित जीआईसी के अलावा जीआईसी चमरौली को भी योजना के तहत चयनित कर लिया गया है। साथ ही बांगरमऊ ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय कांटा गुलजारपुर, असोहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय मेड़पुर, फतेहपुर चौरासी के उच्च प्राथमिक विद्यालय भड़सर नौशेहरा, हसनगंज के सेमरामऊ उच्च प्राथमिक विद्यालय, हिलौली के हेमीखेड़ा न्यू कंपोजिट विद्यालय, औरास के प्राथमिक विद्यालय बड़ादेव, पुरवा के बनी गांव कंपोजिट विद्यालय, सिकंदरपुर सरोसी के पीएमवी गगनीखेड़ा कंपोजिट, सफीपुर के ओसिया कंपोजिट व मियागंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय आशीवन पश्चिम कंपोजिट विद्यालय को भी योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। विभागीय उच्चाधिकारी ने बीएसए से संबंधित विद्यालयों का विवरण तलब किया है।


**माह-ए-रमजान** तीसरा अशरा 21 से 30 रमजान तक चलेगा

# जहन्नम से बचाता है आखिरी अशरा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** इस्लाम में रमजान का तीसरा अशरा सबसे अधिक खास माना जाता है। जो 21 से 30 रमजान तक चलेगा। इसमें रोजेदार पूरी रात अल्लाह की इबादत कर जहन्नम की आग से पनाह मांगते हैं।

हदीस में रमजान के तीन असरों का हवाला दिया गया है। रमजान का पहला अशरा रहमत व दूसरा अशरा मगफिरत का बताया गया है। वहीं माह के अंतिम दिनों यानी तीसरे अशरे को जहन्नम की आग से आजादी दिलाने वाला कहा जाता है। जो इन दिनों चल रहे रमजान माह की 21 से 30 तारीख तक चलेगा। मुस्लिम भाई वैसे पूरा पवित्र रमजान माह अल्लाह की इबादत करते हुए बिताते हैं। लेकिन, तीसरे अशरे में रोजेदार पूरी-पूरी रात कुरान सहित अन्य धार्मिक किताबें पढ़ते हुए बिताते हैं।



### आखिरी अशरे में ऐतिकाफ

रमजान के आखिरी अशरे की एक अहम खुसूसियत है कि ऐतिकाफ में रोजा रखने वाला सख्श इन 10 दिनों तक मस्जिद में रहकर इबादत करता है। इस दौरान वह इबादत के साथ-साथ मस्जिद में ही खाता-पीता और सोता है। इस अमल में आमतौर पर इंसान बाहरी दुनिया से मतलब नहीं रखता।

### आखिरी अशरे में लैलतुल कद्र

रमजान के आखिरी अशरे की एक अहम फजीलत यह भी है कि इसमें एक ऐसी रात होती है, जो हजार महीनों से भी ज्यादा अफजल है। इस रात को लैलतुल कद्र की रात कहते हैं। इस रात में पूरी रात जाग कर अल्लाह की इबादत करनी होती है। इसी रात को कुरान मजीद जैसा अनमोल तोहफा इंसानियत को मिला था। इस रात की इतनी फजीलत है कि इस पर अल्लाह ने कुरान में एक सूरह ही नाजिल कर दी।

### नोटिस के विरोध में जलाईं मोमबत्तियां

**उन्नाव।** कांग्रेस पार्टी को आयकर विभाग द्वारा लगातार नोटिस भेजने के विरोध में पार्टी के विकलांग प्रकोष्ठ के प्रांतीय पदाधिकारी तन्मय श्रीवास्तव के नेतृत्व में संगठन के लोगों ने कैंडल जलाई। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा पर लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष को हतोत्साहित करने का आरोप लगाया। विरोध प्रदर्शन के लिए कांग्रेस मोतीनगर में ओवरब्रिज तिराहा पर एकत्र हुए। उन्होंने यहां पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की स्थापित प्रतिमा के सामने कैंडल जलाई जला विरोध जताया। साथ ही सत्तारूढ़ दल पर लोकतंत्र को समाप्त करने का आरोप लगाया। प्रांतीय पदाधिकारी ने कहा कि पार्टी के प्रचार अभियान को प्रभावित कर भाजपा चुनाव जीतने का दिवास्वप्न देख रही है। इस मौके पर आशीष त्रिपाठी, ओमकांत पांडेय, कृष्ण पाल यादव व शास्वत वाजपेयी आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप



विदाई समारोह में शामिल सेवानिवृत्त शिक्षक। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को समारोह में दी विदाई

**उन्नाव।** शिक्षा सत्र 2023-24 के अंतिम कार्य दिवस पर शनिवार को सुमेरपुर ब्लाक के अलावलपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक शिव मोहन सिंह, बिहार उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट के शिक्षक गिरीश प्रताप सिंह ऊर्फ गौरी शंकर व प्राथमिक विद्यालय गोबरहा के प्रधान शिक्षक दिनेश को साथी शिक्षकों सहित ग्रामीणों ने समारोहपूर्वक विदाई दी। समाजसेवी मुन्ना सिंह व प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विनोद सिंह ने सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक का माल्यार्पण किया। उन्होंने कार्यकाल के दौरान जिम्मेदारी के साथ दायित्व निर्वहन करने की सराहना की। कहा कि भावी पीढ़ी को शिक्षा के साथ संस्कार देने का गुरुतर दायित्व निभाने वाले शिक्षक का सेवाकाल हमेशा याद आता रहेगा। शिक्षक गौरव सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त होना सहज प्रक्रिया है, जिसे सभी स्वीकारते हैं। शिक्षकों ने सेवानिवृत्त हो रहे साथियों से समय होने पर आगे भी विद्यालय आने का आग्रह किया। इस मौके पर कृष्ण मोहन सिंह, देश दीपक, वरुण मिश्रा, सरोजनी देवी, शीला, विनीता, कुसुम देवी, मंजू, विक्रांत सिंह, अखंड प्रताप सिंह, अरुणेंद्र प्रताप सिंह, सतीश, दिनेश, आशीष व विजय आदि ने भी सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का माल्यार्पण किया।

# गंगा मेला में जमकर उड़ा अबीर गुलाल, खेली कपड़ा फाड़ होली

## युवाओं ने एक-दूसरे को जमकर लगाया रंग, कई जगह हुए मटकी फोड़ कार्यक्रम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


गंगा मेला पर मस्ती करते युवा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली के बाद शनिवार को शुक्लागंज में गंगा मेला बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें दोपहर के बाद युवाओं ने कपड़ा फाड़ होली खेलते हुये जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। इसके साथ जगह-जगह बज रहे लाउड स्पीकर में फिल्मी गानों की धुनों पर युवा थिरकते नजर आये। दोपहर के बाद तक नगर में रंग चलता रहा।

शनिवार को नगर में बड़े ही धूमधाम से गंगामेला का पर्व मनाया गया। नगर के लोगो ने एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर गले मिलकर बधाईंयां दी तथा युवाओं ने जमकर रंगो की होली खेली। नगर में जमकर रंग चला और युवाओं की टोलियां निकली। वहीं जगह-जगह विभिन्न मोहल्लों चौराहों पर फिल्मी धुनों पर युवाओं ने गंगामेला के अवसर पर रंग खेलने के साथ खूब मस्ती की। शुभकामनाओं के साथ शुरु हुआ होली का पर्व शनिवार को गंगामेला के साथ समाप्त हुआ। सुबह नौ बजते ही नगर में गंगामेला पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया तथा दोपहर को तीन बजे तक लोगों ने जमकर रंग खेला। नगर के पोनी रोड़, मिश्रा कॉलोनी, बिन्दा नगर, आदर्श नगर, गांधीनगर, श्रीनगर, समेत अन्य कई मोहल्लों में होरिआरो की टोलियां बाइके से निकली। लोगो ने एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाते हुए गले मिलकर पर्व की बधाईंया दी। जहां एक ओर युवाओं की टोलियों ने फिल्मी धुनो पर जमकर मस्ती की। वहीं बच्चो ने घर के बाहर खड़े होकर राहगीरों पर कभी पिचकारी से तो कभी रंगभरे गुब्बारे फेंक जमकर मजा लिया। रंग के साथ-साथ लोगो ने घरों में बने स्वादिष्ट पकवानों का भी लुत्फ उठाया। सुरक्षा की दृष्टि से गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिस कर्मियों के साथ मौजूद रहे। रंग खेलने के दौरान हुडदंग मचाने वालों पर नकेल कसने के लिए गंगाघाट पुलिस ने दिन भर नगर में गश्ती की। गंगाघाट पुलिस ने नशेबाजी कर एक दूसरे पर कीचड़ फेकने वालों पर भी धरपकड़ की तथा गंगाघाट पुलिस ने सभी को चेतावनी देकर कुछ देर बाद छोड़ दिया।

### फाग के साथ हुआ ठंडाई वितरण

गंगामेला पर नगर के श्रीनगर, राजधानी मार्ग व आनंद नगर मोहल्लों में फाग का आयोजन हुआ। जिसमें मंडली द्वारा प्रस्तुत फाग सुन मौजूद लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इसके बाद ठंडाई का वितरण किया गया।

# पुलिस ने एक का मोबाइल, दूसरे को हिरासत में लिया

**गंजमुरादाबाद।** महाराष्ट्र पुलिस ने शनिवार को नगर के एक व्यक्ति का मोबाइल और दूसरे व्यक्ति को हिरासत में लेकर वापस लौट गई। गैर प्रांत की पुलिस को देखकर हड़कंप मच गया। सूत्र बताते हैं कि किसी धोखाधड़ी के मामले में गैर प्रांत की पुलिस ने कार्यवाही की है।

बता दें कि महाराष्ट्र पुलिस शनिवार को स्थानीय चौकी पुलिस के साथ कई बाइकों से नगर में पहुंची। सबसे पहले मोहल्ला बड़ी बाजार में महाराष्ट्र पुलिस ने एक व्यक्ति को लेकर पूछताछ की। उसके न मिलने पर पुलिस ने उसका मोबाइल कब्जे में ले लिया। बाद में पुलिस मोहल्ला गुरथनियां पहुंची। जहां पूछताछ के बाद एक युवक को हिरासत में लिया। हिरासत में लेने के बाद पुलिस उसे लेकर चली गई। नागरिकों में चर्चा है कि हिरासत में लिया गया युवक तंत्र-मंत्र करता है और साथ ही वह चौकी पुलिस का बेहद खास है। यह भी चर्चा है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने मुंबई में तंत्र-मंत्र के जरिए झांसा देकर किसी धनाढ्य वर्ग के लोगों से ठगी की है। चौकी पुलिस इस मामले को लेकर कुछ भी बोलने से इंकार कर रही है।

# गंगा में उतराता मिला युवक का शव

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


जीतू।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद जीतू के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत बलाई गांव में मौसा के यहां आया युवक बीते गुरुवार को गंगा नहाने गया था। तभी वह गहरे पानी में जाने से डूब गया था। गुरुवार शाम डूबे युवक का शव पांच किमी दूर शनिवार को उतराता मिला। नाविक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मां से शव की पहचान कराई। दिवंगत की मां ने बेटे की हत्या का आरोप लगाया तो पुलिस ने मौसा को थाने में बैठाने के साथ परिजनों को पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। दो डाक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम किया। सूत्र बताते हैं कि पीएम रिपोर्ट में युवक की डूबने से मौत होने की बात सामने आई है।

बता दें कि अचलगंज थानाक्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी जीतू रैदास (19) लुधियाना में मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाता था। होली पर बीती सात मार्च को वह घर लौटा था। गुरुवार को क्षेत्र के बलाई गांव निवासी मौसा बुद्धी लाल का बेटा अंकुश उससे मिलने घर आया था। इसके बाद वह मौसा के यहां होली मिलने आया था। जहां से शाम चार बजे बलाई गांव में बने घाट पर गंगा स्नान करने गया था। गंगा नहाते समय जीतू गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख अंकुश ने शोर मचाया लेकिन, उस समय कोई वहां मौजूद नहीं था। इस पर भाग कर वह गांव पहुंचा और घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर ग्रामीण दौड़े और गंगा में छलांग लगाकर उसे खोजने का प्रयास किया लेकिन, सफलता नहीं मिली। जानकारी पर एसओ अचलगंज फोर्स के साथ आए लेकिन, रात होने से उसकी तलाश नहीं हो सकी। शुक्रवार सुबह से ही एसओ संजीव कुशवाहा के साथ पहुंची बीघापुर पुलिस ने गोताखोरों को बुलवाकर कई किमी तक जाल डलवाकर युवक की तलाश कराई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा था। शनिवार सुबह भी उसकी बलाई घाट पर शुक्लागंज से आए गोताखोर तलाश कर रहे थे तभी वहां से पांच किमी दूर कोलुहा गाढ़ा खुटहा गांव के पास नाविकों ने एक शव उतराता देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसकी शिनाख्त की। मां ने युवक के मौसा पर हत्या का आरोप लगाया। इस पर पुलिस ने मौसा को थाने में बैठा लिया। हत्या के आरोप के चलते दो डाक्टर रोहित सिंह व सौरभ सचान ने वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम किया। इसमें डूबने से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई। मां सुमन ने बताया कि पति की मौत के बाद जीतू ही घर का खर्च चलाता था। उसके दोनों बेटे पीयूष, आयुष व बेटी अंजली नाबालिग हैं। उसके एक बीघा खेत भी साहूकार के पास पति की बीमारी के समय से गिरवी रखे हैं। अब उसके सामने बच्चों की परवरिश का संकट खड़ा हो गया है।

# आज सेवानिवृत्त हो जाएंगे 52 परिषदीय शिक्षक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 52 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सेवाकाल 31 अप्रैल को पूर्ण हो जाएगा। इन शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने से पहले से जारी पर्याप्त शिक्षक न तैनात होने की समस्या बढ़ जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जिले के सभी ब्लाकों में शिक्षकों की कमी है। शि वहीं छात्र संख्या के आधार पर शिक्षक तैनात नहीं किए जा पा रहे हैं। ऐसे में 31 मार्च को शिक्षा सत्र समाप्त होने के साथ सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक के घर बैठने से शिक्षकों की कमी बढ़ जाएगी, जिससे विभागीय अधिकारियों को शिक्षकों को इधर-उधर करने को मजबूर होना पड़ेगा। हालांकि बीएसए ने बताया कि शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने के बाद भी कोई विद्यालय शिक्षक विहीन नहीं हो रहा है, जिससे पठन-पाठन कार्य जारी रखने में किसी तरह का व्यवधान नहीं पड़ेगा।

# पंचायत सहायकों का क्रॉप सर्वे से इंकार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


ब्लॉक में मौजूद पंचायत सहायक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को हसनगंज ब्लाक क्षेत्र में तैनात करीब आधा सैकड़ा पंचायत सहायक बीडीओ को सशर्त सामूहिक त्याग पत्र देने पहुंच गए, जिसे बीडीओ ने लेने से इंकार कर दिया। पंचायत सहायकों ने राजस्व विभागीय क्राप सर्वे करने का कार्य सौंपे जाने पर विरोध जताया। कहा कि क्राप सर्वे लेखपाल व कृषि विभागीय कर्मचारियों को करना चाहिए, लेकिन दबाव बनाकर यह कार्य ग्राम पंचायत अधिकारियों से दबाव बनाकर पंचायत सहायकों से कराया जा रहा है, जबकि शासन व प्रशासन की ओर से ऐसे कोई निर्देश नहीं जारी किए गए हैं। कहा कि क्राप सर्वे की वजह से पंचायतीराज विभाग का पीडीआई सर्वे व कार्य योजना फीडिंग कार्य पिछड़ रहा है। इसलिए लेखपाल कृषि विभागीय स्टाफ के क्राप सर्वे में न लगने तक वह किसी तरह का सहयोग नहीं कर सकते हैं। हालांकि बीडीओ अपर्णा का फोन रिसीव न होने से उनसे इस संबंध में बात नहीं हो सकी है।

# बाइक की टक्कर से बाबा और पौत्र हुए घायल

**आसीवन।** थानाक्षेत्र के गांव जारुल्ला नगर निवासी सूरजबली पुत्र पुत्तू अपने सात वर्षीय पौत्र जगजीत को लेकर आसीवन बाजार जा रहे थे। आसीवन चौराहे के पास बाइक ने उनकी साईकिल में टक्कर मार दी। इसमें घायल बाबा व पौत्र को मियागंज सीएचसी लाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इधर, यातायात पुलिस ने लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की है।

# किसान पर मधुमक्खियों ने किया हमला, रेफर

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव


सीएचसी में भर्ती घायल किसान।

**अमृत विचार।** मधुमक्खियों के हमले से खेत में काम कर रहा किसान गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहांसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद निवासी सरवन तिवारी (54) शनिवार सुबह अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी उस पर मधुमक्खियां के झुंड ने हमला कर दिया। इसमें किसान गंभीर घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# शॉर्टसर्किट होने से बिस्कुट एजेंसी में लगी आग, लाखों का सामान जला

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


दुकान से उठती आग की लपटें दूर-दूर तक दिखीं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला अंबिकापुरम में शुक्रवार देररात एक दुकान में शार्टशर्किट होने से आग लग गई। लपटें देख आसपास के लोगों ने दुकान मालिक व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित के अनुसार आग से लाखों का नुकसान हुआ है।

गायत्री नगर मोहल्ला निवासी अरुण शुक्ला ने बताया कि अंबिकापुरम में उनके बेटे अंकित की एक बिस्कुट कंपनी की एजेंसी है। वहां बिस्कुट के अलावा अन्य काफी सामान रखा था। शुक्रवार देररात 12 बजे शार्ट शर्किट होने से दुकान में आग लग गई। जिससे दुकान में रखा सामान धू-धूकर जलने लगा। लपटें उठती देख लोगों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी।

सूचना के करीब एक घंटे के बाद दमकल पहुंची। तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। दो दमकल वाहनों के कर्मियों ने सुबह चार बजे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस भीषण आग से अगल-बगल की दुकानों की दीवारों में भी दरारें आ गईं। दुकान मालिक अंकित ने बताया कि आग से लाखों को सामान व नकदी भी जली है। हालांकि अभी वे आग से होने वाले नुकसान का सही आंकड़ा नहीं बता सके।

- दमकलकर्मियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

# ट्रैक पर मवेशी पड़ा होने से रुकी रही वंदे भारत

**शुक्लागंज।** कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग अंतर्गत सहजनी क्रासिंग के पास इंटरसिटी की टक्कर से एक मवेशी की मौत हो गई। ट्रैक पर शव पड़ा होने से डाउन लाइन का संचालन ठप हो गया। इस कारण से वंदे भारत ट्रेन को गंगाघाट स्टेशन पर ही रोकना पड़ा।

रेल अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे सहजनी क्रासिंग के पास इंटरसिटी की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई। उसका शव ट्रैक पर पड़ा होने से ट्रेनें आगे नहीं बढ़ सकीं। इसी बीच कानपुर सेंट्रल से लखनऊ जा रही वंदे भारत ट्रेन को भी सिग्नल नहीं मिल सका। जिससे वह गंगाघाट स्टेशन पर 11:15 बजे से 11:20 बजे तक खड़ी रही। रूट क्लियर होने पर ट्रेन को रवाना किया गया।

# मन का रावण मार दो, पा जाओगे राम...

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


गंगा आरती करते श्रद्धालु। अमृत विचार

- नित्य गंगा सेवा समिति ने कराया नमामि गंगे पार्क में कार्यक्रम

**अमृत विचार।** बालूघाट स्थित नमामि गंगे पार्क में आयोजित काव्य रस की फुहारों से लोग सराबोर हो गये। गंगामेला समारोह में दूर-दराज से आये एक दर्जन कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर में गंगा मेला की परम्परा को जारी रखते हुए आनंद घाट पर हुए रंगारंग कार्यक्रमों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन में वाणीपुत्रों ने वीर रस व हास्य रस पर कविता पाठ किया।

गंगा मेला के अवसर पर बालूघाट पर नित्य गंगाआरती सेवा समिति की ओर से सार्वजनिक होली गंगामेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के अलावा अन्य स्थानों से आए कवियों व गजल गायकों द्वारा पेश की गई कविताओं व गजलों ने कार्यक्रम में आए लोगों का मन मोह लिया। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर लगी चाट आदि दुकानों पर महिलाओं व बच्चों की भारी भीड़ देखी गई। कार्यक्रम की शुरूआत फाग गायन से हुई। शाम चार बजे नगर के अलावा अन्य स्थानों से आए कवियों का स्वागत मंडल की शिल्पी राकेश दीक्षित ने किया। उन्होंने कहा के बालूघाट पर प्रतिवर्ष इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसके बाद लखनऊ के रामकिशोर तिवारी ने कविता के माध्यम से बताया कि सभी दिशाओं में घुला होली का मकरंद महक उठा उपवन देश में होली हैं। कवित्री शीतल बाजपेई ने कहा कि दसो दिशाएं खोज की ढूंढा चारों धाम मन का रावण मार दो पा जाओगे राम। जिसके बाद दिल्ली के विवेक कुशवाहा, राघव यादव, फतेहपुर के समीर शुक्ला, उन्नाव की प्रियंका शुक्ला, कानपुर के के अग्निहोत्री, अंसार कांबरी, अंशुमान दीक्षित, लखनऊ के सिद्धार्थ शुक्ला, शुक्लागंज के शिवांश शुक्ला सरस, महेंद्र विश्वकर्मा ने कविताओं के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों पर कटाक्ष किया। इस दौरान शाम 5 बजे गंगा की महाआरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद कलाकारों ने राधा कृष्ण की मनोरम झांकियां प्रस्तुत की। इस दौरान मौजूद लोगों ने फूलों की होली खेली। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर लगी चाट आदि की दुकानों पर महिलाओं की खासी भीड़ देखी गई। रंगबिरंगी रोशनी से पूरा कार्यक्रम स्थल रात तक जगमगाता रहा। पिछले वर्षों की अपेक्षा इस बार गंगा मेला में भारी भीड़ उमडी। इस दौरान चेयरमैन कौमुदी पांडे, उनके प्रतिनिधि संदीप पांडे, कमल वर्मा, जगन्नाथ कुशवाहा, डा. महेश चंद्र शुक्ला, केदार तिवारी, केदार सिंह, शिवराम राजपूत, सूर्य कुमार बाजपेई, ध्रुव अवस्थी, आदित्य त्रिपाठी, सुरेश तिवारी, दुर्गा तिवारी, विकास मिश्रा, विनय तिवारी, अभिषेक शुक्ला, अभिषेक तिवारी, अमरेन्द्र गुप्ता समेत अन्य लोग मौजद रहे।

चुनावी चकचक | सजातियों की बहुलता होने से मुकाबले में बनाए रख सकता है एमवाई गठजोड़

# लगने लगे कयास, किसके सिर पर होगा ताज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** उन्नाव संसदीय सीट पर भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज और इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अन्नू टंडन के बीच हो रहे सीधे मुकाबले में सत्तारूढ़ दल भाजपा के प्रत्याशी को भले ही भारी माना जा रहा है। लेकिन, एमवाई के गठजोड़ के साथ अन्य पिछड़ी जातियों का सपा की ओर झुकाव होने से ऊंट दूसरी करवट भी बैठने के कयास राजनीतिक चर्चाओं में लगाए जा रहे हैं। शुरुआती दौर के प्रचार अभियान में राजनीतिक पंडित भी हार-जीत का दावा नहीं कर पा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सत्तारूढ़ दल की वोट बैंक कही जाने वाली ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य व लाला समेत अन्य अगड़ी जातियों के साथ उन्नाव लोकसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में रहने वाले सजातीय (लोधी) मतदाताओं द्वारा लामबंद होकर मतदान करने की वजह से साक्षी महाराज लगातार दो बार विजय-श्री पाने में कामयाब हो चुके हैं। वहीं जीत की हैट्रिक बनाने के लिए भाजपा में जबरदस्त आत्मविश्वास है। निर्वतमान सांसद साक्षी महाराज भी जगह-जगह बैठक कर आने वाले दिनों की चुनावी रणनीति बनाने में लगे हुए हैं। लोगों का फिलहाल विश्वास उन्हीं पर नजर आ रहा है जो जातीय समीकरण के हिसाब से काफी सटीक भी बैठता है। पिछले दो चुनाव 2014 और 2019 में लोधी मतदाता ही साक्षी महाराज को भारी अंतर से जितवाने का सबसे बड़ा कारण बना था। वहीं, गठबंधन प्रत्याशी अन्नू टंडन भी अपना खोया निजाम पाने के लिए शहरी क्षेत्र के अलावा गांव-गांव की खाक छानती दिख रही हैं। हालांकि संसदीय सीट में टंडन बिरादरी के मतदाता न के बराबर हैं। लेकिन, जनाधार खोने के बाद भी कांग्रेस को जिले में मजबूती से खड़ा कर वह अपना परचम लहरा चुकी हैं। इसलिए जीत का आधार बनने वाले मतदाताओं की नाराजगी मतदान तक कायम रहने पर वह सत्तारूढ़ दल को पटखनी देने में कामयाब हो सकती हैं। क्योंकि, इससे पहले वह मल्लाह व लोधियों के बीच रोटी-बेटी का संबंध कायम कर जिले की राजनीति में खुद को अहम साबित करने वाले पूर्व मंत्री स्व. मनोहर लाल के वारिश दीपक कुमार तक को शिकस्त देने में कामयाब हो चुकी हैं।

### पहचान के लिए जद्दोजहद कर रहे बसपा के अशोक

भाजपा व सपा प्रत्याशी जहां काफी पहले से मतदाताओं में पैठ बनाने लगे थे। वहीं बसपा प्रत्याशी अशोक पांडेय को कैडर व सजातीयों में अभी राजनीतिक पहचान बनानी बाकी है। हालांकि, वे भगवंतनगर विधान सभा क्षेत्र के मूल निवासी हैं और बीते कुछ वर्षों से सजातीयों के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित कराते रहे हैं। साथ ही उस क्षेत्र में परिवार का महाविद्यालय भी है। इसलिए भगवंतनगर क्षेत्र में तो वे किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं लेकिन, अन्य विधानसभा क्षेत्रों में उन्हें पहचान बनाने को जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

# हाईवे में हुए हादसों में छह लोग घायल

**नवाबगंज।** लखनऊ के चिनहट थानाक्षेत्र निवासी आशा (42) पत्नी निर्मल, उसकी बेटी आयुषी (19), खुशबू (30) पत्नी दीपक कुमार व रूपा पत्नी राजू तिवारी निवासीगण तेलीबाग लखनऊ शुक्रवार को वैन से कानपुर गये थे। देररात लखनऊ लौटते समय सोहरामऊ थानाक्षेत्र के आशाखेड़ा चौराहे के पास वैन में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे चारों महिलाओं समेत वैन चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पहुंची ने एम्बुलेंस से उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद आशा व उसकी बेटी आयुषी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं हाईवे पर ही भल्ला फार्म तिराहे के पास शनिवार दोपहर एक बाइक में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार संत कुमार पुत्र गंगा प्रसाद गंभीर घायल हो गया। उसे भी जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# ...तो पुलिस की शह पर काटे जा रहे पेड़

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव



लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पास खड़े पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- हरे पेड़ की लकड़ी के साथ पुलिस कर्मियों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल

**अमृत विचार।** क्षेत्र में प्रतिबंधित हरे व फलदार पेड़ों की कटान धड़ल्ले से जारी है। बीते करीब एक माह में क्षेत्र में एक दर्जन स्थानों पर अवैध रूप से पेड़ों की कटान हो चुकी है। लेकिन, वन कर्मी व पुलिस अवैध कटान रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। शनिवार को भी ट्रैक्टर-ट्राली पर लदी हरे पेड़ की लकड़ी के साथ पुलिस कर्मियों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। हालांकि अमृत विचार वायरल फोटो की पुष्टि नहीं करता है।

बता दें कि बीते करीब एक माह से बांगरमऊ तहसील क्षेत्र में लकड़कट्टों द्वारा बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में ब्योली इस्लामाबाद जाने वाले मार्ग किनारे स्थित एक महाविद्यालय के पास दर्जनों हरे आम के पेड़ों को काटा जा चुका है। इसी प्रकार कोतवाली बांगरमऊ अंतर्गत गांव जगटापुर में भी हरे प्रतिबंधित पेड़ों को काटकर भार वाहनों से ले जाया जा चुका है। यही नहीं कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव ईसेपुर-फतेहपुर हमजा मार्ग के दाईं ओर लकड़कट्टों द्वारा दर्जनों आम के पेड़ काट डाले गए। जबकि मार्ग के दाईं ओर एक बाग के सभी हरे व फलदार वृक्षों का सफाया कर दिया गया है। अभी चंद दिनों पूर्व गांव मुस्तफाबाद व मऊ के पास से भी लकड़कट्टों ने प्रतिबंधित पेड़ों पर जमकर आरा चलाया जा चुका है। शनिवार को एक फोटो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रही है। जिसमे दो अलग-अलग बाईकों से दो पुलिसकर्मी खड़े दिख रहे हैं और पास में एक हरे पेड़ की कटी लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी है। इस फोटो से जिम्मेदारों की घोर लापरवाही व मिलीभगत की पोल खुल गई है। वायरल फोटो में दिख रहा है कि लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्राली कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के कलवारी रोड स्थित हसनापुर चौराहे की है। पुलिस फोटो को लेकर बचाव में जुटी है।

# विशिष्ट दर्शन के लिए बनेंगे पास, अनुमोदन अनिवार्य

## दो-दो घंटे के छह स्लॉट में बनाए जाएंगे रोज 600 पास

कार्यालय, अयोध्या

- निर्धारित समय में ही श्रद्धालुओं को करने होंगे रामलला के दर्शन

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में रामलला के दर्शन के लिए बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर अब श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से विशिष्ट दर्शन पास की सुविधा दी जायेगी। दो-दो घंटे के छह स्लाटों में रोजाना करीब 600 पास बनाए जाने की योजना बनाई गई है। खास बात यह है कि विशिष्ट दर्शन के लिए विशिष्ट पास तभी बनाया जाएगा जब ट्रस्ट ने उसके लिए अनुमोदन किया हो। बिना अनुमोदन के पास नहीं बनाए जाएंगे।

ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के अनुसार राम कचेहरी स्थित ट्रस्ट कार्यालय में विशिष्ट पास और सुगम दर्शन के लिए पास के लिए एक अलग काउंटर भी बनाया गया है। दो अतिरिक्त ऑपरेटर तैनात करने के साथ अन्य व्यवस्था की गई है। पास धारक श्रद्धालुओं को तय समय सीमा में ही गेट नंबर दो रंगमहल बैरियर से प्रवेश दिया जा रहा है। हालांकि दबाव को देखते हुए यहां व्यवस्था और कड़ी की गई है।

### रामलला को पहनाया जाएगा सूती वस्त्र

**अयोध्या।** गर्मी का मौसम के प्रारंभ होने के साथ रामलला को गर्मी से बचाने के लिए अब सूती वस्त्र धारण कराया जाएगा। इसके साथ ही उनके भोग में भी बदलाव किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक हथकरघा सूती और मलमल वस्त्र तैयार कराया गया है। जिस पर फूलों का गोटा भी लगाया गया है। रामलीला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने शनिवार को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान ठंड पड़ रही थी। इस कारण उन्हें मखमली और मोटे वस्त्र धारण कराए गए थे।



### हर स्लॉट में 100 विशिष्ट पास, 20 ऑनलाइन

ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के अनुसार हर स्लाट में 100 विशिष्ट पास बनेंगे। इनमें से 20 ऑनलाइन होंगे और 80 विशिष्ट पास ट्रस्ट के अनुमोदन पर विशिष्ट व्यक्तियों के लिए बनाए जाएंगे। इनमें संत - धर्माचार्य, प्रशासनिक और न्याय विभाग को शामिल किया गया है। विशिष्ट पास में समय भी अंकित रहेगा। उसी के अनुसार दर्शन करना होगा। निर्धारित समय स्लाट से अतिरिक्त वह विशिष्ट पास प्रयोग नहीं किया जा सकता है।

### यह स्लाट किए गए हैं निर्धारित

- पहला स्लाट सुबह सात बजे से नौ बजे तक।
- सुबह नौ बजे से 11 बजे तक।
- दोपहर एक बजे से तीन बजे तक।
- दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक।
- शाम पांच बजे से सात बजे तक।
- शाम सात से रात्रि नौ बजे तक।

**निर्धारित स्लाट के विशिष्ट पास का समय परिवर्तित नहीं होगा।**

# हत्या के मामले में पिता व दो बेटों को आजीवन कारावास

संवाददाता, बलरामपुर

- न्यायालय ने दोनों पर लगाया 40-40 हजार रुपये का जुर्माना

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश ने हत्या के मामले में पिता और दो पुत्रों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषियों को 40-40 हज़ार रुपए अर्थदण्ड की सज़ा सुनाई है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि विमलावती ने देहात कोतवाली बलरामपुर पर मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि उसके लड़के विश्वेश्वर को 14 अक्टूबर 2010 को गांव के ही अरुण कुमार, तरुण कुमार और रामसागर घर से बुलाकर ले गए और गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मुकदमा लिखकर कर विवेचना के बाद तीनों के खिलाफ़ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

सत्र परिक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने छह गवाहों को न्यायालय ने पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के न्यायाधीश सभी को हत्या का दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। अर्थ दण्ड अदा न करने पर दोषियों को 15-15 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

### भाभी की हत्या के दोषी देवर को उम्रकैद, अर्थदण्ड

**प्रतापगढ़।** विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट स्नेह लता सिंह ने अपने भाभी की हत्या करने वाले विकास पटेल निवासी भरदारपुर, थाना महेशगंज को हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदंड से दण्डित किया।वादी मुकदमा संजय कुमार पटेल के अनुसार घटना 29 जनवरी 2021 को वह विद्यालय में पढ़ाने गया था,तभी उसको सूचना मिली कि उसकी पत्नी सरिता पटेल को उसके भाई विकास पटेल ने दिन में एक बजे लकड़ी के मोटे डंडे से सिर पर मार कर घायल कर दिया। इलाज के लिए सीएचसी कुण्डा ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई। राज्य की ओर से पैरवी फौजदारी के सहायक शासकीय अधिवक्ता अनिल मिश्र ने की।

### मारपीट व जानलेवा धमकी पर 5 हजार का अर्थदण्ड

**प्रतापगढ़।** विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट हरिविंदर सिंह ने सूर्यबली सिंह निवासी जमालपुर मजरे पूरनपुर खास, थाना जेठवारा को मारपीट, गाली देने व जान से मारने के आरोप में दोषी पाते हुए पांच हजार रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया है। वादिनी के अनुसार 8 मई 2011 की शाम उसका लड़का अंकुश सरोज व सूर्यबली का लडका राजा क्रिकेट खेल रहे थे।

# गंगा में समाए तीनों दोस्तों का शव बरामद, परिजनों में मचा हाहाकार

संवाददाता, प्रतापगढ़/कौशाम्बी

- एसडीआरएफ व नाविकों ने कड़ी मशक्कत के बाद युवकों के शवों को बाहर निकाला
- कौशाम्बी से गंगा स्नान करने आये पांच दोस्त आये थे मानिकपुर के करेंटी घाट

**अमृत विचार :** कौशाम्बी और प्रतापगढ़ की सीमा पर गंगा दी में स्नान करने आए कौशांबी के तीन दोस्त गहरे पानी में समा गए थे। इनमें से दो का शव शनिवार को मिल सका। नाविकों और नएसडीआरएफ ने कड़ी मेहनत के बाद शवों को बाहर निकाला। एक युवक का शव शुक्रवार को ही मिल गया था। मृत युवकों के परिजन गंगा घाट पर रो रो कर बेहाल रहे।

कौशाम्बी जनपद के सिराथू तहसील के कोखराज थानांतर्गत पांच दोस्त गंगा स्नान के लिए मानिकपुर के करेंटी घाट आए हुए थे। इसमें तीन युवक अभिषेक पटेल, शुभम पाल और आदित्य जायसवाल गंगा में नहाते समय गहरे पानी में चले गए थे। मौके पर पहुंची मानिकपुर पुलिस ने नाविकों व जल पुलिस की मदद से घटना के चार घंटे बाद आदित्य का शव ढूंढ़ निकाला था, लेकिन बाकी दोनों का पता नहीं चल सका था। शुक्रवार देर शाम तक एसडीआरएफ टीम रात में कुछ न कर सकी। शनिवार सुबह से ही युवकों की तलाश शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद शुभम का शव घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर ढूंढ निकाला। तीसरे युवक अभिषेक पटेल की तलाश में एसडीआरएफ टीम ने क्षेत्रीय मछुआरों के साथ दिलेरगंज, शुकुलपुर व हौदेश्वर नाथ घाट तक खोजबीन की।अभिषेक के परिजन बदहवास हालत में करेंटी घाट पर बैठे।दोपहर बाद अभिषेक का भी शव करेंटी गंगा घाट से कुछ दूर आगे उतराया हुआ एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया। शव देख परिजन दहाड़ें मारकर रोने लगे। एसओ मानिकपुर जयचंद भारती ने बताया कि शनिवार को मिले दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुरोहितों को सचेत किया गया है कि उस स्थान पर कोई स्नान न करने पाए।

### टिकट निरस्त न कराता तो बच जाता शुभम

युवकों के घर वालों को जानकारी हुई तो वह घाट पर पहुंचे। शुभम के पिता आत्माराम ने बताया कि वह उनका इकलौता बेटा है। दो बहनों की शादी हो चुकी है। शुभम चंडीगढ़ शहर में प्राइवेट काम करता है। होली की छुट्टी पर वह घर आया था। गुरुवार को ही उसका टिकट चंडीगढ़ जाने का था, लेकिन दोस्तों के साथ मौज मस्ती के चक्कर में उसने टिकट निरस्त कराते हुए शनिवार को बुक कर दिया था। छाती पीट-पीट कर रो रहे आत्माराम व उसकी पत्नी संगीता का यही कहना रहा कि यदि शुभम टिकट कैंसिल न कराता तो यह दिन देखने को न मिलता।

### मेधावी थे आदित्य व अभिषेक पटेल

करेंटी घाट पर पहुंचे आदित्य व अभिषेक पटेल के परिवार वालों ने बताया कि दोनों बीएससी तृतीय वर्ष के मेधावी छात्र हैं। सभी की आपस में अच्छी दोस्ती थी। सुबह साढ़े 10 बजे ही आदित्य, अभिषेक पटेल समेत शुभम, अभिषेक व शशांक ने गंगा स्नान करने का मन बना लिया था। पांचों लोग दो बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। आदित्य के पिता वीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि वह उनकी पहली पत्नी का इकलौता बेटा है। जबकि दूसरी शादी उन्होंने विद्या देवी से की थी। जिनसे बेटा पुष्पेंद्र व बेटा उपासना हैं। आपस में सभी भाई-बहन खुशी से रहते थे। कभी भी किसी ने सौतेला व्यवहार नहीं किया। शुक्रवार का दिन उनकी जिंदगी में आफत बनकर टूट पड़ा।

# 'वोट की चोट से भाजपा को बेदखल करेगी जनता'

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय पर शनिवार को कांग्रेसियों ने इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी तनुज पुनिया के नेतृत्व में पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने और आयकर विभाग द्वारा जारी नोटिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। तनुज पुनिया ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा। इस दौरान तनुज पुनिया ने कहा कि देश की भाजपा सरकार में भारतीय लोकतन्त्र को खत्म करने की प्रक्रिया चिन्ताजनक रूप से बढ़ रही है। आयकर विभाग को सिर्फ कांग्रेस पार्टी दिखायी दे रही है। भाजपा की कमियों पर वह आंख मूंदकर बैठा है।

उन्होंने कहा कि जान बूझकर लोकसभा चुनावों के बीच में आयकर आतंक थोपे जाने से हम कांग्रेस निराश होने वाले नहीं है। हमारे खाते फ्रीज हैं। आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रूपये निकाल लिये और हमें 1828.08 करोड़ रूपये भुगतान का नया नोटिस भेजा है। जबकी इसी आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ की वसूली पर आयकर विभाग के आंखों पर पट्टी बंधी है। देश और संसदीय क्षेत्र की जनता भाजपा के संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग की कहानी देख रही है।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दस्तावेज तैयार

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट आयोजनों का दस्तावेज तैयार कर रहा है। एक स्मारिका पुस्तिका भी बनाई जाएगी, जिसमें शामिल साधु संतों और विशिष्ट अतिथियों के अनुभव की राय ली जा रही है।

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में देश के अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े लगभग आठ हजार विशिष्ट अतिथि और संत धर्म आचार्य शामिल हुए थे। महोत्सव को देश के पांच लाख मठ मंदिरों में भी मनाया गया था। इसको लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रमुख साधु-संतों से लिखित रूप से आयोजन के संबंध में अनुभव की जानकारी जुटा रहा है। बाहर रहने वालों से सोशल मीडिया से राय मांगी जा रही है।

# कारोबारी से मांगी 40 लाख की रंगदारी

संवाददाता, रानीगंज प्रतापगढ़

- बाइक सवार बदमाशों ने एक हफ्ते पहले किया था पीछा
- पैसा न देने पर दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार :** सर्राफा कारोबारी के मोबाइल पर कॉल कर 40 लाख रूपये की रंगदारी मांगी गई। रकम न देने पर पिता की तरह उसके भी हत्या करने की धमकी दी गई है। धमकी से व्यापारी परिवार समेत सहमा हुआ है।एक हफ्ते पहले व्यवसायी का बाइक सवार बदमाशों ने पीछा भी किया था। शिकायत के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

रानीगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर चौहरी निवासी गोविंदा सोनी की प्रयागराज जनपद के मऊआइमा थानांतर्गत तिलई बाजार में सोने चांदी के आभूषण की दुकान है। शुक्रवार को दोपहर मे गोविंदा सोनी के मोबाइल पर कॉल आई कि 40 लाख रुपया दे दो नहीं तो उसके पिता की तरह हफ्ते भर के भीतर उसकी भी हत्या कर दी जाएगी। फोन कॉल पर मिली धमकी से गोविंदा सहम गया, परिजनों को बताया।

शनिवार को मामले की जानकारी रानीगंज पुलिस को दी। बताया कि 22 मार्च को दुकान से वापस लौटते समय दो बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने पीछा किया था। किसी तरह जान बचाकर भाग लिया था। एसओ रानीगंज आदित्य सिंह,सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के साथ शनिवार की शाम घटना की जांच करने व्यवसायी की दुकान मऊआइमा के तिलई बाजार पहुंचे।

### 2017 में कारोबारी के पिता को हत्या कर लूटे थे आभूषण

- गोविंदा सोनी के पिता बद्री प्रसाद सोनी पहले तिलई बाजार में सर्राफा की दुकान चलाते थे। वर्ष 2017 में 9 अक्टूबर को प्रतापगढ़ से लौटते समय बदमाशों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी और सोने चांदी के आभूषण लूट लिए थे। घटना के समय परिजनों को पुलिस प्रशासन की तरफ से शस्त्र लाइसेंस व सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का आश्वासन भी मिला था। वह आज तक पूरा नहीं हुआ,इस बात से व्यवसायी के परिजन आहत हैं।

# ट्रेन पकड़ कानपुर पहुंची निरीक्षक की मां

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में शुक्रवार रात अपने समूह से बिछड़ी बुजुर्ग महिला ट्रेन पकड़ कानपुर पहुंच गई। महिला ने किसी के मोबाइल से थाने पर फोन कराया तो तलाश में जुटे परिवार को राहत मिली।

महिला का एक बेटा छत्तीसगढ़ में डीजीपी मुख्यालय में निरीक्षक के पद पर तैनात है। कानपुर के ककवन थाना क्षेत्र स्थित ककवन निवासी उर्मिला (70) शुक्रवार को एक प्राइवेट बस से क्षेत्र के अन्य लोगों के साथ रामलला का दर्शन-पूजन करने के लिए आईं थीं। इसी दौरान वह रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र में अपने समूह से बिछड़ गईं थीं। परिजनों ने तलाश शुरू कराई थी और बेटे ठाकुर अभय प्रताप सिंह ने तलाश में मदद के लिए अयोध्या के जिलाधिकारी और एसएसपी को ट्वीट किया था। बुजुर्ग महिला के बेटे अभय प्रताप सिंह ने शनिवार को बताया कि ककवन थाने से फोन आया कि उनकी मां ट्रेन से बिल्हौर रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली है, उनको रिसीव कर लें। कहा कि समूह से बिछड़ी मां किसी से पूछकर वापस घर आने के लिए ट्रेन पर सवार हो गईं और नजदीक पहुंचने पर किसी यात्री के मोबाइल से फोन कराया था।

# पूर्व विधायक पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

संवाददाता, प्रयागराज

- फर्जी कंपनी बनाकर जमा कराते थे लोगों का पैसा, लाखों रुपये हड़पने का मामला

**अमृत विचार।** फर्जी कंपनी बनाकर लोगों का पैसा जमा करने और पैसा वापस न के मामले में अपना दल एस के राष्ट्रीय महासचिव वह पूर्व विधायकके खिलाफ कोरांव पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।



जानकारी के मुताबिक सोनी देवी पत्नी विनोद निवासी महेवा पश्चिम पट्टी थाना नैनी ने सोराव के पूर्व विधायक व अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव जमुना प्रसाद सरोज के खिलाफ कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। जिसके बाद शनिवार को न्यायालय के आदेश पर नैनी पुलिस ने धोखाधडी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। सोनी देवी के मुताबिक जमुना प्रसाद फर्जी कम्पनी में पैसा जमा कराने के नाम पर धोखा देकर 45 लाख रूपये लिया था। अब मांगने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने देते थे। वही विनोद पुत्र रामसजीवन निवासी 55 महेवा पश्चिम पट्टी थाना नैनी ने भी बताया कि जमुना प्रसाद द्वारा फर्जी कम्पनी में पैसा जमा कराने के नाम पर धोखा देकर 5 लाख रूपये ले लिए थे। वापस मांगने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दे रहे है।

कई बार थाने पर शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई जिसके बाद न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। शनिवार को न्यायालय के आदेश पर जमुना प्रसाद पुत्र श्रीराम निवासी महेवा पश्चिम पट्टी के खिलाफ 156(3) सीआरपीसी 190/24 धारा 420/406/504/506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में लाइन इंस्पेक्टर यशपाल सिंह का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### 2017 से 22 तक रहे विधायक

जमुना प्रसाद सरोज 2017 से 2022 तक विधानसभा की सीट से अपनादल एस इसके विधायक चुने गए थे। इसके साथ ही फरवरी 2022 में इन्हें प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया था। उसके बाद इन्हें राष्ट्रीय महासचिव का पद दिया गया है। इस समय मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी भी है।

# मुख्तार की तन्हाई बैरक के सीसीटीवी फुटेज सील

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- आठ कैमरों का दो माह का रिकार्ड सुरक्षित किया गया

**अमृत विचार।** मुख्तार अंसारी की तन्हाई बैरक की निगरानी में लगे आठ सीसीटीवी कैमरों के फुटेज सील कर दिए गए हैं। इसके साथ ही मुख्तार को कौन-कौन बीमारियां थीं किससे, कब और कहां इलाज कराया गया, कौन सी दवाएं चल रहीं थीं, इन सबकी रिपोर्ट जेल प्रशासन तैयार कर रहा है। जिला जज, सीजेएम, डीएम और एसपी बांदा जेल का निरीक्षण कर चुके हैं।

सीजेएम ने मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक और डीएम ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए थे। जेल सूत्रों के हवाले से मुख्तार की तन्हाई बैरक और उसकी निगरानी में लगे आठ सीसीटीवी के दो माह के फुटेज सील किए गए हैं। सीनियर जेल सुपरिटेंडेंट वीरेशराज शर्मा ने बताया कि बैरक और फुटेज सील करने के अलावा मुख्तार के हेल्थ डोजियर की रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। जैसे उसे कौन सी बीमारियां थीं, किन डॉक्टरों ने चेकअप किया, दवाएं कौन सी चल रही थीं, इस रिपोर्ट को मुख्यालय भेजने के अलावा जांच के लिए भी प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्तार की सुरक्षा में हर माह अलग-अलग डिप्टी जेलर और वार्डर तैनात होते थे। उनके बयान भी मुख्यालय भेजे जाएंगे।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सामूहिक दुष्कर्म के साढ़े आठ साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार का अर्थदंड लगाया है। जबकि दूसरे आरोपी का मामला किशोर बोर्ड में चल रहा है।

विशेष लोक अभियोजक रूद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मौदहा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 13 जून 2015 को दोपहर उसकी 15 वर्षीय बेटी (पीड़िता) मवेशियों को पानी पिलाने अपनी दूसरी बखरी में गई थी। पीड़िता ने अपने बयान में अदालत को बताया कि तभी रास्ते में किशोर व बीरेंद्र ने उसका हाथ पकड़कर उसे खींचकर बीरेंद्र के घर में ले गए। दरवाजा बंद कर दोनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उसकी मां ढूंढते हुए आई और दरवाजा की कुंडी खोली। जब वह बाहर निकली तो दरवाजे पर सुरेंद्र, जय सिंह व रिषी मौजूद थे। पुलिस ने किशोर सहित बीरेंद्र के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। मामले में अदालत ने दोषी बीरेंद्र को 20 साल के कठोर कारावास व 20 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### छेड़खानी के आरोपी को पांच वर्ष कारावास

**हमीरपुर।** बालिका के साथ आठ साल पूर्व छेड़खानी करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने दोषी को पांच वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक अवध नरेश सिंह चंदेल ने बताया कि मुस्करा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने दी तहरीर में बताया था कि 16 नवंबर 2015 की दोपहर करीब एक बजे उसकी नौ वर्षीय बेटी (पीड़िता) खेतों में भेड़ चराने गई थी। तभी गांव निवासी दोषी धर्मेंद्र आया और उसे बहला फुसलाकर जंगल की ओर ले गया। बुरी नीयत से उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। पीड़िता के चिल्लाने पर वह लोग मौके पर पहुंच गए। उन्हें देखकर दोषी मौके से भाग गया। पुलिस ने दोषी के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज कर आरोप पत्र अदालत में पेश किया था। मामले में अदालत ने दोषी धर्मेंद्र को पांच वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

नवदिया आश्रम में 99वां उत्सव | ब्रिटिश काल में फर्रुखाबाद के डीएम के यहां पेशकार हुआ करते थे महात्मा रामचंद्र महाराज

# महात्मा रामचंद्र की समाधि पर माथा टेकने वालों का तांता

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- उत्सव में दूरदराज से हिंदू मुस्लिम समाज के लोग एक साथ लेते हैं भाग

**अमृत विचार।** सूफी संत महात्मा रामचंद्र महाराज के नवदिया स्थिति आश्रम पर 99वां वार्षिक उत्सव शुरू हो गया है। इस उत्सव में देश भर के महात्मा रामचन्द्र महाराज के अनुयायी यहां पहुंच उनकी समाधि पर माथा टेक रहे हैं।

सबसे खास बात यह है कि इस उत्सव में हिन्दू, मुस्लिम एक साथ हिस्सा लेकर अध्यात्म की अनूठी गंगा में गोता लगा रहे हैं। इसी क्रम में दिल्ली गांधीनगर के बीजेपी विधायक अनिल बाजपेई ने यहां आकर महात्मा रामचंद्र की समाधि पर मत्था टेका। विधायक ने बताया कि वह 1985 से लगातार फर्रुखाबाद महात्मा रामचंद्र की समाधि पर आ रहे हैं। बताते चलें कि महात्मा रामचंद्र महाराज ब्रिटिश काल में फर्रुखाबाद के डीएम के यहां पेशकार हुआ करते थे। वह शुरुआत से ही सूफी साधना में मस्त रहते थे। एक दिन एक कमिश्नर डीएम कार्यालय का मुआयना करने आ गए। जिस समय कमिश्नर यहां पहुंचे उस समय महात्मा रामचंद्र ध्यान में लीन थे। कमिश्नर ने मुआयना किया तो पेशकार का काम सबसे बेहतर पाया। कमिश्नर ने पेशकार को इनाम दिया। महात्मा रामचंद्र की जब समाधि खुली तो उन्हें पता चला कि कमिश्नर कार्यालय में एकाएक आ गए थे। वह भागे हुए ऑफिस पहुंचे और डीएम से क्षमा याचना करने लगे। डीएम ने कहा कि क्षमा याचना क्यों कर रहे हो।

कमिश्नर के मुआयने के समय तुम उपलब्ध थे। कमिश्नर ने तुम्हें पुरस्कृत भी किया है। महात्मा रामचंद्रजी को जब यह जानकारी लगी तो वह डीएम के सामने रोने लगे। उन्होंने सोचा कि अब उनका काम परमात्मा करने लगा है। वह अब परमात्मा को अपने काम के लिए कष्ट देना नहीं चाहते। यही सोचकर उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया और अखंड साधना में लीन हो गए। महात्मा रामचंद्रजी फतेहगढ़ में ही देहत्यागी। फतेहगढ़ की नवदिया स्थित उनकी समाधि बनी हुई है। महात्मा रामचंद्र के विश्व भर में आश्रम चल रहे हैं और सूफी संत हर वर्ष यहां आकर महात्मा जी की समाधि स्थल पर गहन ध्यान में डुबकी लगाकर आत्मिक आनंद और मानसिक शांति की अनुभूति कर रहे हैं। जिसमें भारी संख्या में लोग पहुंचकर महात्मा जी की समाधि पर माथा टेक रहे हैं। महात्माजी के करीबी दिनेश सक्सेना बताते हैं कि वह हर समय ध्यान में लीन रहते थे। दीन दुनिया से उन्हें कोई मतलब नहीं था। आज पूरे विश्व मे हर जाति हर मजहब के लोग उनके अनुयायी हैं।



महात्मा जी की समाधि पर माथा टेकते भक्त। अमृत विचार

# उपकेंद्र में लगी आग 40 गांवों की बत्ती गुल

**रायबरेली।** गर्मी शुरू होते ही आग ने तांडव मचाना शुरू कर दिया है। अब तक दर्जनों जगहों पर अग्निकांड की घटनाएं हो चुकी हैं। इन घटनाओं में जानमाल का भी नुकसान भी होता रहता है, लेकिन जिम्मेदार महकमा अग्निकांड से बचाव को लेकर जरा भी सजग नहीं रहता है। केवल रस्म अदायगी तक ही सीमित है। जिले में अब तक हर बार अग्निकांड की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन इससे बचाव के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। बछरावा विकास क्षेत्र के अंतर्गत विशुनपुर में बने विद्युत उपकेंद्र में शुक्रवार की देर शाम 8 बजे अचानक उपकेंद्र में लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग लगते ही उपकेंद्र के अंदर मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। मौजूद कर्मचारियों द्वारा पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई।

# चुनाव ट्रेनिंग के लिए मास्टर ट्रेनर्स तैयार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया और पार्टी रवानगी कराने तक दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर कार्मिकों का प्रशिक्षण देने के लिए शनिवार को मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। सकुशल चुनाव संपादित कराने के लिए विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी. इंदुमती के पर्यवेक्षण एवं मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रसून राय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी सलीम खान द्वारा ईवीएम से मतदान प्रक्रिया, पार्टी रवानगी से मतदान कराने तक का बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षण को संवेदनशीलता के साथ बारीकी समझ लें। जिससे मतदान में लगाए गए कार्मिकों को भलीभांति प्रशिक्षण दिया जा सके और मतदान में दिक्कत न हो सके। प्रशिक्षण को ध्यानपूर्वक देखे और सीखें। प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, परियोजना निदेशक डीआरडीए शेषमणि सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रसून राय, उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, जिला उद्यान अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# आम चुनाव सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव

आम चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। सामान्य संवाद की भाषा बदल गई है। शब्द आक्रामक हो गए हैं। संवाद की शालीनता समाप्त हो रही है। कायदे से दलतंत्र को लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। संवाद की भाषा परस्पर प्रेमपूर्ण होनी चाहिए। दल परस्पर शत्रु नहीं हैं। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को आमजनों तक ले जाने और मजबूत करने के उपकरण हैं। लेकिन शब्द अपशब्द हो रहे हैं। वैचारिक आधार पर दलों के मध्य बहस नहीं है। प्रधानमंत्री तक को अपशब्द कहे गए हैं। भारत के आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव हैं। लेकिन अपशब्दों के प्रयोग वातावरण को उत्पन्न कर रहे हैं। आचार संहिता में निर्देश दिए गए हैं कि सभी दल और उम्मीदवार जाति, सम्प्रदाय, पंथिक समूह या भाषाई समूहों के मध्य अलगाववाद बढ़ाने से दूर रहेंगे। परस्पर विद्वेष और तनाव बढ़ाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। संहिता में राजनीतिक दलों की नीतिगत आलोचना की छूट दी गई है। आलोचना में भी संयम बरतने के निर्देश हैं। सबसे बड़ी बात है कि नेताओं और कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी की आलोचना नहीं करेंगे। आदर्श चुनाव आचार संहिता में इसी तरह के तमाम संयम की अपेक्षा की गई है। इस सब के बावजूद व्यक्तिगत आरोपों के माध्यम से वातावरण को बिगाड़ने का काम हो रहा है।

शब्द की शक्ति बहुत बड़ी है। शतपथ ब्राह्मण के ऋषि ने वाणी को विराट कहा है। बाइबल में घोषणा है कि सबसे पहले शब्द था-'इट वाज लोगोस फर्स्ट'। महर्षि पतंजलि ने शब्द को ब्रह्म कहा है। शब्दों के सदुपयोग से सृजन की गतिविधि चलती रही है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में ध्यान दिलाया है कि एक ही शब्द का स्थान के अनुसार प्रयोग भिन्न भिन्न अर्थ देता है। कबीरदास ने भी कहा है कि, ''शब्द की मार बड़ी है।'' शब्द साधना स्तुतियों, काव्य और गीतों में प्रकट होती है। शब्द संयम अपरिहार्य है। ऐतरेय उपनिषद के शांति पाठ में प्रार्थना है, "हे परमात्मा मेरी वाणी मन में स्थित हों और मन वाणी में स्थित हो जाए। मेरे मन और वाणी साथ साथ काम करे। मेरे संकल्प और वचन विशुद्ध होकर एक रहे। मेरा सुना हुआ और अनुभव में आया हुआ ज्ञान मेरा त्याग न करे। मेरा ज्ञान मुझे सदा स्मरण रहे।" मन का अनुशासन जरूरी है। अनुशासित मन से सुन्दर शब्द और अर्थ निकलते हैं। मन और वाणी एक साम्य में हमारा मार्गदर्शन करें। ऋषि संकल्प करते हैं, "मैं अपनी वाणी से सदा ऐसे ही शब्दों का उच्चारण करूंगा, जो दोषरहित हो। मैं सत्य बोलूंगा-सत्य बदिष्यामि। मेरी रक्षा करो। वक्ता की रक्षा करो। भारतीय परंपरा में शब्द अनुशासन पर अतिरिक्त जोर दिया गया है।"



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, "सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी। दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है।

सृष्टि के जन्म और विकास के अनेक सिद्धांत हैं। चार्ल्स डारविन का सिद्धांत विकासवादी कहा जाता है। स्टीफन हाकिंग जैसे ब्रह्माण्ड विज्ञानी सृष्टि के उद्भव पर काम करते रहे हैं। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानियों का कथन है कि एक समय सृष्टि का सारा पदार्थ और ऊर्जा एक छोटे से बिंदु पर थी। इसे ब्रह्म अण्ड भी कहा जाता है। अत्यधिक दबाव के कारण ब्रह्म अण्ड फूटा। उसके कण गतिशील हुए और इस तरह सृष्टि का विकास आगे चल पड़ा। वैज्ञानिक कार्ल सागन ने इसे कॉस्मिक एग 'ब्रह्म अण्ड' कहा है। ऋग्वेद में इसे हिरण्यगर्भ कहा गया है। हिरण्य का अर्थ स्वर्ण या कोई अति चमकीली धातु है। ऋग्वेद में कहते हैं कि सबसे पहले हिरण्यगर्भ ही थे। ऐतरेय उपनिषद ऋग्वेद के आरण्यक का भाग है। उपनिषद (खण्ड 1-4) में कहा गया है, "हिरण्यगर्भ पुरुष ने स्वयं को प्रकट करने के उद्देश्य से तप किया। तप के फलस्वरूप हिरण्यगर्भ फूट गया। इससे फूटकर मुख छिद्र बना। इसी मुखछिद्र से वाणी उत्पन्न हुई।" वाणी आराध्य है। वाणी से ही विचार प्रकट होते हैं। वाद, विवाद और संवाद वाणी से ही संभव है। वाणी के ही सम्यक प्रयोग से संस्कृति का विकास हुआ। ऋग्वेद (10-125) में वाणी सम्पूर्ण प्रकृति को धारण करती है। वाणी में समूचा संसार व्याप्त है।

ऋग्वेद में वाणी का सुन्दर विवेचन है। वाणी के चार रूप बताए गए हैं। पहले रूप को 'परा' कहा है। यह मन में स्थित रहती है। दूसरी का नाम 'पश्यन्ती' बताया गया है। इस मनोदशा में वाणी प्रकट करने का विचार उठता है। तीसरी 'मध्यमा' है। इस तल पर विचार शब्द अपना रूप ग्रहण करता है। शब्द योजना बनती है। शब्दों का विवेकीकरण होता है। चौथी का नाम 'बैखरी' बताया गया है। यह प्रकट वार्ता है। लेकिन साधारण लोग पहली तीन स्थितियां कम जानते हैं। वे केवल चौथी का ही प्रयोग करते हैं। वाणी के सभी रूप पालनीय हैं।

प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, "सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी। दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है। शब्द शक्ति की खोज और पहचान का आदिस्रोत भारत है, ऋग्वेद है। चीन के एक दार्शनिक लाओत्सु (ईसापूर्व 400 वर्ष लगभग) ने भी सृष्टि के विकास पर लिखा है। 'ताओ ते चिंग' उनकी महत्वपूर्ण पुस्तक है। 'ताओ ते चिंग' भी वाणी और शब्द का चमत्कार है। वाणी आराध्य है। छान्दोग्य उपनिषद में व्यथित नारद को सनत् कुमार ने वाणी की शक्ति का दर्शन बताया था। भारत में शब्द और वाणी का जैसा सदुपयोग हुआ है, वैसा अन्य सभ्यताओं में नहीं मिलता। वाणी के सम्यक ज्ञान और सम्यक सदुपयोग से ही मंत्र शक्ति का प्रादुर्भाव हुआ। मंत्र शब्दों के सम्यक प्रयोग से बनते हैं। मंत्रों का उच्चारण अनुशासित वाणी द्वारा ही संभव होता है। सुने गए शब्द अपनी अर्थवत्ता के कारण चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाते हैं। मंत्र के प्रभाव होते हैं या नहीं? यह विषय वैज्ञानिक और दार्शनिक विवेचन का है। लेकिन वाणी की शक्ति से इंकार नहीं किया जा सकता। मधुर वाणी से गीत काव्य प्रकट होते हैं। इसी के सम्यक उपयोग से स्तुतियां बनती हैं।

वाणी की शक्ति अपरिमित है। संस्कृति मनुष्य को उदात्त बनाती है। संस्कृत देववाणी है। इसमें संस्कृति के विकास की विराट क्षमता है। भारतीय संस्कृति में वाणी और शब्द के आश्चर्यजनक सदुपयोग मिलते हैं लेकिन राजनीतिक क्षेत्र में सामान्य वक्तव्य भी हिंसक हो जाते हैं। भारतीय सुभाषितों में कहा गया है कि सत्य बोलो-सत्यम ब्रूयात। प्रिय बोलो-प्रियं ब्रूयात। लेकिन अप्रिय सत्य मत बोलो। यहां सत्य को भी अप्रिय होने के कारण उचित नहीं कहा गया। 2024 के महासमर में सुन्दर वाणी का प्रयोग जरूरी है। लेकिन प्राचीन भारत के युद्धों में भी अश्लील और असभ्य शब्द प्रयोग नहीं मिलते। महाभारत का बड़ा हिस्सा युद्ध का है। सेनाएं आमने सामने हैं। तब दोनों पक्षों के योद्धा परस्पर शालीन वार्तालाप करते थे। भारतीय लोकतंत्र में वैदिक काल से ही सभा समितियां हैं। स्तोता देवताओं से प्रार्थना करते हैं, "मैं सभा में मधु बोलूं। मैं सभा में यशस्वी होऊं। उग्र विषय भी मधुर वाणी में बोलूं। आश्चर्य है कि जिस भारत में मधुर बोलने की प्रतिस्पर्धा थी, उसी परम्परा के उत्तराधिकारी होकर भी हम शब्द संयम तोड़ रहे हैं। वातावरण नई पीढ़ी के लिए अप्रिय हो गया है।

# गलत है महापुरुषों पर जाति का ठप्पा लगाना

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल दत्तचित्त है। यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा, भाई। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था, जो इस देश की अनन्य विरासत है।

> अभी एक चुनाव होने वाला है। विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सभी दलों द्वारा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया इतनी माथापच्ची के बाद क्यों पूरी हो रही है?

अभी एक चुनाव होने वाला है। विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सभी दलों द्वारा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया इतनी माथापच्ची के बाद क्यों पूरी हो रही है? सभी दल समान रूप से जाति नामक प्राचीन भारतीय संस्था के संरक्षण-परिरक्षण के महान दायित्व का निर्वाह करते पाए जा रहे हैं या नहीं? जिन दलों ने इंडिया नामक महागठबंधन बनाया है उनमें सीटों का बंटवारा अंत में किस बात पर आकर अटकता है?



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

हां, जिस दल ने समूचे हिन्दू समाज का उद्धार करने का बीड़ा उठा लिया हो, उसे इस मामले में कुछ छूट तो मिलनी ही चाहिए। उसे तो एक ही मजहब वालों को टिकट देना है। बाकी मजहबों के लिए और सारे दल हैं न? लेकिन इस हिंदू-उद्धारक दल में भी टिकट के बंटवारे में जाति की बेकदरी होती हो, ऐसा कतई नहीं। बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामाने आ सकते हैं।

पता लगाएं, महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा, पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिल ही जाएंगे, पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं। बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाकों में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं, पता करिए, इन्हें खोलने वाले किस जाति के हैं और इनकी प्रबंध-समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है। आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का कब्जा हो गया है, महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है।

बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में आ पड़े हैं तो क्या किया जाए? एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी, अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना पसंद करेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है, वे कब तक अन्य जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं?

# नवीन शैक्षिक सत्र: चुनौतियां और संभावनाएं

नवीन शैक्षिक सत्र पहली अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है। यह समय लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और तैयारियों का भी है। अलग-अलग चरणों में मतदान तथा उससे संबंधित क्रियाकलापों के चलते इन कार्यों में विद्यालयीय स्टाफ की संलग्नता भी रहेगी। ऐसे समय में विद्यालय संचालन तथा निर्वाचन संबंधी दायित्वों हेतु एक विशिष्ट कार्ययोजना की आवश्यकता होगी, ताकि दोनों ही दायित्वों का सम्यक निर्वहन हो सके। यह संभव हो इसके लिए जरूरी होगा कि बच्चों तथा सामुदायिक ज्ञान संदर्भों का समुचित उपयोग करते हुए कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है।

सबसे पहले बात करते हैं लोकतंत्र के महापर्व की। बच्चों को मतदान जागरूकता फैलाने, अपने घर-परिवेश में वोट का महत्व समझाने तथा सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित करने जैसी ज़िम्मेदारियां देकर भविष्य के एक प्रखर व जागरूक मतदाता के रूप में विकसित करने का यह सही अवसर होगा। आवश्यक यह होगा कि सत्रारंभ में ही इस प्रकार की सुनियोजित कार्ययोजना बना ली जाए कि इस अवधि में बच्चे निरंतरता के साथ जागरूकता तथा पठन-पाठन संबंधी क्रियाकलापों से जुड़े रहें। इसके लिए नवीन शैक्षिक सत्र में पहले दिन से ही विद्यालयों का वातावरण वेलकमिंग बनाना होगा। बच्चों को विद्यालय में आकर लगे कि इस स्थान पर उन्हें पर्याप्त अहमियत दी जाती है। सत्र के प्रारंभिक दस-पंद्रह दिन विद्यालयों में विविधता पूर्ण खेल-गतिविधियों का आयोजन कराया जाए। बच्चे अपने स्थानीय परिवेश में विभिन्न प्रकार के खेल खेलते हैं। इन खेलों में ऐसे कई कौशल होते हैं, जो पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को पूर्ण करते हैं। बच्चों के सहयोग से इन स्थानीय खेलों की सूची बनाकर दिवस वार खेल गतिविधियां निर्धारित करते हुए तथा बच्चों का सहयोग लेते हुए रोचक व रचनात्मक वातावरण का सृजन किया जाए। बच्चे विभिन्न प्रकार के कला-कौशल और स्थानीय शिल्प में निपुण होते हैं। आरंभिक दिनों में उनकी इस प्रतिभा उपयोग किया जाए। विद्यार्थी अपने विद्यालय को सजाएं-संवारें और पूरे विश्वास-उल्लास के साथ कहें कि 'मेरी भी आभा है इसमें'।



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

> विद्यालय स्तर पर बच्चों की विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। सत्रारंभ सही समय होगा कि उन समितियों के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयीय गतिविधियों के संचालन का दायित्व दिया जाए।

विद्यालय स्तर पर बच्चों की विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। सत्रारंभ सही समय होगा कि उन समितियों के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयीय गतिविधियों के संचालन का दायित्व दिया जाए। इससे बच्चों में न केवल दायित्व बोध विकसित होगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। योजना का स्वरूप इस प्रकार निर्धारित हो कि हर बच्चे को किसी न किसी जिम्मेदारी को निभाने का अवसर प्राप्त हो। दायित्वों का दिवसवार मैपिंग करते हुए विभाजन भी निर्धारित किया जा सकता है। इससे चुनावी व्यस्तता के दिनों में भी विद्यालय भलीभांति संचालित होता रहेगा।

बच्चे अपने परिवार और परिवेश से रागात्मक रूप से जुड़े होते हैं। इन सबके बीच उनके रिश्तों और भूमिकाओं का संसार होता है। इन रिश्तों और भूमिकाओं में ज्ञान-विज्ञान के असीमित क्षेत्र और संभावनाएं छिपी होती हैं। विद्यालयीय क्रियाकलापों में इस समृद्ध संसार को शामिल करना सीखने और सिखाने को सुगम व रोचक बनाता है। आवश्यक होगा कि नवीन सत्र हेतु निर्धारित की जा रही योजनाओं में बच्चों के इस ज्ञान-विज्ञान को समुचित स्पेस दिया जाए। शिक्षार्थियों का गुणात्मक उन्नयन काफी हद तक शिक्षण की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। इसी प्रकार शिक्षण की गुणवत्ता निरीक्षणकर्ता के गुणवत्ता परक कार्य, व्यवहार और पारस्परिक सहयोग पर निर्भर करती है। अतः प्रत्येक स्तर पर यह तय करना जरूरी होगा कि सभी का सहयोगात्मक प्रदर्शन सत्रांत में संस्थागत उत्कृष्टता के रूप में उभर कर आए।

विद्यालयों में वर्ष पर्यन्त शिक्षक तथा बच्चे शैक्षिक पंचांग/ वार्षिक कैलेंडर में निहित क्रियाकलापों के अलावा विभिन्न विभागीय तथा अंतरविभागीय गतिविधियों का हिस्सा बनते हैं। विभागीय स्तर पर इन गतिविधियों पर ज़रूरी फिल्टर लगाकर शिक्षण अधिगम के अवसरों को बढ़ाया जा सकता है। अनावश्यक मेले-रैलियों, फ़ोटो प्रेषण की गतिविधियों को संक्षिप्त करते हुए इनके स्थान बच्चों की गुणात्मक वृद्धि में सार्थक नतीजे देने वाले काम कराया जाना ज्यादा जरूरी होगा। निश्चित ही इससे बच्चों की जिंदगी में कई गुणवत्तापरक बदलाव प्रदर्शित होंगे। समय-समय पर विविध प्रकार की सूचनाओं के आदान-प्रदान को एक समस्या के रूप में देखा जाता है। सूचनाओं का प्रवाह कम हो इसके लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान से जुड़ा तंत्र यह निर्धारित करे कि सूचनाएं कम से कम समय में कैसे मैनेज हों ताकि बच्चों के हिस्से का समय प्रभावित न हो। तकनीक समृद्ध समय में सूचना प्रबंधन को कहीं ज्यादा बेहतर और सुव्यवस्थित किया ही जाना चाहिए। सत्रारंभ किसी भी शिक्षार्थी के जीवन का महत्वपूर्ण क्षण होता है। जरूरी है कि शिक्षा से जुड़ा हर व्यक्ति इस बारे में गंभीरता से सोचे कि हम सब मिलकर ऐसा क्या करें कि सत्रारंभ से ही पाठशाला बच्चे के लिए आनंद शाला बन जाए। वह आनंदशाला जिसमें हर बच्चा अपनी रुचि और गति से सीखते हुए अपनी उम्र व कक्षा के अनुसार अपेक्षित ज्ञान, कौशल व दक्षताएं प्राप्त कर रहा हो तथा हम इस बदलाव के वाहक और संवाहक बनने का गर्व-गौरव और सुकून हासिल कर रहे हों।

# कलकत्ता 'मिनी राजस्थान'

जड़ों से उखाड़कर नई जमीन में पौधे को लगाकर पुनर्जीवित करना बेहद कठिन होता है। केवल धान का पौधा ही ऐसा है, जो उखड़ने के बाद फिर रोपे जाने के बाद पनपता है, लेकिन बाकी उखड़ते ही अधमरे हो जाते हैं या मुरझाकर प्राणविहीन हो जाते हैं। केवल उनके प्राण बचते हैं जिनकी जिजीविषा-शक्ति अत्यंत प्रबल रहती है।



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

पूरी दुनिया के लोग भटकते हैं, कोई रोजगार-व्यापार के लिए, कोई नौकरी के लिए, कोई आसरे के लिए, कोई पढ़ने के लिए, कोई कुछ जानने के लिए, कोई घूमने के लिए तो कोई अपना मुंह छुपाने के लिए। अपने घर को छोड़कर दूसरी दुनिया में जाने का निर्णय लेने वाले या तो अपने हालात से मजबूर होते हैं या वे दुस्साहसी होते हैं। ऐसा देखा गया है कि जिसने अपना घर-परिवार छोड़ा, किसी नई जमीन में जाकर बस गया, वह एक-न-एक दिन खुद को साबित कर देता है। गर्म-रेतीले रेगिस्तान में भटकता इंसान पानी और छांव की तलाश में अनवरत चलते रहता है, क्योंकि उसके पास और कोई विकल्प नहीं रहता। इस कहानी को भारत के उस रेगिस्तानी इलाके से शुरू करते हैं जिसे राजस्थान, मारवाड़ और हरियाणा कहते हैं। अति प्राचीन काल में राजस्थान वैसा बीहड़ मरुस्थल नहीं था, जैसा आज है। वहां सरस्वती और दृषदवती जैसी बड़ी नदियां बहती थी, लेकिन ऋतु-परिवर्तन के कारण भौगोलिक परिस्थितियां बदली और वहां की हरियाली ने थार मरुभूमि का रूप धारण कर लिया। राज्य के पूर्वी भाग को छोड़कर पूरा प्रदेश पानी के लिए तरसता था। पानी नहीं था तो कृषि भी कम थी। कम पानी से होने वाली उपजें हुआ करती थी जैसे ज्वार, बाजरा, काकड़ी, मिर्च, सांगरी आदि। रोजगार नहीं थे इसलिए हरेक घर में फुर्सत का राज्य था, शतरंज की महफिलें लगती, गपशप होती, बहसबाजी होती परिणाम स्वरूप कभी-कभी लट्ठ चल जाते। बीसवीं शताब्दी की शुरुआत में अंग्रेजों ने भारत में अपने पैर पसारने शुरू कर दिए थे और कलकत्ता को उन्होंने अपना 'गेट-वे' बनाया।

जिन बड़े घरानों का नाम आज संपूर्ण भारत में उजागर है जैसे बिरला, डालमिया, मोदी, बांगड़, जालान आदि वे इसी इलाके से कलकत्ता पहुंचे लोग हैं, जो अंग्रेजों को मजदूर मुहैय्या कराने या दलाली जैसा छोटा-मोटा काम किया करते थे। इनको अपने काम की देखरेख के लिए आदमी चाहिए थे। कलकत्ता के निवासी-बंगालियों का काम उन्हें पसंद नहीं था, क्योंकि वह घड़ी देखकर काम करने वाला समुदाय था, जबकि उन्हें दिन-रात काम करने वाले लोग चाहिए थे। व्यापार का हिसाब-किताब रखने के लिए विश्वसनीय मुनीम भी चाहिए थे। इसलिए वे 'देश' के परिचित लोगों को कलकत्ता बुलाकर बसाने और उन्हें काम सिखाने लगे और धीरे-धीरे कलकत्ता 'मिनी राजस्थान' हो गया।

# संतन को कहां सीकरी सो काम

कुंभनदास साहित्य के क्षेत्र में भारत की 16-17 वीं शताब्दी अपने संत कवियों के लिए जानी जाती है। वह युग था जब भक्ति आत्म सम्मान का पर्याय थी और व्यवस्था के विरुद्ध विद्रोह के स्वर में मुखरित हुई थी। इन्हीं संत कवियों में एक कुंभनदास हुए। मथुरा के समीप जमुनावतो गांव के निवासी, जन्म से क्षत्रिय और वृत्ति से कृषक। वे कृष्ण-भक्त थे और मथुरा के गोवर्धन पर्वत स्थित श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना और गायन किया करते थे। एक बार बादशाह अकबर ने कुंभनदास का कोई भजन किसी से अपने दरबार में सुना। भजन उसे इतना अच्छा लगा कि उसे कुंभनदास को देखने और उनसे भजन सुनने की इच्छा हो आई। तब अकबर अपने फतेहपुर सीकरी के किले में रह रहा था। उसने कुंभनदास को दरबार में आने का आमंत्रण भेजा। कुंभनदास जाना नहीं चाहते थे, पर दूतों का बार-बार आग्रह देखकर वे सीकरी को चल पड़े। अकबर द्वारा भेजी गई शाही गाड़ी पर सवार होकर नहीं, बल्कि पैदल। अकबर ने उनका काफी आदर भाव किया और चलते वक्त उन्हें कोई भेंट देना चाहा, पर धन, मान, राज-सम्मान की किसी भी इच्छा से विरक्त संत ने एक ही चीज की मांग की कि उन्हें फिर कभी सीकरी न बुलाया जाए। सीकरी से लौटने के बाद कुंभनदास ने अपना प्रसिद्ध पद लिखा था। संतन को कहां सीकरी सों काम।/आवत जात पनहिया टूटी बिसरि गयो हरि नाम॥/ जाको मुख देखे दुख लागत, ताको करन परी परनाम॥ 'कुंभनदास' लाल गिरिधर बिन यह सब झूठो धाम॥/ सत्ताधारियों से चिपके रहने वाले आज के स्वार्थ-लिप्त निकृष्ट चोलाधारी संत क्या जाने की भक्ति क्या होती है?



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# मनुष्य की गहनतम अनुभूति है ईश्वर

आप उसे कल्पना कहते हैं, तब उसका अर्थ कुछ और हो जाता है। लोक जीवन में विद्यमान है, उसे तो कल्पना नहीं कहा जा सकता। वह तो वास्तविकता बन गया न! यह बात अलग है कि संसार में जितने सांस्कृतिक समूह हैं, उतनी ही ईश्वर की अवधारणा हैं। जिस दिन ईश्वर की परिभाषा पूरी हो जाएगी, उस दिन ईश्वर ईश्वर नहीं रह जाएगा, परिभाषा करने वाला ही ईश्वर हो जाएगा।

शब्द कहां हैं, जो उसे बांध सकें? शब्द की बात होती तो ब्रह्मा बेचारा नेति क्यों कहता? मनुष्य की विवशता और मनुष्य की शक्ति दोनों ने मिलकर ईश्वर को खोजा है। वास्तव में ईश्वर की यह खोज जीवन की खोज है, सुख की खोज है, आनंद-मंगल की खोज है, शक्ति की खोज है, सत्य की खोज है, पूर्णत्व की खोज है, अंतर्तम की खोज है, मनुष्यता की खोज है, स्वयं अपनी खोज है। ईश्वर की अवधारणा समष्टिगत भी है और व्यक्तिनिष्ठ भी होती है। हर आदमी अपनी तरह से वंदना करता है।

अपनी तरह से परिभाषा करता है, ईश्वर मेरा है, ऐसी भावना भी करता है। जरूरी नहीं कि वह किसी किताब की परिभाषा को लेकर चले। ईश्वर मनुष्य की गहनतम अनुभूति है। वेद ईश्वर की वाणी इसलिए है कि लोक ने उसे प्रतिष्ठित किया है। बाइबिल, कुरान, त्रिपिटक, अवेस्ता, गुरुग्रंथ साहब अपने-अपने लोक समुदाय के द्वारा प्रतिष्ठित ईश्वर-वाणी हैं। ईश्वर की अवधारणा को लेकर बुद्धिजीवी की बहस हम फेसबुक पर नित्य ही देखते हैं, पर मुश्किल यह है कि वे अपने को लोक से भिन्न और ऊंचा मान लेते हैं और सामान्यजन को मूर्ख! वैज्ञानिक समाजवाद कहें या जनवाद कह लें, यदि उस पुस्तक में यह लिखा है कि निर्बल के साथ रहो सहो, उसके दुख को अपना दुख मानो, उसके पक्ष में खड़े हो जाओ, उसको इतनी ताकत दो कि वह न्याय पा सके तब तो ठीक है और यदि आप अपने अहंकार में धर्म, ईश्वर और आस्था को ही अपना निशाना बना रहे हैं तो स्पष्ट है कि आपके पास लोकजीवन को देने के लिए कुछ भी नहीं है। निश्चित ही धर्माडंबर, चमत्कारवाद, जड़ता और भेड़चाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। महात्मा गांधी और भारत की विस्तृत संत परंपरा ने इनका निषेध भी किया था, परंतु आप अपनी सनक में उस गरीब का भरोसा या तिनके का सहारा भी छीन लेना चाहते हैं। ईश्वर की कोई भी परिभाषा अंतिम नहीं हो सकती। सात समुद की मसि करूं, लेखनि सब बन-राय।/सब धरती कागद करूं, तव गुन लिखा न जाए। (कबीर) सात-समुद्र में स्याही घोलूं/ सारी महावृक्षों की कलम बनाऊं।/सारी धरती पर तेरे गुणों का बखान करूं/तो भी तेरे गुणों को नहीं लिखा जा सकेगा। असित गिरि समं स्यात्कज्जलं सिंधुपात्रे, सुरतरुवर-शाखा लेखनी पत्रमुर्वी/ लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं तदपि तव गुणानामीश पारं न याति। वेदशास्त्र उसे जान चुके होते तो भला नेति क्यों कहते? वह कहने की बात होती तो ब्रह्मा कब का कह चुका होता।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> शब्द कहां हैं, जो उसे बांध सकें? शब्द की बात होती तो ब्रह्मा बेचारा नेति क्यों कहता? मनुष्य की विवशता और मनुष्य की शक्ति दोनों ने मिलकर ईश्वर को खोजा है।

अवाङ्मनसगोचर या गिराज्ञानगोऽतीत क्यों कहा जाता? अव्यक्त क्यों कहा जाता? वह भाव-रूप न होता तो तुलसी या दूसरे मनीषी उसे भावगम्य क्यों कहते? भाव ही साधन है और भाव ही साध्य है। जीवन में भाव की कितनी सशक्त भूमिका होती है? आप उसे मनुष्य का विश्वास कहें या कुछ और मनुष्य अपने साथ ईश्वर की अवधारणा को अपने साथ लेकर चलता है। जीवन में कितनी बार याद कर लेता है? सुख-दुख, भय-संकट, रोग-शोक, जय-पराजय, आंधी-तूफान, पीड़ा-संताप, जन्ममरण कितने संदर्भ हैं।

# नर हो, न निराश करो मन को

धर्मस्थलों में नियमित जाकर प्रार्थना या गुहार लगाने से भौतिक वस्तुओं की यदि प्राप्ति होती रहती तो फिर उद्यम या मेहनत करने की जरूरत नहीं करनी पड़ती जिसने भी इस तरह के उपायों को अपनाया, उन्हें अंत में निराशा ही होती है। ऐसे लोग प्रार्थना और दुआ की महत्ता नहीं जानते, क्योंकि प्रायः इस तरह की बातें धर्माधिकारियों द्वारा दी जाती है कि धर्मस्थलों पर प्रार्थना और मन्नत मानने एवं चढ़ावा चढ़ाने से मन की मुरादें पूरी हो जाएंगी। धर्मस्थलों में जाना कोई गलत बात तो नहीं, लेकिन वहां जाने और मत्था टेकने से रुपए-पैसे मिलने लगेंगे, यह मान लेना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

धार्मिक स्थलों पर जाने का उद्देश्य तो अच्छे संस्कार एवं आचरण अपनाने के लिए हो तो बेहतर है। धर्मस्थलों में जब कभी प्रसाद के रूप में कुछ भी मिलता है तब उसे बड़ी आस्था से लेकर घर वापसी होती है और घर-परिवार के सदस्यों में उसे बांटा भी जाता है, लेकिन यदि किसी उपदेशक, पुजारी या मौलवी आदि ने अच्छे संस्कारों को अपनाने की सलाह दी तो उसे वहीं छोड़ दिया जाता है। उपदेशक समूह में यदि संदेश या खुतबा देता है, 'सदैव सत्य बोलो, असत्य बोलने से ईष्टदेव नाराज होते हैं, अनीतिपूर्वक काम न करो' तो उपस्थित लोगों में अधिकांश को महसूस यही होता है कि यह उपदेश मेरे लिए नहीं, बल्कि अन्य लोगों के लिए है। अधिकांश को अपना अनीतिपूर्ण कार्य जायज और जरूरी भी लगता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ऐसी ही एक बोध कथा है, 'एक अंधा व्यक्ति मस्जिद के बाहर खड़ा होकर गुहार लगा रहा था, 'परवरदीगार मेरी आंखों की रोशनी गायब हो गई है, उसे लौटा दो।' उस रास्ते से एक बादशाह गुजरा और बोला, 'कब से यहां खड़े होकर गुहार लगा रहे हो?' वह अंधा व्यक्ति बोल पड़ा, 'तकरीबन 10 साल से।' बादशाह बोला, 'जा रहा हूं किसी काम से, एक सप्ताह में लौटूंगा, यदि तब तक तुम्हारी आंख की रोशनी नहीं लौटी तो तलवार से तुम्हारी गर्दन काट दूंगा। मेरे राज्य का हर आदमी इसी तरह अपना समय बर्बाद करेगा तो राज्य की स्थिति खराब हो जाएगी। 'अंधा व्यक्ति घबरा गया। जब आंख की रोशनी नहीं जिंदगी पर आफत आ गई तब घबराया हुआ वह चिकित्सक के पास गया और सारी बात बताकर जल्द रोशनी लौटा देने की डॉक्टर से कहा। उसने यह भी कहा कि चाहे जितना पैसा लगे, वह देने के लिए तैयार है। डॉक्टर ने इलाज किया और एक सप्ताह में आंखों की रोशनी लौट आई। जब बादशाह लौटा तो बोल पड़ा, 'जहांपनाह, रोशनी लौट आई है।' बादशाह बोला, 'फिर दस साल से यहां आकर नाटक कर रहे थे? खुदा को छोटे-छोटे कामों में उलझा रहे थे?' इसलिए धर्म-पथ पर चलते हुए अच्छे विचार तथा संस्कार की प्रार्थना या दुआ ही करनी चाहिए।

अत्यंत आस्था के ग्रंथ रामचरितमानस का पाठ करते समय प्रायः 'दीनदयाल विरद संभारी, हरहु नाथ मम संकट भारी' चौपाई पढ़ी जाती है। इस चौपाई पर गौर किया जाए तो यहां संकट रुपए, पैसे, गाड़ी-बंगला, नौकरी का नहीं, बल्कि मानसिक विकारों से ग्रस्त मन में जो संकट है, उससे मुक्ति की प्रार्थना समझ कर करनी चाहिए, क्योंकि जीवन में लोभ, लालच, क्रोध, हीनता की भावनाएं प्रवेश करती रहती हैं। इस तरह की भावनाओं से मन द्विविधाग्रस्त होता है। आत्मबल कमजोर होता है, जबकि आत्मबल ही ईश्वरीय शक्ति है। मशहूर कवि मैथिलीशरण गुप्त की कविता पंक्ति 'नर हो, न निराश करो मन को' से यही ध्वनित होता है कि जिसका आत्मबल सशक्त होता है, वह नर ही नहीं, बल्कि खुद नारायण हो जाता है। नारायण का अर्थ ही नर का आयण यानी आश्रम। मजबूत आत्मबल नारायण स्वरूप प्रदान करता है। वहीं नारायण आकर विराजते हैं। ऐसी स्थिति में कोई कार्य असंभव भी नहीं लगता और नकारात्मक कार्य की ओर मन नहीं जाता। धार्मिक ग्रंथों में कही गई बातों का मर्म समझने की जरूरत है। मर्म समझे बिना धर्मपथ पर चलना निरुद्देश्य भटकना ही साबित होता है।

साल 2014 में मोदी लहर के चलते भाजपा ने पश्चिमी यूपी की सभी 16 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन 2019 में जब बसपा, सपा और रालोद ने हाथ मिलाया, तो यहां भाजपा के सांसदों की संख्या घटकर नौ पर पहुंच गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मुसलमानों ने विपक्षी गठबंधन के लिए थोक में मतदान किया। इस कारण यूपी में इसी इलाके में भाजपा ने 2014 की तुलना में सबसे ज्यादा सीटें गंवा दीं। यहां जिन सीटों पर मुस्लिम वोटरों का दबदबा है, उनमें सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र भी शामिल हैं।

# सहारनपुर में तिकोने संघर्ष के आसार

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा का फोकस उन 17 सीटों पर सबसे ज्यादा है, जिन्हें वह पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद हार गई थी। इनमें सहारनपुर सीट भी शामिल है। 2019 में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन के प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान ने भाजपा के राघव लखन पाल शर्मा को यहां से हराकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व विधायक इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर अपनी जमानत बचाने में कामयाब रहे थे। इस बार भाजपा ने यहां से तीसरी बार राघव लखन पाल शर्मा दांव लगाया है। राघव 2014 में पहली बार यहां से जीतकर संसद में पहुंचे थे। तब उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद को 60 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। हालांकि 2019 के चुनाव में वह बसपा के प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान से करीब 22 हजार मतों से पिछड़कर चुनाव हार गए थे। तब बसपा और सपा ने गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। इस बार सपा और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन में सीट कांग्रेस को मिली है। कांग्रेस ने यहां से इमरान मसूद को फिर एक बार मौका दिया है। लेकिन बसपा ने इस सीट पर माजिद अली को उम्मीदवार बनाकर गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। माजिद अली ने वर्ष 2017 में विधानसभा का चुनाव बसपा के टिकट से लड़ा था। लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। माजिद वर्तमान में देवबंद क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य हैं।

### पिछले तीन चुनावों से हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुना जनता ने

सहारनपुर में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। यहां के मतदाताओं ने पिछले तीन चुनावों में हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुनकर अपने बदलाव के मिजाज को प्रदर्शित किया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार के चुनाव में यहां के मतदाता अपने पिछले ही रुझान पर कायम रहते हैं या इस परिपाटी को बदलने का काम करते हैं। फिलहाल लोगों से बातचीत करने पर यहां त्रिकोणीय संघर्ष होने की बात सामने आ रही है। सहारनपुर सीट पर पहला चुनाव वर्ष 1952 में हुआ था, तब से लेकर 1977 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा था। 1977 में आपात काल के बाद हुए चुनाव से लेकर 1996 तक इस सीट पर जनता दल या जनता पार्टी ने कब्जा बनाए रखा। हालांकि बीच में 1984 के चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की थी। 1996 के चुनाव के बाद सहारनपुर सीट दो बार भाजपा, दो बार बसपा, एक बार सपा और 2014 की मोदी लहर में भाजपा के खाते में आ गई।


### सांप्रदायिक ध्रुवीकरण हर चुनाव में सियासत को सर्द-गर्म करता रहता

- साल 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों ने पश्चिमी यूपी के सामाजिक समीकरण के साथ माहौल बदल दिया था। सहारनपुर की राजनीतिक और सामाजिक तस्वीर भी इससे अछूती नहीं रही थी। वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता इमरान मसूद का भाजपा के पीएम प्रत्याशी नरेंद्र मोदी को लेकर दिया गया चर्चित 'बोटी – बोटी' वाले बयान ने वोटों का सीधा बंटवारा कर दिया था। इसके बाद से चुनाव आने पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की बयार यहां बहती ही रहती है और सियासत को गर्म–सर्द करती रहती है।

### समीकरण 2019 जैसे

- **समीकरण 2019 जैसे, दलित–मुस्लिम गठजोड़ बिगाड़ सकता भाजपा का खेल** : सहारनपुर में एक बार फिर से पिछले चुनाव जैसे ही हालात बन रहे हैं। कांग्रेस और सपा से इमरान मसूद तथा बसपा से माजिद अली के बीच मुस्लिम वोटों के साथ दलित वोटों का घमासान छिड़ा है। ऐसे में अगर एक बार फिर से यहां मुस्लिम–दलित गठजोड़ बना तो भाजपा के लिए मुकाबला कड़ा हो सकता है। दो मुस्लिम प्रत्याशी होने के समीकरण का फायदा उठाने के लिए भाजपा को दलितों को साधना ही होगा। 2019 में भी भाजपा से प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ही थे। उनके सामने कांग्रेस से इमरान मसूद और बसपा से हाजी फजलुर्रहमान मैदान में थे। उस दौरान समीकरण तो भाजपा के पक्ष में थे लेकिन मुस्लिम–दलित गठजोड़ ने भाजपा के समीकरण बिगाड़ दिए थे।




### किसी दल ने यहां कभी नहीं दिया किसी महिला प्रत्याशी को टिकट


- सहारनपुर लोकसभा सीट पर मजेदार तथ्य यह है कि 47 फीसदी महिला मतदाता होने के बावजूद आज तक किसी भी चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल ने महिला प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा है। इसके चलते कोई भी महिला लोकसभा में नहीं पहुंची है। इस सीट पर अब तक मात्र पांच महिलाएं ही चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरी हैं। सभी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमाई है। इस बार भी एक महिला प्रत्याशी निर्दलीय शबनम चुनाव मैदान में हैं।

### आधे से ज्यादा मुस्लिम और दलित मतदाता, तय करते जीत और हार


सहारनपुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बड़ी लोकसभा सीटों में गिनी जाती है। यह शहर काष्ठ कला यानी लकड़ी के काम और कलाकृतियों के लिए देश–दुनिया में प्रसिद्ध है। इस्लामिक शिक्षा का केंद्र दारूल उलूम देवबंद भी सहारनपुर को एक अलग पहचान दिलाता है, तो यहां माता शाकंभरी देवी का प्रमुख शक्तिपीठ है, जिसका जिक्र प्राचीन वेद–पुराणों में भी मिलता है। यहां कुल वोटर 19 लाख के करीब हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग 10 लाख और महिला मतदाता नौ लाख के आसपास हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 85 हैं। सहारनपुर में साढ़े छह लाख मुस्लिम, पांच लाख से अधिक दलित और एक लाख से ऊपर जाट मतदाता हैं। आबादी के लिहाज से सहारनपुर जिले में हिंदू और मुसलमानों की संख्या में ज्यादा अंतर नहीं है। जिले में हिंदुओं की आबादी 56 % तो मुस्लिम समाज की आबादी 42% है। इसके बाद लगभग एक फीसदी सिख समाज की आबादी है। इतने ही अन्य वर्ग के लोग हैं।



### 2019 में किसको मिले कितने वोट




### 2014 में किसको मिले कितने वोट




### मतदाताओं का विधानसभा वार हिसाब-किताब

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| बेहट | 196576 | 177677 | 12 | 374265 |
| सहारनपुर नगर | 236044 | 214934 | 50 | 451028 |
| सहारनपुर देहात | 194644 | 1722930 | 10 | 367584 |
| देवबंद | 182456 | 160278 | 11 | 342745 |
| रामपुर मनिहारान | 168701 | 147522 | 02 | 3162225 |

### 2022 के विस चुनाव में भाजपा देवबंद समेत तीन सीटों पर जीती थी

- सहारनपुर लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में तीन पर भाजपा और दो सीटों पर सपा ने जीत हासिल की थी। भाजपा के हिस्से में सहारनपुर नगर, देवबंद और रामपुर विधानसभा सीट आई थीं, जबकि सहारनपुर देहात और बेहट विधानसभा सीटों पर ने जीत हासिल की थी। बेहट विधानसभा सीट से सपा के उमर अली खान, देहात से आशु मलिक चुनाव जीते थे। बाकी तीन विधानसभा सीटों में देवबंद से भाजपा के कुंवर बृजेश सिंह, सदर से राजीव गुंबर और रामपुर मनिहारान से देवेंद्र निगम ने जीत हासिल की थी।

### सपा और बसपा ने मौका नहीं दिया कांग्रेस ने तीसरी बार टिकट थमाया

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रशीद मसूद के भतीजे इमरान मसूद ने 2007 में मुजफ्फराबाद विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़कर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे जगदीश राणा को हराया था। 2012 का विधानसभा चुनाव इमरान ने कांग्रेस के टिकट पर नकुड़ से लड़ा, लेकिन बसपा के डा. धर्म सिंह सैनी से हार गए थे। 2014 में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया, फिर 2019 में भी टिकट दिया। लेकिन इमरान मसूद जीत नहीं पाए। लगातार हार के चलते 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले इमरान कांग्रेस का हाथ छोड़कर सपा में शामिल हो गए। लेकिन सपा ने उन्हें चुनाव नहीं लड़ाया। ऐसे में नगर निगम चुनाव के दौरान सपा की साइकिल से उतरकर वह बसपा में चले गए। बसपा में रहते हुए उन्होंने अपनी भाभी खदीजा मसूद को महापौर का चुनाव लड़ाया पर हार मिली। इसके बाद उन्हें बसपा से निकाल दिया गया। ऐसे में छह माह पहले इमरान मसूद फिर कांग्रेस में शामिल हो गए और पार्टी ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बना दिया।



लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल में कारोबारी भी तरह– तरह की प्रचार सामग्री बनाने में जुटे हुए हैं। ऐसे ही एक कारोबारी ने भाजपा, माकपा, भाकपा, कांग्रेस और टीएमसी के चुनाव निशान वाली पतंगें तैयार की हैं। इन पतंगों की वहां पर जबरदस्त मांग है। पार्टी कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर पतंग खरीद रहे हैं। ● एजेंसी

## शिवसेना यूबीटी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इस सूची में पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे, युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे, राज्यसभा सदस्य संजय राउत सहित अन्य लोग शामिल हैं। ये स्टार प्रचारक प्रदेश में लोकसभा चुनाव का सभी जगह प्रचार करेंगे। अन्य मुख्य स्टार प्रचारकों में सुभाष देसाई, अनंत गिते, चंद्रकांत खैरे, सांसद अरविंद सावंत, विधायक भास्कर जाधव, सांसद अनिल देसाई, विनायक राऊत, विधायक वकील अनिल परब आदि शामिल हैं।

## पीलीभीत में जितिन की जीत के लिए भाजपा कर रही हर जतन

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार:** नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ पीलीभीत सीट पर सियासी रणभेरी बज चुकी है। भाजपा से टिकट न मिलने पर वरुण गांधी के निर्दलीय चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन उनके चुप हो जाने से भाजपा की राह थोड़ी आसान हो गई है। पीलीभीत सीट अब भाजपा की प्रतिष्ठा से जुड़ चुकी है। इसके लिए दिग्गजों ने डेरा जमा लिया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

पीलीभीत सीट से 1952 में पहले सांसद कांग्रेस से मुकुंदलाल अग्रवाल बने थे। भाजपा को इस सीट पर काबिज होने में 39 साल लग गए। 1991 में रामलहर के बीच भाजपा के परशुराम गंगवार ने जीत दर्ज कराई। इससे पहले 1989 में जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़कर मेनका गांधी सांसद बनीं। बाद में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर 2004 में मेनका गांधी सांसद बनीं। 2009, 2014 और 2019 में मेनका गांधी और वरुण गांधी ही सांसद चुने गए। इससे पूर्व 1998 और 1999 के चुनाव में स्वतंत्र चुनाव लड़ीं मेनका गांधी को भाजपा का समर्थन रहा था। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में तस्वीर अलग है। मेनका और वरुण गांधी दोनों इस सीट पर नहीं हैं। सूबे के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

उनके मुकाबले समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री भगवन सरन गंगवार और बसपा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को प्रत्याशी बनाया है। यहां पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में दिन कम बचे हैं और राजनीतिक दलों के आगे चुनौतियां अधिक हैं। चूंकि दो दशक बाद भाजपा ने टिकट में बदलाव किया है, इस कारण पीलीभीत सीट प्रतिष्ठा से जुड़ चुकी है। नामांकन के दिन से ही इसका असर भी दिखाई दे रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद समेत कई नेता आ चुके हैं। स्थानीय मंत्री, विधायकों की जिम्मेदारी हाईकमान तय कर चुका है। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल बुधवार को पीलीभीत पहुंचे। दो अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई अन्य स्टार प्रचारकों का आना भी तय माना जा रहा है। प्रत्याशी की क्षेत्र में जनता के बीच चुनावी सभाओं का कार्यक्रम बनाया जा चुका है।

### सपा की तैयारी पूरी...सही समय पर करेंगे इस्तेमाल

- पीलीभीत लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का कभी सांसद नहीं बना। 2019 में सपा गठबंधन के प्रत्याशी को 4.48 लाख वोट मिले थे। इस बार समाजवादी पार्टी से गठबंधन प्रत्याशी के रूप में भगवत सरन गंगवार चुनाव मैदान में हैं। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा का कहना है कि उनकी टीम समर्थकों के साथ क्षेत्र में सक्रिय है। चुनावी प्रोग्राम तय हैं, लेकिन शो नहीं किया जा रहा है। स्टार प्रचारक के तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तो हैं ही, गठबंधन वाले दलों के भी कई चेहरे हैं। सभी का वक्त के हिसाब से सही जगह इस्तेमाल होगा। कुछ इसी तरह का हाल बसपा में भी दिखाई दे रहा है। बसपा में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की सभा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### दिख रहा सबका साथ... कहीं हो न जाए भितरघात

- भारतीय जनता पार्टी से इस बार दावेदारों की लंबी फेहरिस्त थी। हालांकि टिकट घोषणा के बाद कुछ दावेदारों के बगावत करने के आसार दिखाई दे रहे थे, जिसे शीर्ष नेतृत्व ने संभाल लिया है। अब अधिकांश दावेदार भाजपा प्रत्याशी के साथ ही मंच साझा करते दिख रहे हैं। जिससे सबका साथ तो दिखाई दे रहा है। मगर, चुनावों में भितरघात आम बात है। इस पर नजर बनी हुई है। चर्चा तो ये भी है कि ऐसी स्थिति न बनें, इसके लिए संगठन भी सख्त है। क्षेत्रवार नजर रखी जा रही है। अगर भितरघात की स्थिति बनी तो आगे गाज भी गिरेगी।

### बसपा का माहौल बनाने 15 को आएंगी मायावती

- बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह गौतम ने बताया कि चुनावी तैयारियों में बसपा कहीं भी पीछे नहीं है। कार्यालयों के उद्घाटन किए जा चुके हैं। जनसंपर्क चल रहा है। आठ अप्रैल को मंडल स्तरीय कार्यक्रम होगा। 15 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री मायावती भी पीलीभीत आ रही हैं। इसकी तैयारी की जा चुकी है।




- दो अप्रैल को मुख्यमंत्री करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई स्टार प्रचारक भी आ सकते
- दो दशक बाद टिकट में बदलाव होने पर प्रतिष्ठा से जुड़ गई सीट, जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी की गई तय

## भाजपा-इंडिया गठबंधन की रैलियां आज

नई दिल्ली, ब्यूरो

- मेरठ में मोदी के साथ जयंत चौधरी और अरुण गोविल भी होंगे
- रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आप के साथ गठबंधन नेता जुटेंगे



**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद रविवार को मेरठ में बीजेपी एवं दिल्ली में इंडिया गठबंधन की दो रैलियों से होगा। मेरठ की रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे और रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल के लिए वोट मांगेंगे। उनके साथ राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी भी होंगे। दूसरी तरफ दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना के उद्धव ठाकरे, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान, झारखंड के मुख्यमंत्री सीएम चंपई व नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला संबोधित करेंगे।

मेरठ की रैली में प्रधानमंत्री देश को यह भी संदेश देंगे कि वे अयोध्या में मंदिर निर्माण के बाद लोकसभा चुनाव का शंखनाद भी राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल की रैली से कर रहे हैं। इस रैली में बीजेपी के अलावा राष्ट्रीय लोकदल के नेता भी होंगे उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने आज ही चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान उनके पौत्र जयंत चौधरी को दिया है। दूसरी तरफ रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित होने वाली रैली को पुलिस ने कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी है। जिसमें 20 हजार कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय के मुताबिक महारैली का नारा तानाशाही हटाओ-लोकतंत्र बचाओ दिया जाएगा।

यह पहला मौका होगा जब कांग्रेस के कार्यकर्ता और आप के कार्यकर्ता एक साथ किसी रैली में नजर आएंगे। नगर निगम एवं विधानसभा के चुनाव में दोनों दल अलग-अलग थे। आप ने गठबंधन के तहत दिल्ली में कांग्रेस को लोकसभा की तीन सीटें छोड़ दी हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने कहा है कि महा रैली के बाद तीनों प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी जबकि आपने चार सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। रैली में केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के आने की भी संभावना है, लेकिन अभी अधिकृत रूप से जानकारी नहीं दी गई है। मुख्यमंत्री की पत्नी ने लोगों से अपील की है कि वे केजरीवाल को अपना आशीर्वाद देने के लिए व्हाट्सएप पर संदेश भेज सकते हैं, जिसके नंबर 8297324624 एवं 9700297002 हैं।

## कमाल का चुनाव

- चुनाव आयोग ने फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम, स्नेपचैट आदि जैसी वेबसाइट्स को सोशल मीडिया की संज्ञा दी है।राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री चुनाव आचार संहिता के दायरे में है।चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये सोशल मीडिया पर नियंत्रण की ज़रूरत है। चुनाव आयोग के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले शपथपत्र में अपनी ई-मेल आइडी और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होगी। चुनाव आयोग ने फेसबुक-गूगल जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से भी चुनाव को देखते हुए कंटेंट की निगरानी करने का आश्वासन लिया है। नए नियम के अनुसार किसी भी इंटरनेट आधारित माध्यम पर राजनीतिक विज्ञापन देने से पहले चुनाव आयोग द्वारा तय अधिकारी से मंजूरी लेनी होगी। ज़िला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई गई हैं।

# जब मात्र 249 वोट से जीत दर्ज कर श्रीपति मिश्र बन गए थे सांसद


## करीबी मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी डा. कैलाश नाथ सिंह ने इस हार के बाद ले लिया था राजनीति से सन्यास

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सुलतानपुर लोकसभा सीट ने हमेशा चौकाने वाले परिणाम दिए हैं। यहां के वोटर ने कई मौकों पर कद्दावर, मजबूत व बड़े नाम वाले धुरंधरों को पटखनी दी तो ऐसे भी नेताओं को जिताकर सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचाया, जो यहां के लिए अनजान ही थे। यहां 1969 में उपचुनाव में सबसे नजदीकी मुकाबले में मात्र 249 वोट से जीत दर्ज कर श्रीपति मिश्र सांसद बन गए थे।

चौथी लोकसभा ने बेशक अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया, लेकिन सुलतानपुर संसदीय क्षेत्र के वोटरों को उस बीच अपने तीन सांसदों को चुनने का मौका मिला। चौथी लोकसभा का चुनाव 1967 में हुआ। कांग्रेस ने बाबू गनपत सहाय को अवसर दिया। उन्हें 1,25,473 वोट हासिल हुए थे। निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनसंघ के उम्मीदवार डॉ जितेंद्र कुमार अग्रवाल थे, जिन्हें 79,443 वोट प्राप्त हुए थे। दुर्भाग्य से 8 मार्च 1969 को बाबू गनपत सहाय की मृत्यु हो गई।

सुलतानपुर लोकसभा की रिक्त सीट के लिए 1969 में उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने तब तक यहां के



श्रीपति मिश्र बीकेडी

राजनीतिक क्षेत्रों के लिए अनजान एक प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ कैलाश नाथ सिंह ग्राम त्रिसुंडी (अब अमेठी जनपद) को उम्मीदवार बनाया। उनके मुकाबले चौधरी चरण सिंह की पार्टी भारतीय क्रांति दल की ओर से पंडित श्रीपति मिश्र मैदान में थे। स्व .मिश्र 1967 में चौधरी साहब के साथ कांग्रेस से अलग हुए थे। चौधरी साहब की अगुवाई वाली 1967 की संयुक्त विधायक दल की सरकार ने उन्हें विधानसभा में उपाध्यक्ष बनाया था। इस चुनावी संग्राम में तीसरे महारथी वामपंथी तेवरों वाले इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केदारनाथ सिंह थे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक खूब जोड़ तोड़, दांव पेंच लगाए गए। जबरदस्त गर्मी के मौसम में हुए इस उपचुनाव में फीका मतदान हुआ था। लेकिन वोटों की गिनती में यह चुनाव सुलतानपुर संसदीय सीट के इतिहास में सबसे कड़े मुकाबले के तौर पर दर्ज है। श्रीपति मिश्र को मात्र 249 वोटों के अंतर से जीत हासिल हुई थी। मिश्र को 48,041 और डॉ कैलाश नाथ सिंह को 47,792 वोट प्राप्त हुए थे।स्व. डॉ. कैलाश नाथ सिंह के राजनीतिक जीवन का यह इकलौता चुनाव था। पराजय के बाद वे एक बार फिर अपने चिकित्सकीय पेशे में व्यस्त हो गए। आगे उनकी कोई उल्लेखनीय राजनीतिक गतिविधि नहीं रही। लेकिन जहां तक पंडित श्रीपति मिश्र की बात थी, उनके राजनीतिक सफर में नई उपलब्धियां जुड़ती गईं। उपचुनाव में सांसद चुने जाने के कुछ दिनों बाद ही चौधरी चरण सिंह की अगुवाई वाली भारतीय क्रांति दल-कांग्रेस गठबंधन की उत्तर प्रदेश सरकार में उन्हें शिक्षा मंत्री बनाया गया। कई अन्य मंत्रालय भी मिले। उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दिया और अगले ही साल 1970 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर एक बार फिर से उपचुनाव हुआ।1970 में कांग्रेस ने स्व. केदारनाथ सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रह



डा. कैलाशनाथ सिंह कांग्रेस

चुके वामपंथी रुझान के स्व. सिंह का किसान-मजदूर आंदोलनों से भी जुड़ाव रहा था। 1969 में कांग्रेस के ऐतिहासिक विभाजन के बाद इंदिरा गांधी नई प्रगतिशील छवि के साथ सामने आई थीं। इस दौर में स्व.सिंह कांग्रेस में काफी सक्रिय हो चुके थे। उपचुनाव में उनके मुकाबले मुस्लिम मजलिस के जुल्फिकार उल्ला और भारतीय जनसंघ के डॉ. जितेंद्र कुमार अग्रवाल प्रत्याशी थे। मुस्लिम मजलिस और जनसंघ के प्रत्याशी की मौजूदगी में खासतौर पर शहरी क्षेत्रों में इस उपचुनाव का प्रचार काफी उत्तेजक हो गया था। लेकिन नतीजों में कांग्रेस को सफलता प्राप्त हुई थी। विजयी केएन सिंह को 47,854 तथा जुल्फिकार उल्ला को 30,602 वोट प्राप्त हुए थे। तीसरे स्थान पर रहे डॉ अग्रवाल के वोट 29,560 थे। 1971 के लोकसभा चुनाव में स्व. केदारनाथ सिंह एक बार फिर इस सीट पर विजयी हुए थे। इस बार उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में उप मंत्री के तौर पर इंदिरा जी ने शामिल किया था।

दूसरी तरफ डॉ. जितेंद्र कुमार अग्रवाल को संसदीय चुनाव में भले सफलता न मिली हो लेकिन 1974 और 1977 में लगातार वे सुलतानपुर शहर की सीट से क्रमशः भारतीय जनसंघ और जनता पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए। इलाहाबाद के वाशिंदे जुल्फिकार उल्ला को 1977 में जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर सुलतानपुर संसदीय सीट पर कामयाबी मिली। मोरारजी की सरकार में उन्हें संचार मंत्री भी बनाया गया। सुलतानपुर प्रधान डाकघर और टेलीफोन एक्सचेंज की मौजूदा इमारत उन्हीं के प्रयास से निर्मित हुई थीं।

### चौथे लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में चुने गये तीन सांसद

अतीत के झरोखे से

**सन- 1967**

गनपत सहाय कांग्रेस
प्राप्त मत-1,25,453

डॉ जितेंद्र अग्रवाल जनसंघ
प्राप्त मत -79,443

**सन- 1969 (उपचुनाव)**

श्रीपति मिश्र बीकेडी
प्राप्त मत -48,041

डा. कैलाशनाथ सिंह कांग्रेस
प्राप्त मत - 47,792

**सन- 1970 (उपचुनाव)**

केदारनाथ सिंह (कांग्रेस)
प्राप्त मत - 47,854

जुल्फिकार उल्ला मुस्लिम (मजलिस)
प्राप्त मत -30,602

**सन- 1971**

केदार नाथ सिंह (कांग्रेस)
प्राप्त मत - 93,946

राम प्यारे शुक्ल जनसंघ
प्राप्त मत - 31,131

**सन- 1977**

जुल्फिकार उल्ला जनता पार्टी प्राप्त
प्राप्त मत - 2,32,330

केदारनाथ सिंह कांग्रेस
प्राप्त मत - 66,796



केदार नाथ सिंह (कांग्रेस)

# लखनऊ में इण्डिया गठबंधन के रणनीतिक कौशल की परीक्षा

**1952** से 1984 तक कांग्रेस ने लखनऊ से सात बार जीता लोकसभा चुनाव

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

**क्या 36 वर्ष का सूखा खत्म कर पाएगा गठबंधन**




**अमृत विचारः** दिल्ली की सत्ता उत्तर प्रदेश से होते हुए जाती है। उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठित सीट लखनऊ है जो कि 33 वर्षों से भाजपा के कब्जे में है। अटल बिहारी वाजपेई से शुरू हुई जीत अभी भी निरंतर जारी है और इसको कायम रखा है रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने। कांग्रेस ने जीत दर्ज करने के लिए एक से एक धुरन्धर उतारे, लेकिन पिछले 36 वर्षों में ऐसा कोई नहीं हुआ जो भाजपा के तिलिस्म को तोड़ पाए।

देश की सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस आज अपने सबसे कमजोर दौर से गुजर रहा है। यूपी की कई ऐसी सीटें हैं जहां सालों से पार्टी को जीत नहीं मिली है। लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। यूपी में कांग्रेस और सपा गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का जलवा हुआ करता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। कांग्रेस को कई सीटों पर सालों से जीत का मुंह देखने को नहीं मिला है। इनमें से एक लखनऊ जैसी वीवीआईपी सीट भी है।

उत्तर प्रदेश की लखनऊ सीट पर कभी कांग्रेस का जलवा हुआ करता था। इस सीट से 1952 से 1984 तक कांग्रेस सात बार चुनाव जीत चुकी है। विजय लक्ष्मी पंडित, शीला कौल जैसे बड़े नाम कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं, जबकि एक बार 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी आनंद नारायण और 1977 में जनता पार्टी से हेमवती नंदन बहुगुणा सांसद रह चुके हैं।

### आसान नहीं होगा राजनाथ का रक्षा कवच भेद पाना

लखनऊ लोकसभा सीट से आखिरी बार कांग्रेस की शीला कौल 1984 में सांसद बनी थी। इसके बाद से आज तक कांग्रेस पार्टी यहां चुनाव नहीं जीत पाई है। पिछले 36 सालों से कांग्रेस के लिए यहां सूखा है। अब ये सीट भाजपा का गढ़ बन चुकी है। साल 1991 से लगातार यहां भगवा लहराती आ रही है। लखनऊ सीट से बीजेपी के दिग्गज नेता सांसद रहे हैं। साल 1991 से लेकर 2004 तक लगातार स्व. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पांच बार सांसद रहे। इसके बाद साल 2009 में लालजी टंडन ने बीजेपी के टिकट पर लखनऊ सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की।



2014 से लगातार दो बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सांसद हैं। बीजेपी ने तीसरी बार भी उन्हें लखनऊ से ही टिकट दिया है। इस बार कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। गठबंधन ने रविदास मेहरोत्रा को उम्मीदवार बनाया है। सवाल उठता है क्या इस बार गठबंधन भाजपा का 33 वर्षों का तिलिस्म तोड़ पाएगा। उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ सालों से पार्टी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस की हालत ये हैं कि देश के सबसे बड़े विपक्षी दल होने का दावा करने वाली कांग्रेस को सपा से गठबंधन में सिर्फ 17 सीटें मिली है। अमेठी और रायबरेली जैसी सीटों पर भी प्रत्याशी उतारने के लिए पार्टी को सोचना पड़ रहा है।

### 2019 में लखनऊ लोकसभा सीट के प्रत्याशियों की सूची

| प्रत्याशी का नाम | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह (भाजपा) | 6,33,026 वोट | 56 .7 प्रतिशत वोट दर |
| पूनम सिन्हा (सपा) | 2,85,724 वोट | 25 .59 प्रतिशत वोट दर |
| प्रमोद कृष्णम( कांग्रेस) | 1,80,011 वोट | 16 .12 प्रतिशत वोट दर |
| नोटा | 7,416 वोट | 0 .66 प्रतिशत वोट दर |

## मतदान के लिए अवकाश घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में मतदान के लिए निजी क्षेत्र के संस्थानों के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। इस सिलसिले में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार मतदान वाले दिन जिलों की सभी दुकानें, प्रतिष्ठान, फैक्ट्रियां आदि बंद रहेंगी। 19 अप्रैल को पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। प्रदेश के 9 जिलों में मतदान होगा। इसके चलते सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत और बरेली में अवकाश रहेगा। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होने के कारण अमरोहा, हापुड, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में अवकाश घोषित किया गया है। 7 मई को तीसरे चरण के मतदान के लिए मुरादाबाद, संभल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं और बरेली में अवकाश घोषित किया गया है। इसी तरह, चौथे चरण के लिए 13 मई को शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, एटा, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज और बहराइच जिले में अवकाश घोषित किया गया है। पांचवे चरण के लिए 20 मई को मतदान के दिन लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, जालौन, झांसी और ललितपुर जिले में अवकाश रहेगा। हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, बहराइच और बलरामपुर जिले में भी 20 मई को अवकाश रहेगा। इसके अलावा 25 मई को छठे चरण के मतदान के लिए सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी और भदोही जिले में अवकाश रहेगा। सातवें चरण के लिए 1 जून को महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर और सोनभद्र जिले में छुट्टी रहेगी।

**यूपी उपचुनाव के दिन भी रहेगा अवकाः** प्रदेश में चार जिलों में विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। इसमें शाहजहांपुर की ददरौल सीट पर 13 मई को मतदान होगा। लखनऊ की लखनऊ पूर्वी सीट पर 20 मई को मतदान होगा। बलरामपुर जिले की गैंसड़ी सीट पर 25 मई को व सोनभद्र की दुद्धी सीट पर 1 जून को वोट पड़ेंगे। इस तरह 13 मई को शाहजहांपुर, 20 मई को लखनऊ, 25 मई को बलरामपुर और 1 जून को सोनभद्र जिले में छुट्टी रहेगी।


# प्रतापगढ़ में 10 बार कांग्रेस के सिर ताज, अब महज खेवनहार



राजा दिनेश सिंह



रत्ना सिंह



प्रमोद तिवारी

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

- **इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी को मिली है प्रतापगढ़ सीट**
- **2019 में तीसरे स्थान पर रहीं थी कांग्रेस की राजकुमारी रत्ना सिंह**

**अमृत विचार :** जनपद प्रतापगढ़ कभी कांग्रेस का गढ़ रहा है। कालाकांकर रियासत के राजा रामपाल सिंह कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे। जनपद के पहले सांसद पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में रहे। राजा दिनेश सिंह सांसद बनने के बाद देश के विदेश मंत्री बने थे। उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह यहां से तीन बार सांसद चुनी गईं। इसके बाद से कांग्रेस जद्दोजहद कर रही है। लोकसभा चुनाव में पहली बार कांग्रेस सीधी लड़ाई में नहीं है। वह आइएनडीआईए गठबंधन से सपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगेगी।

प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र की राजनीति में पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय, राजा दिनेश सिंह, राजा अजीत प्रताप सिंह, प्रो. वासुदेव सिंह, प्रमोद तिवारी, रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के नाम से जिले की पहचान है। प्रतापगढ़ जनपद धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी की जन्मस्थली और महात्मा बुद्ध के तपोस्थली के रूप में भी जाना जाता है। 39 लोकसभा सीट प्रतापगढ़ पर अब तक 17 चुनाव हो चुके हैं, जिसमें सबसे अधिक सत्ता में कांग्रेस पार्टी रही। कांग्रेस ने यहां 10 बार जीत दर्ज की है। वर्ष 1977 में भारतीय लोकदल से रूपनाथ सिंह यादव, 1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह, 1998 में भाजपा से डा.राम विलास वेदांती, 2004 में सपा से अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी, 2014 में अपना दल के हरिवंश सिंह को छोड़कर इस संसदीय सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के संगम लाल गुप्ता ने बसपा के अशोक त्रिपाठी को हराकर चुनाव जीता था। संगम लाल गुप्ता को 4,36,291 वोट में मिले थे, जबकि दूसरे नंबर पर रहने वाले अशोक त्रिपाठी को 3,18,539 वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी को 1,17,752 मतों के अंतर से बसपा प्रत्याशी पर जीत दर्ज की थी। चुनाव में चुनाव में तीसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमारी रत्ना सिंह थीं, जिनको 77,096 वोट मिले थे।



इस बार आइएनडीआईए के गठबंधन में यहां की सीट सपा को मिली है। इस कारण कांग्रेस का प्रत्याशी यहां से चुनाव मैदान में नहीं रहेगा। कांग्रेस पार्टी गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करेगी। 10 बार यहां की सीट पर जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार महज खेवनहार रहेगी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा. लालजी त्रिपाठी ने कहा कि गठबंधन धर्म का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा।

**हरदोई लोकसभा क्षेत्र** दल नहीं चेहरों पर होता रहा है मतदान, 33 साल से जयप्रकाश व ऊषा ही पहुंच रहे लोकसभा

# दो चेहरों में सिमट कर रह गया हरदोई का चुनाव

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव एक बार फिर आ गया है, लेकिन हरदोई का चुनाव दो चेहरों में ही सिमट कर रह जाता है। यहां पर ऊषा वर्मा व जयप्रकाश ही वर्षों से लोकसभा पहुंच रहे हैं। 2014 में मोदी लहर में सिर्फ अंशुल वर्मा ने लोकसभा में हरदोई का प्रतिनिधित्व किया।

लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद जयप्रकाश को प्रत्याशी बनाया है, वहीं पूर्व सांसद ऊषा वर्मा सपा की प्रत्याशी हैं। हरदोई में लोकसभा का चुनाव वर्षों से इन्हीं दोनों के बीच हो रहा है। कभी जयप्रकाश सांसद बनते हैं कभी ऊषा वर्मा। सिर्फ 2014 में मोदी की लहर के दौरान भाजपा के अंशुल वर्मा लोकसभा पहुंचे थे। हरदोई लोकसभा सीट से 1991 में भाजपा से चुनाव जीत कर जयप्रकाश लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद 1996 तक वह यहां के सांसद हुए। 1998 में हुए चुनाव में ऊषा वर्मा लोकसभा पहुंची। 1999 में फिर चुनाव हुआ लोकतांत्रिक कांग्रेस से जयप्रकाश सांसद फिर बन गए। 2004 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से पुनः चुनाव जीतकर ऊषा वर्मा दोबारा सांसद बनीं। इसके बाद मोदी लहर में अंशुल वर्मा भाजपा से लोकसभा पहुंचे। अगले चुनाव में जयप्रकाश फिर हरदोई से भाजपा के प्रत्याशी बने और लोकसभा पहुंच गए।



सांसद जयप्रकाश



पूर्व सांसद ऊषा वर्मा

जिले में 1991 से लोकसभा पहुंचने वालों में जयप्रकाश व ऊषा वर्मा ही हैं। लगातार जिले के लोग 33 सालों से यही दोनों लोकसभा हरदोई का प्रतिनिधित्व करते देख रहे हैं। 1991 में पैदा हुए बच्चे आज 33 साल के हो गए हैं। विधायक तो उन्होंने कई बदलते देखे, लेकिन लोकसभा सदस्य के रूप में ही दो चेहरे देख रहे हैं। इस बार भी इन्हीं दोनों चेहरों के बीच मुकाबला हो रहा है।

### अब तक हुए सांसद

**हरदोई।** जिले में लोकसभा सांसद का यह 20 वां चुनाव है। सबसे पहले जिले में 1952 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से बुलाकी राम वर्मा लोकसभा सांसद चुने गए थे। 1957 में जनसंघ के शिवदीन लोकसभा पहुंचे। 1957 से 1971 तक कांग्रेस का जलजला रहा। इस दौरान 1957 में छेदा लाल गुप्ता, लोकसभा सदस्य चुने गए थे। 1962 से 1971 तक दयालु लाल लोकसभा के सदस्य रहे। जनता पार्टी से 1977 में परमाई लाल, 1980 में हुए चुनाव में कांग्रेस के मन्नी लाल, 1984 के चुनाव में कांग्रेस के दयालु लाल, 1989 के चुनाव में परमाई लाल तथा 1990 के चुनाव में हरियाणा से आए चौधरी चांदराम लोकसभा पहुंचे थे।

# बसपा में ही खत्म हो गई मुख्तार की राजनीति

## 1996 में मऊ सदर में पहली बार बना विधायक, 2017 में आखिरी बार बना विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** अपराध की दुनिया और राजनीति, एक दूसरे के पूरक हैं। संरक्षण के लिए अपराधी राजनीति में प्रवेश करता है और राजनीति में कद बढ़ाने को नेता अपराधियों को संरक्षण भी देते हैं। पांच बार विधायक रह चुके मुख्तार अंसारी के राजनैतिक इतिहास से आसानी से लगाया जा सकता है।

पूर्वांचल में अपराध की दुनिया में बढ़ते कद के साथ ही मुख्तार ने बसपा का दामन थामकर 1996 में राजनीति में कदम रखा था और मऊ सदर से जीत दर्ज कर सफेद पोश माफिया बन गया। राजनीति में तमाम उतार-चढ़ाव के साथ ही अंतिम बार 2017 में मऊ से बतौर बसपा विधायक रहे। माफिया मुख्तार अंसारी ने अपराधिक रिकार्ड बढ़ने के साथ ही 1996 में बसपा के सहारे राजनीति में कदम रखा, मऊ सदर से पहली बार विधायक बना। दूसरी बार 2002 में निर्दलीय विधायकी जीती, बाहुबली होने की वजह से पूर्वांचल की राजनीति में इर्द गिर्द घूमने लगी। विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव, मुख्तार की दखलंनदाजी हर चुनाव में होती थी। प्रदेश के राजनैतिक घटनाक्रमों में मुख्तार कुछ सालों के लिए बसपा से बाहर भी रहे, 2007 में निर्दलीय होकर भी चुनाव जीत दर्ज की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के संपर्क में भी रहा। मगर 2009 में बसपा ने दोबारा वाराणसी से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाकर उतारा, हांलाकि चुनाव में हार मिली। अगले ही साल 2010 में बसपा की मायावती ने फिर पार्टी से निष्कासित किया तो खुद का, कौमी एकता दल का गठन किया, और 2012 में विधायकी जीती। मगर ज्यादा दिन सक्रिय राजनीति से अलग नहीं रहें और 2017 में कौमी एकता दल का विलय बसपा में कर दिया और बसपा के टिकट पर मऊ सीट से विधायक बन गया। यह उनका अंतिम चुनाव साबित हुआ।



## एक नजर

### लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,157 मामलों में कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : बिना अनुमति के चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के मामले में 1157 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 49,57,898 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 30,14,824 व निजी स्थानों से 19,43,144 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 3,28,492, पोस्टर के 14,02,506, बैनर के 8,70,882 व अन्य 4,12,944 मामलों में कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 2,49,145, पोस्टर के 8,90,898, बैनर के 5,02,380 व अन्य 3,00,721 मामलों में कार्रवाई की गई है।

# जेल में ताजा मछलियां खाने वाला बिस्किट को भी तरसा

## अदालत में मुख्तार ने जज से कहा था, बहुत इच्छा है, कुरकुरे खाने की दिलवा दीजिए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- जेल में कलेक्टर और एसपी के साथ खेलता था बैडमिंटन

**अमृत विचार:** कुख्यात माफिया सरगना मुख्तार अंसारी जेल के अंदर और बाहर एक ही अंदाज में रहता था। जेल जाने के बाद उसे वह सारी सुविधाएं सरकार मुहैया कराती थी, जिन सुविधाओं को वह जेल के बाहर रहने पर स्वयं से मैनेज करता था। जेल में वह कलेक्टर और एसपी के साथ बैडमिंटन खेलता था। अनधिकृत रूप से जेल से बाहर घूमने के दौरान जेल में लगे सीसीटीवी को बंद कर दिया जाता था। ताजी मछलियां खाने को मिले, इसके लिए जेल परिसर में ही तालाब खुदवा दिया गया। प्रदेश का निजाम बदलने के बाद उसी मुख्तार अंसारी को कुरकुरे और बिस्किट खाने के लिए जज के सामने गिड़गिड़ाना पड़ा।

एक जनवरी 2024 को एमपी-एमएलए कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी ने विशेष सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव से कुरकुरे और बिस्कुट की मांग की। हालात यहां तक आए कि कोर्ट रूम में खड़े वकील और कुछ पैरोकार कुरकुरे और बिस्कुट की मांग सुनकर हंस पड़े। यह वही मुख्तार था जिसे ताजी मछलियां खिलाने के लिए जेल में ही तालाब खोद दिया गया था। जिसके बैरक में छापे के दौरान क्विंटलों फल और मशहूर प्रतिष्ठानों की मिठाइयां मिली थी। लखनऊ जेल में भी मुख्तार के बैरक में एसी लगा हुआ था। 15 सौ वर्ग फिट में बने बैरक की सभी खिड़कियों और दरवाजों में महंगे पर्दे लगे होते थे। उसी बैरक में पांच बेड और बैठने के लिए अच्छे फर्नीचर रखे जाते थे।

मुख्तार से मिलाई करने वालों की जांच जेल कर्मी न करके मुख्तार के गुर्गे करते थे। मुख्तार के गुर्गे बैरक के बाहर खड़े रहते थे। प्रतिदिन चूल्हे पर बकरे और मछलियां पकती थी। यह चूल्हा बैरक के बाहर स्थापित किया जाता था। बाहर का भोजन करने का मूड होने पर जेल के सीसीटीवी को बंद कर दिया जाता था। जेल के गेट के बाहर लग्जरी गाड़ियां कतार में खड़ी हो जाती थीं। वापसी तक पूरा जेल प्रशासन अलर्ट मोड पर रहता था।

### सामान्य कैदी का भोजन

गाजीपुर में तो जिलाधिकारी स्वयं मुख्तार के साथ बैडमिंटन खेलने के लिए जेल तक जाता था। प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद मुख्तार को आम कैदी बना दिया गया। जो भोजन सामान्य कैदी को मिलता था वही मुख्तार को खाना पड़ता था। मोहाली जेल से यूपी में स्थानांतरित होने के बाद मुख्तार एक-एक दिन घुट-घुट कर जिया।

# 6 साल पहले भी पड़ा था दिल का दौरा

- पुलिस की कड़ी सुरक्षा में मुख्तार को पीजीआई में कराया गया था भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सजा दफ्ता माफिया मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई है। मुख्तार को यह दौरा पहली बार नहीं आया, इससे पहले भी वह इस बीमारी से जूझ चुका है। छह साल पूर्व उसे मुख्तार को दिल का दौरा पड़ा था। उसे एसजीपीजीआई अस्पताल कड़ी सुरक्षा के बीच भर्ती कराया गया था। उस वक्त भी माफिया के परिजनों ने जहर देने का आरोप लगाया था।

**छावनी में बदल गया था एसजीपीजीआई:** 9 जनवरी 2018 को मुख्तार को बांदा के जेल में दिल का दौरा पड़ा था। मुख्तार की पत्नी अफशां उनसे मिलने बांदा जेल गई थीं, जहां अचानक दोनों की दिल का दौरा पड़ने से तबीयत बिगड़ गई। भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मुख्तार अंसारी और उनकी पत्नी को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें एसजीपीजीआई अस्पताल पहुंचाया गया। उस वक्त बांदा से दो अलग अलग एंबुलेंस में दोनों को लखनऊ लाया गया था। इस दौरान माफिया मुख्तार अंसारी के साथ उनके दोनों बेटे भी मौजूद थे। उस दौरान अस्पताल के अंदर और बाहर भी भारी फोर्स की वजह से परिसर पूरा पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था।

एसजीपीजीआई में डॉ पीके गोयल कार्डियोलोजिस्ट की देख रेख में उनका इलाज किया गया। अस्पताल के डाक्टर केएल पांडे का कहना था कि मुख्तार मधुमेह और बीपी के भी मरीज हैं, जिसके लिए उनकी दवाईयां चल रही थी।

### चाय पीने के बाद हो गए थे बेहोश

जांच में सामने आया था कि मुख्तार जेल में पत्नी के साथ चाय पी रहे थे। चाय पीने के कुछ ही देर बाद वे बेहोश होकर गिर पड़े। उनकी पत्नी भी बेसुध हो गईं। मुख्तार अंसारी के परिवारीजनों जेल प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया था। उनका कहना है कि मुख्तार अंसारी को चाय के साथ कुछ दिया गया था। चाय पीने के बाद ही अंसारी की तबीयत बिगड़ गई, हालांकि यूपी के जेल मंत्री ने मुख्तार अंसारी के परिवार के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।

# इंडी गठबंधन में नेता, नीति और नीयत सबका अभाव

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा अलायंस में है अंतर्विरोध

- सभी दल स्वार्थवश साथ रहने का रच रहे स्वांग
- घोषित प्रत्याशियों पर भी नहीं कर पा रहे भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि इंडी अलायंस में बहुत ही अंतर्विरोध है। सभी दल स्वार्थवश साथ रहने का स्वांग तो रच रहे हैं लेकिन एक दूसरे को नीचा दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दूसरी ओर उन्हें अपने घोषित प्रत्याशियों पर भी भरोसा नहीं है। दो-दो तीन-तीन बार उम्मीदवार बदल रहे हैं। कांग्रेस के पास अपनी परंपरागत कही जाने वाली सीट पर तो उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के बीच अंतर्विरोध, मतभेद और मनभेद इतना गहरा है कि आपस में समन्वय भी नहीं हो पा रहा है। उत्तर प्रदेश में इनके पास नेता, नीति और नीयत सबका अभाव है। कांग्रेस का उप्र. से पलायन हो चुका है।

### मोदी आज मेरठ में, एनडीए रैली को सम्बोधित करेंगे

लखनऊ : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को केन्द्रीय आलू अनुसंधान केन्द्र मोदीपुरम मेरठ में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की संयुक्त विशाल रैली को सम्बोधित करेंगे। रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सहित रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, सुभासपा के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री डा. संजय निषाद भी शामिल रहेंगे।

### कोर कमेटी की बैठक संपन्न

लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शनिवार को प्रस्तावित बुलंदशहर, हाथरस और गौतमबुद्ध नगर का दौरा रद्द हो गया। इसके पीछे लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा राज्य मुख्यालय में होने वाली एक अहम बैठक के अलावा केन्द्रीय मंत्रियों के उप्र. दौरे को देखते हुए योगी के कार्यक्रमों को भी नये सिरे से तय किया जाना है। दरअसल, पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है, इससे पहले ही भाजपा चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में कोर कमेटी की बड़ी बैठक हुई जिसके योगी ने अपना दौरा रद्द कर दिया। भाजपा कोर कमेटी बैठक में योगी के साथ पार्टी के उप्र. चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य, ब्रजेश पाठक और चुनाव संचालन समिति के संयोजक स्वतन्त्र देव सिंह मौजूद रहें। पहले मुख्यमंत्री आवास में सुबह बैठक शुरू हुई और बाद भाजपा प्रदेश मुख्यालय में बैठक हुई।

# पोस्टल बैलेट से तीन दिन डाल सकेंगे वोट

- सुबह नौ से शाम पांच बजे तक होगी मतदान की सुविधा
- पहले चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आवश्यक सेवाओं में लगे कार्मिक पोस्टल बैलेट के जरिए तीन दिन में किसी दिन मतदान कर सकेंगे। इन कार्मिकों को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने पहले चरण की आठ सीटों के लिए मतदान की तैयारी शुरू कर दी है।

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि 12 आवश्यक सेवाओं में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा), डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर व मतदान दिवस की कवरेज के आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है।

### दूसरे चरण में चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए हो रहे चुनाव को लेकर शनिवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मेरठ लोकसभा सीट के लिए दो, गाजियाबाद में एक व मथुरा में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। इस चरण में प्रत्याशी चार अप्रैल तक नामांकन कर सकेंगे। मतदान 26 अप्रैल को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर (अजा), अलीगढ़ व मथुरा की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन होना है।

# आयकर की नोटिस पर कांग्रेस का प्रदर्शन




मांल एवेन्यू स्थित कांग्रेस कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग को पार करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिला मुख्यालयों पर भी प्रदर्शन कर विरोध जताया

**अमृत विचार:** आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस को 1823.08 करोड़ की नोटिस जारी किए जाने के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों के सामने विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के अधिकारियों के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

राजधानी लखनऊ में जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया और पुलिस आयुक्त के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा सरकार के इशारे पर संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से विपक्षी पार्टियों पर अलोकतांत्रिक हमलों को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, ताकि देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया जीवित रह सके। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पिछले डेढ़ महीने से सभी लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर केन्द्र की मोदी सरकार ने आयकर विभाग को सामने रखकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ एक असंवैधानिक व गैर कानूनी युद्ध छेड़ रखा है।

### वर्ग पहेली-25

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाहर निकलना 2. उदय होना 3. अन्य की अपेक्षा आगे निकल जाना; बढ़ जाना 4. दूध आदि तरल पदार्थों का खौलकर गाढ़ा होना।
2. 1. झांकने की क्रिया या भाव (ताक-झांक में प्रयुक्त होने वाला शब्द) 2. जासूसी 3. झलक, झरोखा।
5. 1. ठगने में किसी दूसरे को प्रवृत्त करना 2. किसी के ठगे जाने में सहायता करना।
8. 1. प्रतिकार करने वाला, आदेश का उल्लंघन करने वाला 2. नष्ट करने वाला।
10. आतंकित होकर एक साथ भागना, भगदड़।
11. ग्वाला।

**ऊपर से नीचे**

3. एक प्रकार का बनबिलाव।
4. दिवाकर या सूर्य के पुत्र- शनि तथा यम।
6. झूला झूलते समय झूले या हिंडोले का एक ओर से दूसरी ओर जाना।
7. 1. विपत्ति या कठिन वक्त के लिए संचित करके रखा गया धन, संचित धन, रक्षित द्रव्य, जमा-पूंजी 2. धरोहर, अमानत, किसी के पास सहेजकर रखने के लिए छोड़ी की गई वस्तु।
8. कुश्ती का एक दांव।
9. 1. नदी



### वर्ग पहेली -24 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 फ़ | | 2 भं | गि | 3 मा |
| 4 ता | म | र | स | | | लि |
| | | लां | | 5 न | चा | की |
| | 6 पुं | ग | फ | ल | | |
| 7 फ़ | | | | सा | | |
| क़ | | | | 8 ज़ | ई | फ़ |
| 9 त | स | दी | क | | | |

# महंगी हुई कॉपी किताबों के दाम कम करने की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाजवादी व्यापार सभा ने उठाया मुद्दा

**अमृत विचार:** समाजवादी व्यापार सभा ने राज्य सरकार से नए शैक्षणिक सत्र में महंगी हुई कॉपी किताबों के दाम कम करने की मांग की है। इसके बीच तर्क दिया गया है कि पहले से ही महंगाई और मंदी से परेशान अभिभावकों को इससे राहत मिल सके। लखनऊ में शनिवार को व्यापार सभा के प्रदेश कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने इस मामले को उठाया।

व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता अभिमन्यु ने कहा कि सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की किताबों के कुछ निजी प्रकाशकों ने तो 10 फीसदी तक दाम बढ़ा दिए हैं। कॉपियों की कीमतें भी 15 से 25 फीसदी तक बढ़ी हैं। इन पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ ने रेट नहीं बढ़ाए तो पन्ने कम कर दिए और कुछ ने पन्ने बढ़ाए तो रेट भी बढ़ा दिए। कहा कि दुकानदार भी एमआरपी पर छूट देने से साफ इनकार कर दे रहे हैं। यह हाल तब है जबकि मिलों ने कागज के दाम नहीं बढ़ाए हैं।

**सरफराज युवजन सभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष:** लखनऊ। सरफराज हुसैन सोनू निवासी गोण्डा को समाजवादी युवजन सभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, नागेन्द्र यादव निवासी बलिया को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। वहीं, नकुल गुर्जर निवासी मेरठ को समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है। इसी कड़ी में छात्र सभा की राज्य कार्यकारिणी में विनीत कुमार निवासी गोरखपुर, हिमांशु यादव निवासी वाराणसी, सनी पवार निवासी हापुड़ और शुयेब हाशमी निवासी महोबा को भी प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

### मुख्तार अनीस को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की ओर से सपा के वरिष्ठ नेता एवं सीतापुर के पूर्व सांसद मुख्तार अनीस की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्तार अनीस सपा के नेता एवं चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया और पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निकट सहयोगियों में थे। उन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया पर एक संग्रहणीय ग्रंथ के सम्पादन के अतिरिक्त समाजवाद के शिल्पी पुस्तक भी लिखी थी।



समाजवादी महिला सभा के होली मिलन समारोह के दौरान महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह। अमृत विचार

### सपा में शामिल हुए बसपा नेता जहीर मलिक

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी की नीतियों और नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए शनिवार को बसपा छोड़कर नगर पंचायत जलालाबाद जिला शामली के अध्यक्ष जहीर मलिक ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जहीर मलिक सन् 2006 से 2011 तक नगर पंचायत जलालाबाद बस्ती के अध्यक्ष रहे थे। सन् 2022 में वह बसपा के सिम्बल पर विस. का चुनाव भी लड़े थे। बसपा के सिंबल पर ही वे दुबारा 2023 में नगर पंचायत के अध्यक्ष बने हैं।

### समाजवादी महिला सभा होली मिलन समारोह आयोजित

लखनऊ : समाजवादी महिला सभा के तत्वावधान में शनिवार को लखनऊ में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने लखनऊ की गंगा जमुनी संस्कृति और यहां की विशेषताओं पर विचार साझा किए। इस मौके पर महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने मुख्य अतिथि राजेन्द्र चौधरी को 1975 में गाजियाबाद के रामलीला मैदान में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की उपस्थिति में उनके संबोधन का तैल चित्र एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया। कार्यक्रम को लखनऊ लोकसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा (विधायक) ने भी संबोधित किया।

### सुडोकू -104

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 3 | | 9 | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| | 9 | | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | 9 | | 7 | | | |
| 3 | 4 | 6 | | 2 | | | 5 | |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | 2 | 5 |
| 9 | | 7 | | 4 | | | | |

### सुडोकू -103 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 21.30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 22.57 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष:** आज किसी की भी बात पर भरोसा करने के बजाय उसकी सत्यता पहले परख लें। धर्म-कर्म में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। शरीर में संक्रमण और खुजली की शिकायत हो सकती है। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

**वृष:** आज का दिन आनंददायी रहने वाला है। घरेलू विवाद सुलझ सकते हैं। दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी। अविवाहितों के विवाह के योग बन रहे हैं। व्यापारिक लेन-देन से लाभ मिलेगा। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है।

**मिथुन:** आज जीवनसाथी की वजह से किसी समस्या से पार पा सकेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। चित्त शांत और गंभीरता युक्त रहेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभप्रद रहेगी। नया घर लेने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

**कर्क:** आज प्रेमी जन के साथ बहुत अच्छा वक्त बिताएंगे। अपनी योग्यता का भरपूर सार्थक उपयोग कर पाएंगे। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। सुबह आप किसी बात पर गुस्सा हो सकते हैं। दोपहर के बाद आपके आत्मविश्वास में शानदार वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज खर्चे बहुत ज्यादा बढ़ने के कारण समस्या बढ़ेगी। परिस्थितियों का गलत आकलन कर सकते हैं। व्यापार की समस्याओं में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बहसबाजी से आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या:** आज मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। करियर में उन्नति के अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में सहभागिता रहेगी। आपका आत्मबल और मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। सोशल मीडिया के माध्यम से आपकी लोकप्रियता बढ़ सकती है।

**तुला:** आज जीवनशैली व्यवस्थित रखें। घर पर परिजनों के साथ उत्तम समय बिताएंगे। परिश्रम का पूरा फल नहीं मिलेगा। पाचन में खराबी होने की संभावना है। व्यर्थ की समस्याओं से मन व्यथित हो सकता है। माता-पिता की दवाइयों पर धन खर्च होगा।

**वृश्चिक:** आज समाज में आपकी सराहना होगी। घर का माहौल सुखदायक रहेगा। कार्य पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से बेहद शुभ है। अपने काम करने के तरीके को बदलने का विचार बनाएंगे।

**धनु:** आज शांत होकर के अपने काम में ध्यान दें। संभव हो तो महत्वपूर्ण कार्यों को दो दिनों के लिए टाल दें। संयम और सहनशीलता का परिचय देते हुये कार्य करें। कारोबार में हानि हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

**मकर:** आज प्रभावशाली लोगों से आपके संपर्क प्रगाढ़ होंगे। परिवार में आप लोगों के बीच सेतु की तरह काम करेंगे। दोस्तों व रिश्तेदारों से प्रोत्साहन और अपेक्षित मदद मिलेगी। अपने आलोचकों की बात को गंभीरता से न लें।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में आप कुछ बदलाव का विचार बना सकते हैं। पिता की सलाह से आपको लाभ होगा। खानपान में शुद्धता का ध्यान रखेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने विचारों से कई लोगों को प्रभावित करेंगे।

**मीन:** आज व्यर्थ विवादों को टालने का प्रयास करें। काम के बजाय योजनाओं में ज्यादा रुचि रहेगी। नए व्यापारिक सौदे हो सकते हैं। आपकी सलाह से लोगों को बहुत लाभ होगा। ललित कलाओं और मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- वीरगति — सुबह : 11.00
- सपूत — रात : 07.00

**SONY PIX**
- ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 11.05
- जर्नी 2 — रात : 07.24

**&pictures**
- वेलकम बैक — सुबह : 11.00
- रोबोट — शाम : 04.23

**ZEE CINEMA**
- फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 10.05
- पिप्पा — रात : 10.40

**colors CINEPLEX**
- द रीटर्न ऑफ रिबेल — सुबह : 10.31
- ओएमजी 2 — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा- भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

## एक नजर

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### ओपनएआई ने वॉयस इंजन पेश किया

**सैन फ्रांसिस्को।** चैटजीपीटी को बनाने वाली कंपनी ओपनएआई वॉयस असिस्टेंट कारोबार में उतर रही है। कंपनी ने ऐसी तकनीक तैयार की है, जो किसी व्यक्ति की आवाज को क्लोन कर सकती है।

# अगले हफ्ते खुलेगा भारती हेक्साकॉम का आईपीओ, 12 को लिस्ट होंगे शेयर

## 3 से 5 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन, यह भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए अगले हफ्ते ओपन होगा। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक बोली लगा सकेंगे।

12 अप्रैल को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी 4,275 करोड़ जुटाना चाहती है। यह पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल होगा, जिसमें कंपनी के मौजूदा निवेशक पूरे 4,275 करोड़ के 75,000,000 शेयर बेच रहे हैं।




इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 26 शेयर के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 542-570 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 570 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,820 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 338 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 192,660 इन्वेस्ट करने होंगे।

आईपीओ ओपन होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 6.49% यानी 37 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ऐसे में अपर प्राइस बैंड 570 के हिसाब से इसकी लिस्टिंग 607 पर हो सकती है।

1995 में स्थापित हुए भारती हेक्साकॉम लिमिटेड टेलीफोन और ब्रॉडबैंड सर्विस प्रोवाइस करती है। कंपनी राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा सहित अन्य राज्यों में अपनी सर्विस देती है। 31 दिसंबर 2023 तक कंपनी के 27.1 मिलियन कस्टमर्स थे।

## जेएसडब्ल्यू स्टील ने कर्नाटक संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल चालू की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू स्टील ने शनिवार को कर्नाटक के विजयनगर स्थित अपने एकीकृत इस्पात संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल शुरू करने की घोषणा की। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 50 लाख टन की वार्षिक क्षमता वाली मिल से स्टील उत्पादों की पहली खेप भेजी है। कंपनी ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड (जेवीएमएल) ने आज विजयनगर संयंत्र में 50 लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता के साथ अपनी हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) को चालू किया और पहली खेप भेजी। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि यह संयंत्र 17 मार्च, 2024 को तैयार हुआ था और शुरुआती परीक्षण के बाद वाणिज्यिक विनिर्माण और बिक्री शुरू हो गई है।

## त्योहारी मांग से खाद्य तेल व तिलहन की कीमतों में सुधार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश में खाद्य तेलों की आपूर्ति कम रहने के बीच त्योहारी मांग बढ़ने के कारण शनिवार को देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहन कीमतों में मजबूती देखने को मिली। आयातित तेलों की कम आपूर्ति की स्थिति के बीच सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतें मजबूती दर्शाती बंद हुईं।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि कम आपूर्ति (शॉर्ट सप्लाई) की वजह पाम एवं पामोलीन तेल का सूरजमुखी से महंगा होना है। इस महंगे दाम के कारण पाम, पामोलीन का आयात प्रभावित हुआ है जिस तेल की पूरे तेल आयात में लगभग 65 प्रतिशत की हिस्सेदारी होती है और कमजोर आयवर्ग के लोग इस तेल का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। पाम, पामोलीन जब सूरजमुखी से सस्ता होगा तभी इसका आयात बढ़ेगा और आपूर्ति लाईन दुरुस्त होगी। लगभग 65 प्रतिशत पाम, पामोलीन की कमी को किसी साफ्ट आयल से पूरा करना लगभग असंभव है। पाम, पामोलीन के दाम महंगे होने से सॉफ्ट आयल कीमतों पर भी दवाब बढ़ गया है। इससे सभी तेल तिलहन के दाम मजबूत होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल के मुकाबले शनिवार को सरसों की आवक घटकर साढ़े छह लाख बोरी रह गई। इस सरसों की खरीद के मामले में हरियाणा सरकार का कदम सराहनीय कहा जा सकता है। छिटपुट आवक शुरु होने के बीच वहां प्रदेश सरकार ने 5,650 रुपये प्रति क्विन्टल के एमएसपी पर किसानो की सरसों खरीद शुरु की है।

## नौ शहरों में बिना बिके मकान सात प्रतिशत घटे: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

नयी आपूर्ति की तुलना में बिक्री अधिक होने के कारण पिछले तीन महीनों में देश के नौ प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या सात प्रतिशत घटकर लगभग 4.81 लाख इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म प्रॉपइक्विटी के मुताबिक इस साल मार्च के अंत में नौ प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या 4,81,566 थी। यह आंकड़ा दिसंबर 2023 के अंत में 5,18,868 इकाई था। ये नौ शहर मुंबई, नवी मुंबई,



ठाणे, दिल्ली-एनसीआर (दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद), बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई और कोलकाता हैं। प्रॉपइक्विटी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक (एमडी) समीर जसूजा ने कहा कि नयी आवक के मुकाबले बिक्री अधिक होने से बिना बिके मकानों की संख्या में कमी आई है।

## इंडिगो ने अबू धाबी और कन्नूर के बीच सीधी उड़ानों की घोषणा की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने नौ मई से अबू धाबी और उत्तरी केरल के कन्नूर के बीच सीधी उड़ानों की घोषणा की है। एयरलाइन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति का विस्तार करते हुए इस सीधी दैनिक उड़ान का संचालन करेगी। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि इन उड़ानों के अलावा, एयरलाइन भारत के आठ शहरों से अबू धाबी के लिए 56 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी।

## साइबर सुरक्षा नवाचार के लिए स्टार्टअप समूह लॉन्च

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) में उन्नत साइबर सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब सी3आईहब ने यहां स्टार्टअप समूह लॉंच करने की घोषणा की है। सी3आईअब ने स्टार्टअप समूह तीन, चार और पांच लॉंच किया है।

एनएम-आईसीपीएस मिशन के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा वित्त पोषित, सी3आईहब ने स्टार्टअप इनक्यूबेशन कार्यक्रम में 19 स्टार्टअप प्रस्तुत किए, जो एप्लिकेशन सुरक्षा, एकीकृत एसओसी समाधान, साइबर फोरेंसिक, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी, यूएवी सुरक्षा, आईओटी सुरक्षा और साइबर बीमा सहित विशिष्ट साइबर सुरक्षा क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं। इस कार्यक्रम में डीएसटी सचिव डॉ. अभय करंदीकर; राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक लेफ्टिनेंट जनरल एम यू नायर, एनसीआईआईपीसी के महानिदेशक नवीन कुमार सिंह, भारत के पहले राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक गुलशन राय मौजूद रहे।

## पंजाब में दो और टोल प्लाजा बंद किए जाएंगे : भगवंत मान

**चंडीगढ़, एजेंसी**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि लुधियाना-बरनाला राज्य राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा को दो अप्रैल से बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रियायत अवधि खत्म होने के कारण रकबा (लुधियाना में मुल्लांपुर के पास) और मेहल कलां (बरनाला के पास) टोल प्लाजा दो अप्रैल को अपना परिचालन बंद कर देंगे।

लुधियाना जिले में स्थित दाखा-हलवारा-रायकोट-बरनाला राज्य राजमार्ग 57.94 किलोमीटर लंबा है। पंजाब सरकार ने राजमार्ग को बेहतर बनाने के लिए 2007 में बनाओ, चलाओ और हस्तांतरित करो (बीओटी) योजना को मंजूरी दी थी। इस परियोजना के लिए रोहन राजदीप टोलवेज लिमिटेड के साथ 17 वर्षों के लिए एक समझौता किया था। मान ने कहा कि कंपनी ने कोविड महामारी और किसानों के आंदोलन का हवाला देते हुए टोल परिचालन 448 दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन पंजाब सरकार ने इसे अस्वीकार कर दिया।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''दोनों टोल प्लाजा अपना परिचालन बंद कर देंगे और जनता से कोई टोल नहीं वसूलेंगे।'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पूंजीपतियों को अनुचित लाभ देने के लिए नहीं हैं और टोल परिचालन अवधि खत्म होने के बाद किसी को भी आम जनता को लूटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मान सरकार पिछले दो वर्षों में राज्य के विभिन्न स्थानों पर 10 टोल प्लाजा को बंद कर चुकी है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### हत्या के मामले में आरएसएस के तीन कार्यकर्ता बरी

**कासरगोड (केरल)।** केरल में कासरगोड की एक अदालत ने 2017 में जिले की एक मस्जिद के अंदर एक मदरसा शिक्षक की हत्या से संबंधित मामले में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के तीन कार्यकर्ताओं को बरी कर दिया। कासरगोड प्रधान सत्र अदालत के न्यायाधीश के के बालाकृष्णन ने मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया। मामले का विस्तृत फैसला अभी आना बाकी है। मोहम्मद रियास मौलवी (34) पास के चूरी में स्थित एक मदरसे में पढ़ाते थे। मौलवी की 20 मार्च, 2017 को मस्जिद में उनके कमरे में हत्या कर दी गई थी। चूरी स्थित मुहयुद्दीन जुमा मस्जिद के परिसर में घुसे एक गिरोह ने कथित तौर पर उनका गला काट दिया था।

### निर्माणाधीन पुल के तीन स्लैब गिरे, जांच समिति गठित

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के नरसेना क्षेत्र के गजरौला गांव में गंगा नदी पर एक निर्माणाधीन पुल के तीन स्लैब गिर गए। इसमें किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी ने मामले में जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति बना दी है। इस बीच, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने मामले को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर चुनावी चंदा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा लोगों के जीवन से खेल रही है।

### महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को सेवा विस्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्य सचिव नितिन करीर का कार्यकाल शनिवार को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार केंद्र ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी को एक अप्रैल से 30 जून तक विस्तार देने संबंधी राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। करीर ने पिछले साल दिसंबर में शीर्ष पद के लिए वरिष्ठ नौकरशाह मनोज सौनिक का स्थान लिया था। महाराष्ट्र कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी इस महीने सेवानिवृत्त होने वाले थे।

# इलेक्टोरल बॉन्ड आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला, भाजपा ने ईडी से कराई उगाही

## आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने लगाया आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए ईडी से उगाही कराई है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि बीते 10 साल में भाजपा की हरकतें देखकर समझ आने लगा है कि क्यों सरदार बल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था।

भाजपा इस देश की सबसे खराब, अक्षम और दोमुंही पार्टी है। ईमानदारी, भाजपा का सबसे बड़ा डर है और आम आदमी पार्टी का सबसे बड़ा हथियार है। इसी ईमानदारी की सजा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिल रही है। आज का देश का हर नागरिक जानता है कि जो केजरीवाल सरकार हर साल जनकल्याण की सुविधाएं देने के बाद भी मुनाफे का बजट पेश करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दो साल से हमारे ऊपर अनगिनत छापे की कार्रवाई करवाई लेकिन इतने छापों के बाद भी एक चवन्नी बरामद नहीं हुई। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अब अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ईडी ने करीब 51 हजार डॉक्यूमेंट्स कोर्ट के समक्ष रखे हैं और 458 गवाहों से पूछताछ की गई है। इतनी सारी पूछताछ करने के बाद केवल चार जगह अरविंद केजरीवाल का नाम आता है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेस में अकेले दौड़कर प्रथम आना चाहते हैं और इसलिए वह लगातार विपक्ष की सारी बुलंद आवाजों को जेल भेज रहे हैं।

### हेमंत सोरेन की पत्नी ने सुनीता केजरीवाल से मिलीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से शनिवार को मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि कल्पना सोरेन ने 6 फ्लैगस्टाफ रोड स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास पर जाकर सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात करीब 15 से 20 मिनट तक चली। झारखंड में कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था और वह तब से जेल में हैं।



इंदौर में रंगपंचमी गेर उत्सव के दौरान उमड़ा जनसैलाब। • एजेंसी

## तमिल के लोकप्रिय अभिनेता डेनियल बालाजी का निधन

**चेन्नई, एजेंसी**

अपने शानदार अभिनय के लिए विख्यात लोकप्रिय तमिल फिल्म अभिनेता डेनियल बालाजी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। अस्पताल के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। वह 48 वर्ष के थे। तिरुवानमियूर में रहने वाले अभिनेता ने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें तुरंत यहां कोट्टिवक्कम के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया।

अभिनय के क्षेत्र से राजनीति में आये कमल हासन ने कहा, "डेनियल का अचानक निधन चौंकाने वाला है। कम उम्र में मौत की पीड़ा परेशान करने वाली है।" उन्होंने शोक संतप्त परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

## मुख्यमंत्री खांडू सहित 10 भाजपा उम्मीदवार विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**ईटानगर, एजेंसी**

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चौना मीन सहित भारतीय जनता पार्टी के 10 उम्मीदवार राज्य विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सेन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि नामांकन वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद खांडू और नौ अन्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि खांडू तवांग जिले के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे, जबकि उप मुख्यमंत्री चौना मीन ने चौखम सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की, क्योंकि उनके एकमात्र प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के बयामसो क्रि ने शनिवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। सेन ने कहा, ''छह विधानसभा क्षेत्रों में केवल एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया था जबकि चार अन्य में विपक्षी उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली।''

## इंदौर में रंगपंचमी की 'गेर' में उमड़े हजारों हुरियारे, सीएम भी शामिल

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में फागुनी मस्ती के माहौल में रंगपंचमी पर हर साल निकाली जाने वाली ''गेर'' (होली की विशाल शोभायात्रा) में शनिवार को हजारों लोग शामिल हुए और त्योहारी उल्लास में डूब गए। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शहर में गेर की करीब 75 साल पुरानी रंगारंग परंपरा में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ एक खुले वाहन में सवार हुए और उन्हें गेर में शामिल लोगों पर पिचकारी से रंग बरसाते देखा गया। यादव ने संवाददाताओं से कहा, ''गेर होली खेलने वाले लोगों की वह टोली है जो सबको अपना बनाने के लिए निकलती है।''

## असम राइफल्स ने दलाई लामा के साथ अपने जुड़ाव को याद किया

**गुवाहाटी, एजेंसी**

चौदहवें दलाई लामा के अपनी मातृभूमि तिब्बत से भागकर भारत आने के 65 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में असम राइफल्स ने आध्यात्मिक नेता के साथ अपने निरंतर सहयोग को याद किया। दलाई लामा को सुरक्षित लाने की जिम्मेदारी असम राइफल्स को ही सौंपी गई थी। बल की 5वीं बटालियन को दलाई लामा और उनके दल को नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश) के माध्यम से असम में



सुरक्षित लाने का काम दिया गया था। दलाई लामा ने 31 मार्च, 1959 को भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया था। अर्धसैनिक बल ने एक बयान में कहा, ''1959 में दलाई लामा की 5वीं असम राइफल्स की सुरक्षा संबंधी विरासत भारत और तिब्बत के साझा इतिहास में एक मर्मस्पर्शी अध्याय बनी हुई है, जो दोस्ती, समर्थन और मानवतावाद की स्थायी भावना का प्रतीक है।'' इसने कहा, ''दलाई लामा के साथ संबंध वर्षों से जारी है। बल का एक समूह, जिसे अकसर 'दलाई लामा बटालियन' कहा जाता है, हर साल हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में उनसे आशीर्वाद लेने के लिए जाता है।''

## दिल्ली में छह घंटे प्रभावित रहेगा आवागमन

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली पुलिस ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रविवार को होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ रैली' के मद्देनजर यातायात परामर्श जारी किया है और कहा है कि उस दिन शहर में वाहनों की आवाजाही छह घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी।

मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव सहित विभिन्न विपक्षी दलों के शीर्ष नेता 31 मार्च को रामलीला मैदान में रैली में भाग लेंगे। यह रैली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि में आयोजित की जा रही है। यातायात परामर्श के

**'इंडिया' गठबंधन रैली**

अनुसार, बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक तक रणजीत सिंह फ्लाईओवर, मिंटो रोड से गोल चक्कर कमला मार्केट तक विवेकानंद मार्ग, हमदर्द चौक, दिल्ली गेट से गुरु नानक चौक तक जेएलएन मार्ग पर और अजमेरी गेट, कमला मार्केट गोल चक्कर से गुरु नानक चौक और वीआईपी गेट के पास चमन लाल मार्ग, गुरु नानक चौक से तुर्कमान गेट तक सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक यातायात की आवाजाही को नियंत्रित किया जाएगा और यातायात प्रतिबंधित भी किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि राजघाट चौक, मिंटो रोड, डीडीयू मार्ग, पहाड़गंज चौक और दिल्ली गेट पर सुबह नौ बजे से मार्ग परिवर्तन किया जा सकता है। परामर्श में कहा गया है कि आवश्यकता के अनुसार यातायात नियमों और मार्ग परिवर्तन के संबंध में समीक्षा की जाएगी, जिसके बाद इसमें बदलाव भी किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि यात्रियों से अनुरोध है कि यदि संभव हो तो इन रास्तों का उपयोग करने से बचें और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें।

### संविधान की रक्षा के लिए 'इंडिया' की रैली : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की "लोकतंत्र बचाओ रैली" का उद्देश्य संविधान और लोकतंत्र को बचाना है। विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि रैली से लोक कल्याण मार्ग (जहां प्रधानमंत्री का आवास स्थित है) को कड़ा संदेश दिया जाएगा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समय पूरा हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रैली को लेकर कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेता रैली को संबोधित करेंगे। यह कोई व्यक्ति विशेष की रैली नहीं है। इसीलिए इसे लोकतंत्र बचाओ रैली कहा जा रहा है। यह किसी एक पार्टी की रैली नहीं है, इसमें 27–28 पार्टियां शामिल हैं।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 00 | +0.025 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | −0.333 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | −0.711 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | −1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | −0.528 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | −0.925 |



शिखर धवन



निकोलस पूरन

# डिकॉक और पूरन की पारी से पंजाब किंग्स ढेर

## घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स की 21 रनों से जीत, शिखर धवन की अर्धशतकीय पारी नहीं आई काम



क्विंटन डिकॉक

लखनऊ, एजेंसी

क्विंटन डिकॉक (54), निकोलस पूरन (42) और कृणाल पांड्या (43 नाबाद) के बाद मयंक यादव (27 रन पर तीन विकेट) और मोहसिन खान (34 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार वापसी करते हुये पंजाब किंग्स को 21 रन से हरा कर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला। 21 वर्षीय दिल्ली के मयंक यादव ने आईपीएल में अपने पदार्पण का आगाज तूफानी अंदाज में किया और 155.8 रन प्रति ओवर की तूफानी गेंद फेंक कर भारत की राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ताओं को तूफानी रफ्तार वाले गेंदबाज की तलाश पूरी करने में मदद की।

अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम पर एलएसजी ने टॉस जीत कर पहले खेलते हुये निर्धारित 20 ओवर में 199 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था जिसके जवाब में पंजाब की टीम रन ही बना सकी। कप्तान शिखर धवन (70) और जॉनी ब्रेयस्टो (42) ने दस ओवर के खेल में बगैर विकेट खोये 98 रन जोड़ लिये थे, उस स्थिति में पंजाब मुकाबले में आगे चलता दिख रहा था मगर पारी के 11वें ओवर में रवि विश्नोई ने मात्र तीन रन देकर पंजाब पर दवाब बढाया जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव ने अपनी तूफानी रफ्तार से मेहमान टीम के एक के बाद एक विकेट झटक कर मैच का पासा

- **मैच में 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में खेल रहे केएल राहुल कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाये**

पलट दिया जबकि बची खुची कसर मोहसिन खान ने शिखर धवन और सैम करन का विकेट निकाल कर पूरी कर दी। बेयरस्टो यादव का पहला शिकार बने जब 12वें ओवर में 143 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी गयी शॉर्ट ऑफ़ लेंथ गेंद को पुल करने के प्रयास में बेयरस्टो डीप मिड विकेट पर खड़े फ़ील्डर ने आसान सा कैच देकर पवेलियन लौट गये वहीं प्रभसिमरन सिंह (19) को यादव ने 147 की रफ्तार से गेंद फेंकी और वह बैकफ़ुट पर जाकर शॉट लगाने का प्रयास करने पर मिड ऑन के फ़ील्डर को आसान कैच दे बैठे। जितेश शर्मा (6) को यादव में 142 की रफ्तार से गेंद फेंक कर विकेट पर टिकने से पहले ही चलता किया और टीम का स्कोर तीन विकेट पर 139 रन हो गया। एक छोर पर थके से दिख रहे शिखर धवन मोहसिन खान का शिकार बने जब धीमी शार्ट पिच गेंद को पुल करने के प्रयास में वह अपना विकेट गंवा बैठे। शिखर धवन ने 50 गेंदो की पारी के दौरान सात चौके और तीन छक्के लगाये। इससे पहले एलएसजी के केएल राहुल (15) ने डिकॉक के साथ पारी की शुरुआत करते हुये 35 रन 3.5 ओवर में जोड़ लिये मगर इस बीच राहुल अर्शदीप की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। पंजाब को दूसरी सफलता देवदत्त पडिक्कल (9) के तौर पर जल्दी ही मिल गयी। मेजबान टीम का तीसरा विकेट मार्कस स्टॉयनिस (19) के रुप में नौवें ओवर में गिरा, उस समय एलएसजी का स्कोर 78 रन था।

**लखनऊ 199/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक का जितेश बो अर्शदीप | 54 | 38 | 5/2 |
| केएल राहुल का बेयरस्टो बो अर्शदीप | 15 | 09 | 1/1 |
| देवदत्त पड्डिकल का धवन बो कुरेन | 09 | 06 | 2/0 |
| मार्कस स्टोइनिस बो चाहर | 19 | 12 | 0/2 |
| निकोलस पूरन बो रबाडा | 42 | 21 | 3/3 |
| आयुष बडोनी का बेयरस्टो बो कुरेन | 08 | 10 | 0/0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 43 | 22 | 4/2 |
| रवि बिश्नोई का तनय बो कुरेन | 00 | 01 | 0/0 |
| मोहसिन खान रन आउट | 02 | 01 | 0/0 |
| नवीनुल हक नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** कुरेन 4−0−28−3, अर्शदीप 3−0−30−2, रबाडा 4−0−38−1, चाहर 3−0−42−1, बरार 2− 0−14 −0, पटेल 4−0−45−0

**पंजाब 178/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन का डिकॉक बो मोहसिन | 70 | 50 | 7/3 |
| जॉनी बेयरस्टो का स्टोइनिस बो यादव | 42 | 29 | 3/3 |
| प्रभसिमरन सिंह का नवीनुल बो यादव | 19 | 07 | 1/2 |
| जितेश शर्मा का नवीनुल बो यादव | 06 | 09 | 1/0 |
| लियाम लिविंगस्टोन नाबाद | 28 | 17 | 2/2 |
| सैम कुरेन का पूरन बो मोहसिन | 00 | 01 | 0/0 |
| शशांक सिंह नाबाद | 09 | 07 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** सिद्धार्थ 2−0−21−0, नवीनुल 4−0−43−0, मोहसिन 4−0−34−2, कृणाल 3−0−26−0, बिश्नोई 3−0−25−0, यादव 4−0−27−3

## खेल डायरी

### टी20 कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं शाहीन

**लाहौर।** तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान क्रिकेट और टी20 कप्तान के रूप में उनके भविष्य से संबंधित चर्चाओं में शामिल नहीं किये जाने से निराश हैं जिससे वह कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। शाहीन के करीबी सूत्र ने कहा कि यह गेंदबाज इस बात से नाराज है कि जहां तक कप्तानी या कोचों की नियुक्ति का सवाल है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने एक बार भी उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में बात नहीं की है। इस सूत्र ने कहा, ''शाहीन राष्ट्रीय टी20 टीम का कप्तान है तो उसका निराश होना लाजमी है।''

### आज होगा हॉकी की प्रतिभाओं का सम्मान

**नई दिल्ली।** हॉकी की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में रविवार को यहां भारतीय हॉकी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में कुल पुरस्कार राशि सात करोड़ 56 लाख रुपये रखी गयी है। आठ श्रेणियों में दिये जाने वाले इन पुरस्कारों के लिये 32 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन खिलाड़ियों की 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना की जाएगी। पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस. बख्शी जैसी दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी।

### रीयल कश्मीर एफसी ने नेरोका एफसी को हराया

**श्रीनगर।** रीयल कश्मीर एफसी ने आई लीग फुटबॉल के मैच में नेरोका एफसी को 3−0 से हराकर उसे दूसरी श्रेणी में धकेल दिया। कश्मीर के लिये नोहेरे क्रिजो ने 35वें, हैदर युसूफ ने 45वें और शहर शाहीन ने 67वें मिनट में गोल दागे। इस हार के बाद मणिपुर की नेरोका एफसी 21 मैचों में 13 अंक लेकर 12वें स्थान पर है। इस सत्र में उसने चार मैच जीते, एक ड्रॉ खेला और 16 गंवाये। अब उसे तीन ही मैच खेलने है और सभी जीतने पर भी वह दूसरी श्रेणी में खिसकने से नहीं बच सकती। वहीं कश्मीर की टीम ने चार ड्रॉ खेलने के बाद जीत दर्ज की। उसका अपराजेय अभियान नौ मैचों का हो गया है।

### उत्पीड़न के मामले में एआईएफएफ सदस्य गिरफ्तार

**पणजी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को गोवा पुलिस ने दो महिला खिलाड़ियों के कथित शारीरिक उत्पीड़न के मामले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इंडियन वुमैन्स फुटबॉल लीग के दूसरे डिविजन में हिस्सा लेने आयी हुए हिमाचल प्रदेश के खाड एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि क्लब के मालिक शर्मा ने 28 मार्च की रात को उनके कमरे में घुसकर उनके साथ मारपीट की थी। खिलाड़ियों के एक समूह ने हालांकि दावा किया कि शर्मा बेकसूर हैं। पुलिस उपाधीक्षक संदेश चोडनकर ने कहा, ''एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को औपचारिक शिकायत मिलने के बाद दिन में पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

### सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स सेमीफाइनल से बाहर

**मैड्रिड।** एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी के शनिवार को यहां सेमीफाइनल में हारने से मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। इंडोनेशिया के रिनोव रिवाल्डी और पीठा हानिंगटयास मेंटारी की जोड़ी ने सिर्फ 29 मिनट में भारतीय चुनौती 21−17, 21−12 से समाप्त कर दी। एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी ने शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के रेहान नौफाल खुशारजांटो और लिसा आयु कुसुमावती को 14−21, 21−11, 21−17 से हराया था। शुक्रवार को सुपानिडा काटेथोंग ने भारतीय स्टार पीवी सिंधू को एक घंटे 17 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 24−26, 21−17, 22−20 से शिकस्त दी।

### पूर्वी क्षेत्र सीनियर महिला मल्टी डे ट्राफी के सेमीफाइनल में

**पुणे।** पूर्वी क्षेत्र ने खिलाड़ियों के हरफनमौला प्रयास से यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र पर पारी और 120 रन की जीत से सीनियर महिला अंतरक्षेत्रीय बहुदिवसीय (वुमेन इंटरजोनल मल्टी डे) ट्राफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूर्वी क्षेत्र ने पूर्वोत्तर को पहली दो पारियों में 108 और 157 रन पर समेटकर जीत हासिल की। पूर्वी क्षेत्र ने धारा गुज्जर के पहली पारी में 140 रन की बदौलत आठ विकेट पर 385 रन पर पारी घोषित कर दी थी। पूर्वोत्तर की बल्लेबाजों ने अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश की लेकिन पूर्वी क्षेत्र को दोबारा बल्लेबाजी के लिए काफी रन नहीं बना सकीं। पूर्वोत्तर के लिए मोनिका 39 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। पश्चिम क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र से ड्रा खेला लेकिन 111 रन की बढ़त से सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया।

# सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार फॉर्म से गुजरात टाइटन्स को खतरा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटन्स को अगर रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमयर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आईपीएल का सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की।

गुजरात टाइटन्स ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरूआत की लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा। चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटन्स के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है। 63 रन से मिली हार से उनका नेट रन रेट प्रभावित हुआ जो -1.425 पहुंच गया है और यह लीग की 10 टीम में सबसे खराब है। टूर्नामेंट के अंतिम छोर में यह उसके लिए कुछ समस्यायें खड़ी कर सकता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हार्दिक पंड्या के जाने से टीम का संतुलन बिगड़ा है।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बीआर शरथ। **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन। **मैच भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा।**

## धीरे-धीरे कप्तानी के गुर सीख जायेगा गिल : गैरी कर्स्टन

**अहमदाबाद।** पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस की आईपीएल 2024 में शुरूआत भले ही उतार चढाव भरी रही हो लेकिन उसके मेंटोर गैरी कर्स्टन ने शुभमन गिल का बचाव करते हुए कहा है कि इस तेज रफ्तार टी20 प्रारूप में रणनीतिक फैसले लेना वह सीख जायेगा। आईपीएल 2022 की चैम्पियन और मौजूदा उपविजेता टाइटंस दो मैचों में एक जीत और एक हार के बाद सातवें स्थान पर है। कर्स्टन ने कहा,'' यह तेज रफ्तार खेल है। नियमित आधार पर तकनीकी फैसले लेने होते हैं। यह टेस्ट क्रिकेट नहीं है जो लंबा चलता है।'' उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर कहा,'' मैं कप्तान के तौर पर उससे काफी प्रभावित हूं।''

# अप्रैल के अंतिम हफ्ते में टीम चुने जाने की संभावना

**टी20 विश्व कप**

नयी दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम के अप्रैल के अंतिम हफ्ते में चुने जाने की संभावना है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टीम सौंपने की अंतिम तारीख एक मई है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। लेकिन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली प्रत्येक टीम को 25 मई तक अपनी शुरूआती टीम में खिलड़ियों को बदलने का मौका मिलेगा। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''भारतीय टीम का चयन अप्रैल के अंतिम हफ्ते के दौरान किया जायेगा और इस समय तक आईपीएल का पहला हिस्सा खत्म हो जायेगा जिससे राष्ट्रीय चयन समिति दावेदारों की फॉर्म और फिटनेस का आकलन करने की स्थिति में होगी।'' सूत्र ने कहा, ''क्रिकेटरों का पहला जत्था 19 मई को आईपीएल का लीग चरण खत्म होने के तुरंत बाद न्यूयॉर्क के लिए रवाना होगा।''

चारों राष्ट्रीय चयनकर्ता ज्यादातर मैच देखने के लिए यात्रा करेंगे। पता चला है कि विश्व कप के लिए किसी भी दावेदार को कार्यभार प्रबंधन के बारे में कोई निर्देश नहीं दिया गया है क्योंकि इन दो महीनों में वे फ्रेंचाइजी के अधीन खेलेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# दबंग 4 के ऐलान पर सलमान खान ने तोड़ी चुप्पी! बताया कब बनेगी



**मुंबई, एजेंसी।** सलमान खान को फिर से चुलबुल पांडे बने देखने का सपना फैंस लंबे समय से देख रहे हैं लेकिन अब लगता है कि फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। हाल ही में अरबाज खान ने कहा था कि वो दबंग 2 जरूर बनाएंगे और अब सलमान खान ने भी हरी झंडी दे दी है और बताया है कि दबंग 4 जल्दी ही बनेगी। अभी तक दबंग 4 की मेकिंग को लेकर कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है लेकिन अब सलमान खान ने इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और कहा है कि आने वाले दिनों में दबंग 4 को मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि फिल्म फिलहाल क्यों रुकी हुई है। सलमान खान के छोटे भाई और निर्माता अरबाज खान पहली फिल्म के बाद से दबंग फ्रेंचाइजी संभाल रहे हैं। इस फिल्म को लेकर अरबाज का रिएक्शन भी सामने आ चुका है और अब तो खुद दबंग खान ने दबंग 4 पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में अरबाज खान की नई फिल्म पटना शुक्ला की स्क्रीनिंग के दौरान सलमान से दबंग 4 को लेकर सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में सलमान खान ने कहा, 'यह फिल्म बहुत जल्द बनेगी। सलमान ने कहा, 'जैसे ही दोनों भाई एक स्क्रिप्ट तय कर लेंगे, फिल्म जरूर बनाई जाएगी।'



# 'शाहरुख के साथ काम करने की बात पहले मजाक लगी'

**मुंबई, एजेंसी।** प्रियामणि ने हाल ही में खुलासा किया कि जब उन्हें पहली बार रोहित शेट्टी के ऑफिस से शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'चेन्नई एक्सप्रेस' के लिए फोन आया, तो उन्हें ये मजाक लगा था। प्रियामणि को यकीन ही नहीं हुआ कि ऐसा हो सकता है। प्रियामणि ने बातचीत के दौरान कहा- एक दिन मुझे रोहित शेट्टी के ऑफिस से फोन आया। मुझे लगा रोहित शेट्टी की टीम का कोई व्यक्ति मुझसे क्यों संपर्क करेगा। फिर उन्होंने मुझसे मुंबई आने के लिए कहा। इस बात के लिए मैं तुरंत मान गई और हामी भरकर फोन रख दिया। सच कहूं तो मुझे लगा कोई मुझसे शरारत कर रहा है। फिर मैंने ये पता करने के लिए कि कॉल क्या सच है या मजाक अपने मैनेजर से पूछा। 5 मिनट बाद मेरे मैनेजर ने जानकारी दी कि वो कॉल असली थी। बस फिर क्या था, अगला काम जो मैंने किया वो था- बैग पैक करके सीधा मुंबई आना। आखिरकार हमारी मुलाकात रोहित शेट्टी से हुई। रोहित शेट्टी ने मुझे बताया कि उन्होंने एक कन्नड़ गाना देखा है, जिसमें मैं और पुनीत राजकुमार हैं। प्रियामणि ने आगे कहा- मैंने 'चेन्नई एक्सप्रेस' का एड अखबार में देखा था। मुझे पता था कि इस फिल्म में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण हैं।

# फिल्म खेल-खेल में लीड रोल में तापसी पन्नू और वाणी कपूर नजर आएंगी

**मुंबई, एजेंसी।** डायरेक्टर मुदस्सर अजीज की अपकमिंग फिल्म 'खेल खेल में' की शूटिंग खत्म हो गई है। यह एक कॉमेडी जॉनर की फिल्म है। इसमें अक्षय कुमार और तापसी पन्नू लीड रोल में हैं। दोनों के साथ वाणी कपूर भी देखी जाएंगी। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही मेकर्स फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस करेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार और फरदीन खान करीब 17 साल बाद एक साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। 2007 में दोनों कॉमेडी फिल्म 'हे बेबी' में एक साथ नजर आए थे। अब दोनों एक बार फिर से कॉमेडी फिल्म में साथ दिखेंगे। वहीं तापसी पन्नू, अक्षय कुमार के साथ 'बेबी' और 'मिशन मंगल' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वाणी कपूर ने भी अक्षय के साथ फिल्म 'बेल बॉटम' में काम किया है। अक्षय कुमार के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ और सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। अली अब्बास के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसके तुरंत बाद अक्षय फिल्म सरफिरा में दिखाई देंगे, जो तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक है। सुधा कोंगारा प्रसाद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। अक्षय को फिल्म सिंघम अगेन में वीर सूर्यवंशी के रोल में देखा जाएगा। इसमें करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर भी दिखाई देंगे। फिल्म में अजय देवगन लीड रोल में होंगे। इसके अलावा अक्षय के पास वेलकम टू द जंगल, स्काई फोर्स, हाउसफुल 5 और जॉली एलएलबी 3 जैसी फिल्में भी हैं।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# न्यूजक्लिक के विरुद्ध पुलिस ने दाखिल की पहली चार्जशीट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुलिस का आरोप-चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में लिया था पैसा

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। पुलिस ने पहली चार्जशीट दायर की है। पुलिस का आरोप है कि न्यूज पोर्टल को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में पैसा मिला था।

आरोपपत्र पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरदीप कौर की कोर्ट में पेश किया गया। न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक और इसके संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। बीती 23 फरवरी 2024 को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गैरकानूनी प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में न्यूज पोर्टल के संस्थापक और एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ और न्यूज पोर्टल के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती के खिलाफ जांच पूरी करने के लिए पुलिस को 20 दिन का और समय दिया था।

गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967, इन आरोपों के बाद कि न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी धन प्राप्त हुआ। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पवन कुमार ने जांच की समय बढ़ाते हुए जांच पूरी करने में लंबा समय लेने के लिए दिल्ली पुलिस की खिंचाई भी की थी। उन्होंने पूछा था कि 150 दिनों की जांच में क्या किया है। यदि उन्होंने इन दिनों का उपयोग किया होता तो उन्हें विस्तार की आवश्यकता नहीं होती।


# एटीएस की कार्रवाई नवी मुंबई से पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई:** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने नवी मुंबई में अवैध तरीके से रहने वाले पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गि रफ्तार किया है। शुक्रवार को एटीएस ने घनसोली के दो इलाकों में छापेमारी की थी। एक अधिकारी ने कहा, गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस ने कार्रवाई करते हुए पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

किसी के पास भी वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय आहत जमाल शेख, 40 वर्षीय रेबुल समद शेख, 25 वर्षीय रोनी सोरिफुल खान, 28 वर्षीय जुलू बिलाल शरीफ और 49 वर्षीय मोहम्मद मुनीर मोहम्मद सिराज मुल्ला के तौर पर की गई है। ये सभी बांग्लादेश के दो जिले से आए थे और यहां राजमिस्त्री के तौर पर काम कर रहे थे।

# आज निपटा लें काम... नए वित्तीय वर्ष में हो रहे ये पांच बड़े बदलाव

*मार्च का महीना खत्म होने जा रहा है। अब अप्रैल से नए वित्त वर्ष की शुरुआत होगी। हर महीने की पहली तारीख को कई बदलाव होते हैं। 1 अप्रैल से भी कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इनमें क्रेडिट कार्ड, ईपीएफओ और फास्टैग जैसे कई बदलाव शामिल हैं। इन बदलावों का असर सीधे आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। आईए जानें इनके बारे में...*




## क्रेडिट कार्ड के नियम

एक अप्रैल 2024 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत होने के बाद क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में भी बदलाव होने हैं। इसमें एसबीआई क्रेडिट कार्ड के नियम एक अप्रैल 2024 से बदल जाएंगे। नए नियमों के अनुसार क्रेडिट कार्ड के जरिए किराए का भुगतान करने पर अब रिवार्ड प्वाइंड नहीं जारी किए जाएंगे। कई अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड पर भी यह नियम 15 अप्रैल 2024 से लागू हो सकता है।



**पैन-आधार लिंक-** सरकार पैन कार्ड और आधार कार्ड को लिंक करने की डेडलाइन कई बार बढ़ा चुकी है। फिलहाल 31 मार्च 2024 को आधार पैन लिंक करने की आखिरी तारीख है। अगर 31 मार्च से पहले आपने अपना पैन और आधार कार्ड लिंक नहीं कराया तो आपका पैन कार्ड कैंसिल हो सकता है। पैन कार्ड निष्क्रिय होने पर आपको कई तरह की परेशानी हो सकती है। ऐसे में उसे दोबारा एक्टिव कराने के लिए आपको 1000 रुपये के जुर्माने का भी भुगतान करना पड़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च 2024 से पहले अपना पैन और आधार कार्ड आपस में लिंक करा लें।

## ईपीएफओ के नियम

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नियमों में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब नौकरी बदलने की स्थिति में कर्मचारी का ईपीएफओ खाता खुद-ब-खुद नए नियोक्ता के पास ट्रांसफर हो जाएगा। पहले खाताधारकों की रिक्वेस्ट पर ही खाते को ट्रांसफर किया जाता था।

## फास्टैग केवाईसी नियम



एक अप्रैल 2024 से फास्टैग से जुड़े कुछ नियम भी बदल रहे हैं। अगर आपने अब तक अपनी कार के फास्टैग की बैंक केवाईसी पूरी नहीं की है तो एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष में आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च तक ही अपने फास्टैग की केवाईसी से जुड़ी प्रक्रिया पूरी कर लें। अगर आपने ऐसा नहीं किया तो आपका फास्टैग खाता बैंक की ओर से निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो फास्टैग खाते में मौजूद बैलेंस का इस्तेमाल करने में भी आपको परेशानी हो सकती है।

## गैस की कीमतें



सरकार की ओर से हर महीने की एक तारीख को रसोई गैस के कमर्शियल और घरेलू सिलेंडरों के कीमत की समीक्षा की जाती है। हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लगी हुई है, इसलिए कीमतों में परिवर्तन की गुंजाइश कम है। लेकिन केंद्र सरकार अगर चाहे तो चुनाव आयोग से अनुमति लेकर रसोई गैस की कीमतों में बदलाव का एलान भी कर सकती है।

## एक नजर

### दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जुमा के चुनाव लड़ने पर रोक

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा देश में 29 मई को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग (आईईसी) ने शुक्रवार को बताया है कि, जांच आयोग की सुनवाई को बीच में ही छोड़कर चले जाने पर जुमा को 2021 में दक्षिण अफ्रीका की संवैधानिक अदालत ने 15 माह जेल की सजा सुनाई गई थी। जुमा को उनकी पार्टी एएनसी ने 2018 में बर्खास्त कर दिया था। स्व-निर्वासित गुप्ता परिवार के साथ जुमा की कथित नजदीकियों को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया था जिसके बाद ही एएनसी ने जुमा को पार्टी से बर्खास्त करने का कदम उठाया। आईईसी ने कहा कि जुमा को उनके आपराधिक रिकॉर्ड के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

### पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश 5 कोयला खदान श्रमिकों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में भारी बारिश के कारण एक घर की छत गिर गई और मलबे में दबने से पांच खदान श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस घर को कोयला खदान के लिए बाहर से आए मजदूरों के रहने के लिए बनाया गया था। उन्होंने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण कोयला खदान ढह गई और पांच मजदूर मलबे में दब गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें उनके मूल क्षेत्रों में भेज दिया गया और वहां उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### नीदरलैंड: एक शहर में घुसे अज्ञात हमलावर, लोगों को बनाया बंधक

**एडे (नीदरलैंड)।** यूरोपीय देश नीदरलैंड के एडे शहर में शनिवार को दर्जनों लोगों को एक इमारत में बंधक बना लिया गया। भारी-भरकम हथियारों से लैस नीदरलैंड पुलिस ने एडे शहर को घेर लिया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इमारत में कई लोगों को बंधक बनाकर रखा गया है। पुलिस प्रवक्ता साइमन क्लोक ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि एडे शहर में लोगों को बंधक बनाया जा रहा है। मगर उन्होंने इस घटना के बारे में अधिक जानकारी देने और इसमें कितने लोग शामिल हैं इसके बारे में बताने इनकार कर दिया।

### श्रीलंका और भारत द्विपक्षीय परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा

**कोलंबो।** श्रीलंका और भारत आर्थिक संबंधों को बढ़ाने पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी मौजूदा द्विपक्षीय आर्थिक परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। विक्रमसिंघे के वरिष्ठ सलाहकार सागला रत्नायका की भारत यात्रा के दो दिन बाद दोनों पड़ोसी देशों ने इस पर सहमति व्यक्त की। रत्नायका ने अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा के साथ चर्चा की। बयान में कहा गया कि द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने के लिए तिमाही आधार पर समीक्षा की जाएगी।

# भीषण बर्फबारी में भी जा सकेंगे लद्दाख निम्मू- पादुम-दारचा मार्ग हुआ तैयार

## हिमाचल से लेह तक अब 10 घंटे में तय होगी दूरी, अप्रैल से चालू होगा मार्ग

लेह, एजेंसी

लद्दाख और कश्मीर के लोग जिस सड़क का 24 साल से इंतजार कर रहे थे, वो अब बनकर तैयार है। रणनीतिक रूप से बेहद अहम 248 किमी लंबी निम्मू- पादुम-दारचा रोड पर सीमा सड़क संगठन (बीआरओ)अंतिम 600 मी. का काम कर रही है। यह रोड हिमाचल के दारचा को लेह के निम्मू से जोड़ेगी। बीआरओ के मुताबिक, सेना अप्रैल से इसे शुरू करने जा रही है। इसके बनने से तीन बड़े फायदे होंगे। पहला भीषण बर्फबारी में भी देशवासी वाया रोड लेह- लद्दाख जा सकेंगे।

अभी बर्फबारी में यहां सिर्फ विमान से पहुंचा जा सकता है। दूसरा- सेना किसी भी परिस्थिति में सिर्फ 10 घंटे में एक साथ चीन और पाकिस्तान बॉर्डर तक भारी मशीनरी पहुंचा सकेगी। अभी 17 घंटे तक लगते हैं। तीसरा- कश्मीर-लद्दाख से कटा रहने वाला बौद्ध बहुल जांस्कर उप मंडल लेह से जुड़ जाएगा। 13 बीआरटीएफ के कमांडर ले. कर्नल पारस के मुताबिक बीआरओ ने माइनस 30 डिग्री में यहां दो टुकड़ियों में बिना रुके काम किया है। नया रास्ता 10 महीने खुला रहेगा। मेंटेनेंस के लिए इसे दो महीने बंद रखेंगे।



### सेना को लेह तक नए मार्ग की थी दरकार

1999 के करगिल युद्ध के बाद सेना को लद्दाख तक एक आसान रोड की जरूरत महसूस हुई थी, क्योंकि मनाली-लेह मार्ग लंबा होने के साथ ही पांच ऊंचाई वाले पहाड़ी दरों से गुजरता है और महीनों बंद रहता है। दूसरा मार्ग भी ऐसा ही है।

### पड़ोसी देश इस रोड को ट्रैक नहीं कर पाएंगे

अभी श्रीनगर और मनाली से लेह के लिए दो सड़कें हैं। दोनों 400 किमी से ज्यादा लंबी हैं और सर्दियों में 6-7 महीने बंद रहती हैं। 2200 करोड़ की नई रोड ऑल वेदर वाली है। बीआरओ ने इसका ज्यादातर हिस्सा पहाड़ों के बीच रखा है। इस खूबी से चीन-पाकिस्तान का इसे ट्रैक कर पाना मुश्किल होगा। निम्मू में पूर्वी लद्दाख और सियाचिन ग्लेशियर की रक्षा के लिए एक्सआईवी कोर का मुख्यालय है। नए रोड से मुख्यालय सीधे जुड़ जाएगा। रोड से सियाचिन एक दिन में सप्लाई पहुंच जाएगी। श्रीनगर-लेह सड़क करगिल में एलओसी से होकर गुजरती है। यह संवेदनशील रोड है, इसलिए गोलीबारी के वक्त कई बार इसे बंद करना पड़ता है। नई सड़क ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक है।

- **दुनिया की सबसे खूबसूरत रोड में से एक होगी:** करगिल हिल डेवलपमेंट काउंसिल के सीईसी के मुताबिक यह दुनिया की सबसे सुंदर रोड में से एक है। सर्दियों में जांस्कर नदी जम जाती है और पहाड़ बर्फ से ढंक जाते हैं। इन भौगोलिक विषम परिस्थितियों में भी बीआरओ ने काम नहीं रोका।
- **समय से पहले बनकर तैयार:** शुरुआत में बजट 251 करोड़ रु. था और डेडलाइन 2012 थी। लेकिन, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के चलते रोड अटक गई। जुलाई 2019 में इसे नई 2276 करोड़ की लागत से बनाना शुरू किया और अब डेडलाइन (2025) से पहले ही बनकर तैयार है।

# विश्व के नेताओं की सलाह, ट्रंप नहीं बनेंगे राष्ट्रपतिः बाइडन

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में एक रैली के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्व के अधिकांश नेताओं ने उनसे कहा है कि आगामी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को नहीं जीतने देना। उन्हें डर है कि इससे उनका लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। चाहे जी 20 शिखर सम्मेलन हो या कोई अन्य अवसर हर बार यही देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि जो वह कह रहे हैं अतिशयोक्ति नहीं है। दुनिया के लगभग हर नेता मुझसे यह बात कहने के लिए अकेले में बात करने का बहाना खोजते थे। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कहा है कि अगर वह नवंबर में चुनाव में हारे तो खून खराबा होगा। आखिर उसे हुआ क्या है। यह मुझे सबसे अधिक चिंतित करता है। बाइडन ने कहा कि यह वह व्यक्ति है जिसने उन देशों के खिलाफ जो चाहे कदम उठाने के लिए रूस को उकसाया जो अपनी जीडीपी का दो प्रतिशत रक्षा पर खर्च नहीं करते। इस बीच बाइडन की ओर से कैंपेन अभियान संभाल रही टीम ने निक्की हेली के समर्थकों को लुभाने का प्रयास शुरू किया है। वह रिपब्लिकन की रेस से हाल ही में बाहर हुई हैं।

# न्याय तंत्र में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप पर जांच को मंजूरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में होगी हस्तक्षेप के आरोपों की जांच

न्यायपालिका के काम में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप के आरोपों की जांच के लिए पाकिस्तान की कैबिनेट ने आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में एक जांच आयोग का गठन किया जाएगा। पूर्व मुख्य न्यायाधीश तस्सदुक हुसैन जिलानी की अध्यक्षता वाला आयोग एक पत्र के जरिए न्यायाधीशों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करेगा और 60 दिनों में अपनी रिपोर्ट देगा।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कियानी, न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी, न्यायमूर्ति बाबर सत्तार, न्यायमूर्ति सरदार इजाज इशाक खान, न्यायमूर्ति अरबाब मुहम्मद ताहिर और न्यायमूर्ति समन फफत इम्तियाज ने 26 मार्च को सर्वोच्च न्यायिक परिषद को पत्र भेजा था। जिसमें न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप पर एक न्यायिक सम्मेलन बुलाने का आग्रह कर रहा है। पत्र का जवाब देते हुए पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ एक बैठक के दौरान कहा था कि मामलों में कार्यपालिका द्वारा हस्तक्षेप और न्यायाधीशों के न्यायिक कामकाज को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### रूस के साथ संबंध बढ़ाना चाहता है पाकिस्तान

इस बीच, पीएम शहबाज शरीफ ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान रूस के साथ ऊर्जा, व्यापार और निवेश समेत अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाना चाहता है। प्रधानमंत्री शरीफ ने रूसी संघ के राजदूत अल्बर्ट पी खोरेव के साथ एक बैठक के दौरान, रूसी पक्ष से पाकिस्तान में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का भी आग्रह किया ताकि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों के मौजूदा स्तर को बढ़ाने के तरीकों की पहचान करने के लिए अपने समकक्षों के साथ चर्चा की जा सके।

## जनजीवन अस्त-व्यस्त...



**शिमला :** पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश, हिमपात और तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वाहन यातायात, बिजली, पानी की आपूर्ति और संचार सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हो गई हैं। साउथ पोर्टल के आसपास के क्षेत्र में भारी बर्फबारी हो रही है और साउथ पोर्टल से लेकर सोलंग नाला तक की सड़कों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। वहीं कई संवेदनशील क्षेत्रों हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। ● एजेंसी

# इजराइल यात्रा को ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति का जब्त पासपोर्ट देने से सुप्रीम इनकार

**रियो डी जिनेरियो, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने इजराइल की यात्रा करने के लिए पासपोर्ट लौटाने के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के अनुरोध को खारिज कर दिया है। बोलसोनारो के अधिवक्ता ने गुरुवार को कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मई में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम के लिए बोलसोनारो को आमंत्रित किया है। ऐसे में उन्होंने उच्चतम न्यायालय से उनका पासपोर्ट लौटाने का अनुरोध किया था।

शीर्ष कोर्ट के न्यायमूर्ति अलेक्जेंडर डी मोरेस ने कहा, जिस व्यक्ति के खिलाफ जांच जारी है, उस पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाना जल्दबाजी होगी, जब्त पासपोर्ट देने से इनकार कर दिया। बता दें, 2022 के चुनाव परिणामों को अनदेखा करने और हारे हुए नेता को सत्ता में बनाए रखने के लिए विद्रोह करने की साजिश रचने के अरोप है, और जांच जारी है, मामले को देखते हुए उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया था।

# ब्रिटेन अब 41 लाख वेतन पर ही देगा वर्कर वीजा

लंदन, एजेंसी

- 4 अप्रैल से स्किल्ड वर्कर वीजा के नियमों में हो रहा बदलाव, 2 लाख भारतीयों पर असर




ब्रिटेन के भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक प्रवासियों को लेकर लगातार सख्त कदम उठा रहे हैं। ब्रिटेन में 4 अप्रैल से मिड लेवल टीचर, शेफ, नर्सेज और केयर गिवर्स प्रवासियों के प्रवेश वीजा पर बदलाव किया है। सुनक सरकार के नए नियम के अनुसा, स्किल्ड वर्क वीजा से ब्रिटेन में तब प्रवेश मिलेगा जब प्रवासियों का सैलरी पैकेज 41 लाख रुपये सालाना होगा।

बता दें, अब तक ये सीमा साढ़े 27 लाख रुपये थी। सुनक सरकार ने सैलरी सीमा में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी कर ब्रिटेन में नौकरी की चाह रखने वाले भारतीयों की राह में मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मिड लेवल नौकरी के लिए ब्रिटेन आने वाले लगभग दो लाख भारतीयों पर इसका असर पड़ने की आशंका है। बता दें कि पिछले दिनों स्किल्ड वर्क वीजा के तहत आवेदन करने वाले आईटी प्रोफेशनल के सैलरी पैकेज की सीमा 35 लाख से 52 लाख रुपये कर दी गई थी। भारतीय स्किल्ड वर्करों के लिए फैमिली वीसा पाने के लिए सैलेरी लिमिट में 56 फीसदी का इजाफा किया है। पहले ब्रिटेन में 19.50 लाख रुपए सालाना कमाने वाले भारतीय फैमिली वीसा के लिए आवेदन कर सकते थे, अब ये सीमा बढ़ाकर 30.50 लाख रुपए कर दी गई है। ये नियम 11 अप्रैल से लागू होंगे। साथ ही नेशनल हेल्थ स्कीम के तहत एनरोल होने के लिए भारतीय स्किल्ड वीसा धारको के लिए 65 हजार की सालाना फीस को बढ़ाकर एक लाख 10 हजार रुपए कर दिया गया है। एनएचएस फीस को बढ़ा कर प्रवासी परिवारों की एंट्री रोकना है। मिड लेवल वर्करों पर नए नियम लागू होने से तीन साल में लगभग आठ लाख भारतीय वर्करों को ब्रिटेन से स्वदेश लौटना पड़ सकता है। ब्रिटेन में अभी ये तीन साल के स्किल्ड वीसा पर है। इसकी औसत सैलरी 28 लाख है, तीन साल में ये बढ़कर 41 लाख नहीं होगी। ऐसे में इन वर्करों का स्किल्ड वीसा रिन्यू नहीं होगा, इन्हें वापस लौटना पड़ेगा। ब्रिटेन में 16 से 64 साल के 28 लाख लोग आर्थिक रूप से सक्रिय नहीं हैं। सुनक सरकार इन 28 लाख लोगों के लिए जॉब क्रिएट करना चाहती है।

# सातवें साल विश्व का सबसे खुशहाल देश बना फिनलैंड

स्टॉकहोम, एजेंसी

- सर्वे के बाद एनालिटिक्स संगठन ने जारी की रिपोर्ट

फिनलैंड ने लगातार सातवें साल दुनिया का सबसे खुशहाल देश होने का खिताब हासिल किया है। लेकिन वास्तव में उसे यह खिताब इसलिए नहीं मिला है कि इस देश के लोग दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले ज्यादा खुश हैं। बल्कि की देश की समृद्धि और स्टेटस की वजह से मिला है।

स्वीडन के लुंड विश्वविद्यालय ने फिनलैंड के लगातार सबसे खुश देश होने की वजहों की पड़ताल की तो उन्होंने पाया कि सर्वे में सवाल ही इस तरह पूछे जाते हैं कि लोगों को अपनी समृद्धि, सुविधाएं और सुरक्षा के हालात खुशी के पैमाने नजर आने लगते हैं। वे खुशी की असली वजह परिवार, दोस्त, अपनेपन जैसी चीजों को आंक ही नहीं पाते। दरअसल, साल 2005 से ही गैलप एनालिटिक्स संगठन दुनिया के तमाम देशों में लोगों की खुशी का स्तर नापने के लिए सर्वे करता है। दुनिया भर के 1 लाख लोगों पर सर्वे करने के बाद रिपोर्ट तैयार करता है।

### अपनापन खुशी के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण

ऑक्सफोर्ड विवि के हालिया शोध से पता चलता है कि खुशी वास्तव में लोगों को अधिक उत्पादक बनाती है। काम पर खुशी के लिए सबसे महत्वपूर्ण वजह अपनापन है। दूसरी ओर, वेतन को काम पर खुशी के लिए सबसे महत्वपूर्ण चालक माना जाता है, लेकिन यह काम पर खुशी के लिए अपनेपन की तुलना में बहुत कमजोर वजह है। वास्तव में रिश्ते खुशी के लिए सबसे महत्वपूर्ण वजह है।


**विज्ञान** एक शोध से हुआ खुलासा, 2 मिलियन पुरानी घटना ने लालग्रह की धरती पर बनाए 2 अरब गड्ढे

# क्षुद्रग्रह ने किया मंगल की धरती का सीना छलनी

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** लालग्रह मंगल की धरती पर एक समय ऐसा भी आया था, जब एक क्षुद्रग्रह की टक्कर ने मंगल की धरती को बुरी तरह छलनी कर दिया। इस टक्कर में मंगल ग्रह पर 2 अरब गड्ढे बन गए। यह भीषण घटना दो मिलियन वर्ष पुरानी है।

ताजा शोध में यह जानकारी सामने आई है। सभी जानते हैं कि पृथ्वी भी एक बार क्षुद्रग्रह की टक्कर से बुरी तरह प्रभावित हुई थी। यह घटना करीब 6 करोड़ वर्ष पहले हुई थी। जिसमें विशालकाय जीव डायनासोर का अस्तित्व मिट गया था। इसी तरह मंगल की धरती भी क्षुद्रग्रह की मार से अछूती नही है। मंगल की सतह पर बेशुमार गड्ढे इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इन गड्ढों को खगोलविद देखते आ रहे थे, इन गड्ढों की उत्पत्ति से अनभिज्ञ थे। जिसे समझने के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर कई देशों के वैज्ञानिकों ने सामूहिक शोध किया। शोध के लिए मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एमआरओ) से प्राप्त डेटा को शामिल किया गया। जिसमें कोरिन्टो नामक क्रेटर को आधार बनया गया। गहन जांच पड़ताल के बाद यह निष्कर्ष निकला कि यह टक्कर सिर्फ एक क्षुद्रग्रह का परिणाम है। जिसकी टक्कर से हद से अधिक संख्या में मंगल से मलवे के साथ पत्थर छिटके और मंगल की सतह को छलनी करते चले गए। इस भीषण घटना का प्रभाव मंगल की सतह पर 2000 किमी दायरे में पड़ा। जिसमें दो अरब से अधिक छोटे बड़े गड्ढे बन गए, जो वर्तमान में मंगल के अतीत की दुर्दशा बयान करते है, जो आज भी एक अलग कहानी बयान करते हैं। इन गड्ढों का न्यूनतम आकार 10 मीटर हैं। शोधकर्ताओं ने यह जानकारी टेक्सास में आयोजित चंद्र और ग्रह विज्ञान सम्मेलन में सार्वजनिक की। शोध पेपर को यूनिवर्सिटी स्पेस रिसर्च एसोसिएशन (यूएसआरए) की साइट मे भी देखा जा सकता है।



मंगल ग्रह के गड्ढों की तस्वीर।

### मंगल की हर जानकारी बेहद जरूरी: वरिष्ठ खगोलविद

वरिष्ठ खगोलविद प्रो. आरसी कपूर कहते हैं कि मंगल की हर जानकारी बेहद जरूरी है, तभी मंगल पर मैन मिशन को सफल बनाया जा सकता है। हम मान सकते हैं कि शायद मंगल इंसान का भविष्य है। जिस कारण मंगल पर बहुत तेजी से शोध किए जा रहे हैं। जिसमे दुनिया के कई देश शामिल हैं। मंगल पर मानव बस्ती बसाने का सपना कब तक साकार हो पायेगा, यह कहना फिलहाल संभव नहीं है।

# भारत को चंद्रमा पर मिली उपलब्धियां हैरान करने वाली

पेरिस, एजेंसी

- यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसरो की तारीफ की

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसेफ एशबैकर ने हाल के सफल प्रक्षेपणों के लिए इसरो की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष और विशेष कर चंद्र अन्वेषण में भारत की उपलब्धियां आश्चर्यजनक हैं।

अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक

ईएसए की ओर से पेरिस में 323वीं परिषद बैठक की मेजबानी की गई। एशबैकर ने कहा कि अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक है। हमने ईएसए परिषद में इसरो अध्यक्ष डा. एस सोमनाथ की मेजबानी की। यह प्रतिनिधियों के लिए ईएसए-इसरो के वर्तमान और भविष्य की योजनाओं के संबंधों में अधिक जानने का अवसर था। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ सहयोग को गहरा करने के रणनीतिक महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। मील के पत्थर वाले इन कदमों ने न सिर्फ वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को सुदृ कर दिया, बल्कि भारत में निजी क्षेत्रों को भी बढ़ावा देने का कार्य किया है।

### नई ऊंचाइयों पर पहुंचा भारतः अंतरिक्ष यात्री

अंतरिक्ष यात्री थामस पेस्केट भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल साफ्ट लैंडिंग और भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के प्रक्षेपण के साथ ही भारत 2023 में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा।